हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● मंगलवार ● 31.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 159 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## किसान संगठनों के आह्वान पर पंजाब बंद, रेल व सड़क यातायात प्रभावित

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के कई इलाकों में किसानों द्वारा लगाए गए 'बंद' के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। ये किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। रेल और सड़क यातायात पूरी तरह ठप हो गया, और राज्य के कई स्थानों पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। किसानों ने अपने बंद के आह्वान के तहत कई सड़कों पर धरने दिए, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने किसानों की एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग पर केंद्र द्वारा कार्रवाई न करने के विरोध में एक सप्ताह पहले इस बंद का आह्वान किया था। इससे पहले किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने अमृतसर में पत्रकारों को बताया कि आपातकालीन और अन्य आवश्यक सेवाओं को संचालन की अनुमति दी जाएगी। पंजाब में किसान संगठनों ने आज पंजाब बंद का आह्वान किया है। कई जिलों में इसका व्यापक असर दिख रहा है। किसान संगठनों के प्रतिनिधि सुबह से ही सड़कों पर आ गए और बाजार खुलने नहीं दिए। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से जारी हैं। किसान संघों द्वारा आज सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों और रेल पटरियों पर चक्का जाम का आह्वान किया गया था। ऐहतियातन रेलवे ने पंजाब आने-जाने वाली लगभग सभी ट्रेनें रद्द कर दी हैं। धारेरी जट्टन टोल प्लाजा में किसानों के धरने से पटियाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अमृतसर के गोल्डन गेट पर



किसान एकत्र होने लगे, जबकि बठिंडा के रामपुरा फूल में उन्होंने सड़कें अवरुद्ध कर दीं।

### दूध, फल और सब्जियों की आपूर्ति भी बाधित

बंद के दौरान दूध, फल, और सब्जियों की आपूर्ति भी रुक जाएगी क्योंकि कई व्यापारिक संगठनों ने इस आंदोलन का समर्थन किया है।

### कई संगठनों ने किया बंद का समर्थन

'पंजाब बंद' का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने किया है। सरवन सिंह पंधेर, जो दोनों मंचों के संयोजक हैं, ने बताया कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, कर्मचारी संघों, टोल प्लाजा कर्मियों, मजदूरों, पूर्व सैनिकों, सरपंचों, शिक्षकों और अन्य सामाजिक संगठनों ने बंद को समर्थन दिया है।

### लंबे समय से जारी है आंदोलन

किसान 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं, जब दिल्ली की ओर मार्च को सुरक्षा बलों ने रोक दिया था। किसान नेता जगजीत सिंह डाल्लेवाल का अनशन आज 34वें दिन में प्रवेश कर गया है।

### बस सेवाएं भी प्रभावित

पंजाब में सरकारी और निजी बस सेवाएं बंद रहेंगी। पीआरटीसी बस सेवा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निलंबित रहेगी, जबकि निजी बस ऑपरेटरों ने सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी सेवाएं रोकने का ऐलान किया है। किसान आंदोलन के बीच कई किसान संगठनों (किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा) ने 30, दिसम्बर सोमवार को पंजाब बंद के आह्वान को देखते हुए बठिंडा शहर में भी बंद का असर देखने को मिला। अमृतसर, गंगानगर, फाजिल्का को जाने वाले हाईवे पर कन्हैया चौक स्थित जाम कर दिए गए। यहां सब्जी मंडी, धोबी बाजार, सिरकी बाजार, माल रोड़ और प्रमुख बाजार बंद है। इसके साथ ही सरकारी बसें सड़कों पर नहीं चलने के कारण बस अड्डों पर खड़ी बसों के कारण यात्रियों की भारी भीड़ देखी गयी। किसानों द्वारा सड़कें जाम कर दी गई हैं।

---

### एक नजर

#### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन

**वाशिंगटन :** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एवं अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का रविवार को निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। कार्टर भारत की यात्रा करने वाले तीसरे अमेरिकी नेता थे और उनकी यात्रा के दौरान उनके सम्मान में हरियाणा के एक गांव का नाम उनके नाम पर कार्टरपुरी रखा गया था। सबसे लंबे समय तक जीवित रहे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कार्टर ने 1977 से 1981 तक इस पद पर सेवाएं दी थीं। मूंगफली की खेती करने वाले कार्टर ने 'वाटरगेट' घोटाले और वियतनाम युद्ध के बाद राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। वह 1977 से 1981 तक राष्ट्रपति रहे। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा, अमेरिका और विश्व ने आज एक असाधारण नेता, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी खो दिया। कार्टर के परिवार में उनके बच्चे- जैक, चिप, जेफ एवं एमी, 11 पोते-पोतियां और 14 परपोते-परपोतियां हैं। उनकी पत्नी रोजलिन और उनके एक पोते का निधन हो चुका है। कार्टर की पत्नी रोजलिन का नवंबर 2023 में निधन हो गया था। वह 96 वर्ष की थीं। चिप कार्टर ने कहा, मेरे पिता केवल मेरे लिए ही नहीं, बल्कि शांति, मानवाधिकारों और निःस्वार्थ प्रेम में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति के नायक थे। बाइडेन ने अपने बयान में कहा कि कार्टर ने करुणा और नैतिक मूल्यों के जरिए शांति स्थापित करने, नागरिक अधिकारों और मानवाधिकारों को प्रोत्साहित करने, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों को बढ़ावा देने, बेघरों को घर मुहैया कराने और वंचितों की हमेशा मदद करने की दिशा में काम किया।

---

#### मुख्यमंत्री ने राज्य में इको टूरिज्म के विकास के लिए कार्य योजना बनाने का अधिकारियों को दिया निर्देश

## वन और पर्यटन विभाग समन्वय बनाकर करें काम : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को राज्य में इको टूरिज्म के विकास के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार के साथ राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं एवं उन्हें विकसित करने निमित्त बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों



को रोजगार मिलने के साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके। सोरेन ने कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास के लिए झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करे, जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुए हैं वहां के इको टूरिज्म मॉडल का अध्ययन करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको टूरिज्म विकसित हो, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा।

---

## कैशियर से दिनदहाड़े 13 लाख की लूट विरोध करने पर एक को मारी गोली




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक कैशियर से 13 लाख रुपये लूट लिए। लूट की घटना का विरोध करने पर एक होटल मैनेजर को गोली मार दी। होटल मैनेजर का नाम सुमित कुमार बताया गया है। वह होटल लोटस के मैनेजर बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, आशीर्वाद आटा के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता आईसीआईसीआई बैंक में 13 लाख रुपये जमा करने पहुंचे थे। इसी दौरान तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने मारपीट कर और हथियार का भय दिखाकर रुपये लूट लिये। सभी बदमाश मुंह पर रुमाल बांधे हुए थे। बैग में 13 लाख रुपये थे। इसी बीच होटल लोटस के मैनेजर सुमित वहां पहुंच गये और हथियारबंद बदमाशों से भिड़ गये। इसी दौरान बदमाशों ने होटल के मैनेजर सुमित को गोली मार दी। उन्हें रिम्स भेजा गया है। ओपी के सब-इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपी जल्द पकड़े जायेंगे। नाकेबंदी कर छापेमारी की जा रही है।

---

## दो एके-47 के साथ नक्सली गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु जंगल के पास छापेमारी अभियान चलाकर भाकपा माओवादी नक्सली चंद्रदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस दौरान दो अत्याधिक एके-47 राइफल, 91 गोलियां सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली चंद्रदेव सिंह मनिका थाना क्षेत्र के कुई गांव का रहने वाला है। गिरफ्तार नक्सली चंद्रदेव सिंह माओवादी कमांडर छोटू



खरवार की हत्याकांड का भी अभियुक्त है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि माओवादियों का एक दस्ता मनिका थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में किसी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। सूचना के बाद डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गई और नक्सलियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाई गई। हालांकि पुलिस को आता देखकर नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने लगे। भागने के क्रम में ही पुलिस ने चंद्र देव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में सर्च अभियान चलाया गया तो घटनास्थल से दो एके-47 राइफल, 91 गोलियां सहित अन्य सामान भी बरामद किए गए।

---

## केजरीवाल का बड़ा एलान, सरकार बनने पर ग्रंथियों और पुजारियों को मिलेगा 18 हजार रुपये महीने वेतन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' शुरू करने का एलान किया। इसके तहत उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में उनकी पार्टी के दोबारा चुने जाने पर हिंदू मंदिरों के पुजारियों और सिख गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000



रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। दिल्ली विधानसभा में आआपा के लिए लगातार चौथी बार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे केजरीवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस योजना के लिए कल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। मंगलवार को मैं खुद कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इसकी शुरुआत करूंगा। उसके बाद दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भी इसे आगे बढ़ाया जाएगा। आआपा द्वारा यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब वह चुनावों में भाजपा और कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार कर रही है। केजरीवाल ने दोनों पार्टियों पर निशाना साधते हुए उनसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह के कल्याणकारी उपायों को अपनाने का आग्रह किया।

---

## एमआरएमसीएच में मैन पॉवर की कमी तीन दिनों में दूर करें, कल से लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी : वित्त मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को मेदिनीनगर के सर्किट हाउस में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को लेकर हुई बैठक में सफाई को लेकर विशेष रूप से चर्चा की। पाया गया कि 300 बेड वाले एमआरएमसीएच में 135 सफाई कर्मियों को तीन शिफ्ट में लगाना है लेकिन यहां मात्र 51 कर्मी ही कार्यरत हैं। दिसंबर 2024 तक 47 कर्मियों की ही हाजिरी बनी हुई पाई गई। इसके बाद मंत्री मैनपॉवर देने वाली कंपनी बालाजी पर भड़क गए और उन्होंने तीन दिनों के भीतर सरकार के एग्रीमेंट के अनुसार 135 कर्मियों को एमआरएमसीएच में लगाने का



निर्देश दिया। मंत्री ने यह भी कहा कि एक जनवरी से सारे कर्मियों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक बनेगी और उसके अनुसार भुगतान किया जाएगा। जो 47 कर्मी पाए गए, उन्हें भी उचित मजदूरी नहीं मिल रही है। इस मामले में श्रम अधीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री ने कुछ दिन पहले एमआरएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था और कई मामलों में सुधार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। इसी के आलोक में मंत्री ने जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डॉक्टर आरके रंजन, एमआरएमसीएच के प्रिंसिपल, नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, एडिशनल कलेक्टर, श्रम अधीक्षक और बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर के साथ बैठक की। मंत्री ने यह भी कहा कि बैठक के दौरान सामने आया कि जून 2024 से आयुष्मान में भुगतान नहीं हो पाया है। इस कारण आयुष्मान के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। रांची जाकर आयुष्मान के अधिकारियों से बात की जाएगी और एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने की कोशिश होगी, ताकि आयुष्मान कार्ड के आधार पर इलाज कराने वाले रोगियों को आर्थिक लाभ मिल सके। वित्त मंत्री ने एमआरएमसीएच परिसर में पुलिस फोर्स की तैनाती करने का निर्देश दिया है। पुलिस से रिलेटेड चाहे पोस्टमार्टम का मामला हो या फिर डॉक्टर को सुरक्षा देने का, सभी में अस्पताल में कार्यरत पुलिसकर्मी ही कार्य करेंगे। अस्पतालकर्मियों को पुलिस केस में थाने का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी के लिए मंत्री ने पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन से बात की और जल्द से जल्द पदाधिकारी और जवानों की तैनाती करने का निर्देश दिया। पुलिस के रहने के लिए भी व्यवस्था करने को भी कहा गया है। मंत्री ने जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल को सामुदायिक स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में भी मैन पावर के अनुसार सप्ताह में एक या दो दिन जरूर डॉक्टरों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों का इलाज हो सके।

---

#### शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि भवन का किया औचक निरीक्षण

## झारखंड में अब एक एकड़ से कम क्षेत्रफल वाले निजी तालाबों का भी होगा जीर्णोद्धार : मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में अब एक एकड़ से कम में बने निजी तालाबों का भी सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। अगले वित्तीय वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का प्लान तैयार हो अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके निर्देश कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को कांके कृषि भवन के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम एक एकड़ और अधिक से अधिक पांच एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मंत्री ने विभाग के जरिये आने वाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसी सब्जियों का दर दूसरे राज्य के व्यापारी आकर कम कर रहे हैं। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर चले जाने को लेकर नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस से लेकर नये साल या दूसरे पर्व त्योहार मनाना जरूरी है लेकिन इसका काम पर असर नहीं पड़े, इसका ध्यान रखना चाहिए।

## एक नजर

### बच्चों के लिए शीतकालीन शिविर का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : दर्पण संस्था द्वारा ओरिया पंचायत मे समुदाय के बीच, हजारीबाग में एक शीतकालीन शिविर का आयोजन किया गया, जिसे दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में 100 स्थानीय बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने कबड्डी, नॉक द कोन्स, ब्लाइंडफोल्ड ट्रेजर कलेक्शन, मेंढक दौड़, 100 मीटर दौड़ और बिस्किट खाने जैसी कई शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बहेरी पंचायत के मुखिया पवन यादव ने किया। इस शिविर का उद्देश्य शारीरिक साक्षरता को बढ़ावा देना, जीवन कौशल सिखाना और बच्चों को उनके स्कूलों से जोड़ना था। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्वयंसेवक विवेकानंद, आशीष कुमार, राजेश कुमार, और विशाल यादव, साथ ही कार्यक्रम प्रबंधक उपासना वर्मा, सेजल सिंह और करण कुमार पांडे ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### लोगों की सहायता का दौर जारी रहेगा : सुषमा केशरी

**चौपारण** : बढते हुये ठंड में गरीब और वंचित वर्ग हमेशा से हाशिये पर आ जाते हैं। जागरुक समाज अब अपने नैतिक कर्तव्यों का अनुपालन करते गरीब परिवारों के यथासंभव मदद में सामने आ रहें हैं। इसी कडी में साल के अंतिम सोमवार को चौपारण क्वींस की सक्रिय सदस्यों ने विलुप्त प्राय: आदिम जनजाति के दर्जनों परिवारों के बीच ठंड से बचने के लिए कंबल उपलब्ध करवाया। लगातार गरीबों की मदद के लिए बढ़ रही है चौपारण क्वींस की सदस्यों ने मुख्यालय से लगभग बारह किमी दूर कठंबा गाँव के बिरहोर टोला पहुँच कर मानवीय संवेदना के तहत सभी गरीबों को कंबल दिया। इस दौरान पचास से अधिक लोगों को कंबल दिया गया। वहीं मौजूद सभी बच्चों को अल्पाहार भेंट की। इसमे मुख्य रूप से सुषमा केशरी, श्वेता केशरी, रेशमी अग्रवाल, श्वेता सिंह, नीतू केशरी,पल्लवी केशरी, पिंकी केशरी, किरण केशरी, संगीता गुप्ता, नंदनी केशरी, रीता केशरीआदि का योगदान रहा, साथ में आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन से धीरेन्द्र केशरी, रोहित जैन, दिलीप राणा, शशि शेखर, प्रकाश केशरी, सन्नी मित्तल, उपमुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, उमेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने बिरहोर परिवारों की गरीबी को नजदीक से देखा। आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन द्वारा कुरहा में रहने वाली कुंती बिरहोरिन के लिए नया आवास बनाये जाने का भी निर्णय लिया गया। सभी ने मदद का आशवासन भी दिया।

### आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने रांची के प्रमुख स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

**बरही** : हजारीबाग रोड स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दी आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों ने 2024 के अंतिम माह में रांची के प्रमुख शैक्षणिक और पर्यावरणीय स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा में छात्रों का मार्गदर्शन उनके शिक्षकों ने किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, भूगोल और पर्यावरण से संबंधित नई जानकारियां अर्जित करना था। विद्यार्थियों ने सबसे पहले रांची स्थित साइंस सिटी और तारामंडल का दौरा किया, जहां उन्होंने विज्ञान और खगोल विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साइंस सिटी में उन्होंने विभिन्न प्रयोगों और प्रदर्शनियों के माध्यम से आधुनिक विज्ञान के पहलुओं को समझा।

# खिलाड़ियों के उत्साह और तीरंदाजी के उज्ज्वल भविष्य को देखकर बेहद खुश हूं : प्रदीप प्रसाद


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित 9वीं जिला तीरंदाजी चैम्पियनशिप का समापन हजारीबाग स्टेडियम में सफलता पूर्वक हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए खास अनुभव लेकर आया। इस प्रतियोगिता के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिरकत की। संघ के द्वारा आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया इसके बाद श्री प्रसाद ने स्वयं तीरंदाजी खेल का आनंद लिया,जिसके बाद उन्होंने न केवल प्रतियोगिता का आनंद लिया बल्कि खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए विजेताओं को मोमेंटो प्रदान किया। खिलाड़ियों के प्रति उनका प्रोत्साहन और स्नेह सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के चेहरे पर उमंग और आत्मविश्वास देखने को मिला, जो इस आयोजन की सफलता का प्रतीक था। मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे खेल आयोजन न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास और स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। मैं इस आयोजन का हिस्सा बनकर बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। हजारीबाग में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं न केवल हमारे युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि उन्हें अपने कौशल को निखारने का एक बड़ा मंच भी प्रदान करती हैं। मैंने खिलाड़ियों के उत्साह और उनके चेहरे पर जो उमंग देखी, वह यह साबित करती है कि तीरंदाजी का भविष्य हमारे क्षेत्र में उज्ज्वल है। मैं हजारीबाग तीरंदाजी संघ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं और आश्वस्त करता हूं कि खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे जिले का नाम रोशन कर सकें साथ ही कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की। ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं को प्रेरणा मिलती है, बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन होता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बगोदर ने भी उपस्थिति दर्ज की। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में हजारीबाग तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। संघ के उपाध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव मनोज कुमार, और संयुक्त सचिव अबोध राम ने पूरे कार्यक्रम की बारीकी से निगरानी की। साथ ही, संघ के सदस्य अनिल राणा, प्रदीप मुखर्जी, नीलम कुमारी, राजीव कुमार, और दुर्गेश कुमार सिंह ने आयोजन में अपनी अहम भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान तीरंदाजी को लेकर खिलाड़ियों में जो जोश और उत्साह देखा गया, वह यह साबित करता है कि यह खेल क्षेत्रीय स्तर पर भी उभर रहा है। आयोजकों ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस प्रतियोगिता ने न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित किया बल्कि हजारीबाग को खेल जगत में एक नई पहचान दिलाने का काम किया। संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा की हमारा उद्देश्य तीरंदाजी जैसे खेल को हजारीबाग में बढ़ावा देना और नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के जरिए हमने प्रतिभाओं को एक मंच देने का प्रयास किया है।

## अमानवीय कृत्य समाज के लिए कलंक, बर्दाश्त नहीं : किशोरी राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : नव झारखंड फाउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा की यह घटना न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए कलंक है। अनिता कुमारी के साथ हुए इस अमानवीय कृत्य ने हर व्यक्ति को झकझोर कर रख दिया है। यह आंदोलन न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। मेरी प्रशासन से मांग है कि आरोपी एसडीओ अशोक कुमार को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा हो। यह लड़ाई केवल अनिता कुमारी के लिए नहीं, बल्कि समाज की हर बहू-बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए है। शहर के नागरिकों ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से जांच कर न्याय सुनिश्चित करें। शहर की बहू-बेटी का सम्मान हम सभी का कर्तव्य है इस तरह के अमानवीय कृत्य करने वाले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डीडीसी, शिखर झारखंड व इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में कंबल वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के सहयोग से शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान मे 29 दिसंबर को सरदार चौक, कोर्रा एवं कूद पिपराडीह, भुइयां टोला में सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस सराहनीय पहल का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करना है। उप विकास आयुक्त ने शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट को यह जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसे दोनों के संयुक्त तत्वाधान में सफलतापूर्वक चिन्हित लोगों को कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में हजारीबाग उप विकास आयुक्त एवं उनकी धर्मपत्नी रूबीना परवीन ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद हुसैन, काशिफ अदीब, प्रेम कुमार, बिमला देवी, शाहिद रजा,मो कामिल और अन्य सदस्यगण सक्रिय रूप से शामिल थे। शिखर झारखंड, रांची एवं हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के सदस्यों ने मिलकर कंबलों का वितरण किया और इस कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। शिखर झारखंड के सदस्यों ने बताया कि हमारा मकसद सिर्फ जरूरतमंदों की मदद करना नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी है। हम चाहते हैं कि अन्य लोग भी इस तरह के कार्यों में आगे आएं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उप विकास आयुक्त ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इस ठंड में कंबल वितरण का महत्व अधिक है। कई लोग ऐसे हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं। हम चाहते हैं कि हमारी छोटी-सी कोशिश से उनकी जिंदगी में कुछ सुधार हो सके।

## मानव तस्करी मामले में सतर्क रहने की है जरूरत : गणेश यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : जन विकास केंद्र हजारीबाग द्वारा महिला एवं बाल व्यापार रोकथाम एवं पुनर्वास कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बरही पूर्वी सचिवालय में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मानव तस्करी के खतरों को उजागर करना और इसके रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना था। कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मानव तस्करी से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव ने कहा कि मानव तस्करी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से उन लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है जो रोजगार की तलाश में बाहर जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे केवल परिचित और विश्वसनीय व्यक्तियों के साथ ही बाहर जाएं। सपोर्ट संस्था से प्रेम हंसदा ने बताया कि नाबालिग बच्चे फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से गलत संगत में पड़ जाते हैं, जिससे वे मानव तस्करी का शिकार बनते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। पत्रकार जावेद इस्लाम ने बताया कि सोशल मीडिया मानव तस्करी का एक बड़ा जरिया बन चुका है। इसके माध्यम से बच्चे एक-दूसरे से संपर्क कर यौन शोषण और मानव तस्करी जैसी घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जिला कोऑर्डिनेटर सुरेश कुमार ने मानव तस्करी के कारणों पर प्रकाश डालते हुए ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जागरूकता और सतर्कता से इन घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यशाला में कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## समय सीमा के अंदर सदस्यता अभियान पूर्ण करें : राकेश प्रसाद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : झंडा चौक स्थित सांसद कार्यालय में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु सदस्यता जिला टोली एवं मंडल टोली की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला संयोजक दामोदर सिंह द्वारा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि बतौर प्रदेश संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित हुए एवं विशिष्टअ तिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद ने कहा की समय सीमा के अंदर हजारीबाग में सदस्यता पूर्ण कर लेनी है । सदस्यता कार्यक्रम 2 सितंबर से की जानी थी परंतु झारखंड के साथ-साथ चार राज्यों में चुनाव होने के कारण विधिवत 22 दिसंबर 24 से शुरू की गई जो 15 जनवरी 25 तक चलेगा। इसके पहले मंडल एवं जिला स्तर पर कार्यशाला भी की गई प्रत्येक बुथों पर दो सक्रिय सदस्य बनाने का भी निर्देश दिया गया इस तरह मंडल में काम से कम 100 सक्रिय सदस्य बनना है। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा की सदस्यता में हजारीबाग पुरे झारखंड में अव्वल रहेगा।

# एसडीओ की पत्नी अनीता देवी मामले में जांच के लिए एसआईटी टीम गठित, घटनास्थल का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सदर एस डी ओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी मामले की अनुसंधान के लिए हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गोपनीय पत्र जारी किया गया है। इस घटना को लेकर एसआईटी टीम का गठन किया गया है। पत्र में जिक्र किया गया है कि उक्त कांड का अनुसंधान एवं उद्भेदन हेतु अमित आनंद अनुमंडल पुलिस अधिकारी सदर के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया है। एस आई टी टीम ने सोमवार को सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक अनुभव भारद्वाज एवं लोहसिंघना थाना के प्रभारी संदीप कुमार जांच करने के लिए पहुंचे। जहां जांच करने के दौरान आवास के अंदर कर्मियों से पूछताछ की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर लगभग एक घंटे से अधिक समय तक जांच किया गया। बताते चलें कि हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की मौत की गुत्थी को सुलझाने के लिए हजारीबाग पुलिस जांच की प्रकिया तेज कर दिया है। हजारीबाग एसपी ने घटनास्थल का स्वयं जांच करने पहुंचे। इस दौरान दो लोगों से एसपी ने खुद पूछताछ की। बताया जाता है कि इस प्रकरण में अब तक कई लोगों से पूछताछ की गई है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों एफएसएल की टीम भी जांच करने के लिए पहुंची थी। सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास में ही उनकी पत्नी झुलस गई थी। आनन-फानन में हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में लाया गया। वहां से बोकारो रेफर किया गया। बोकारो से रांची के देव कमल अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान अनीता देवी की मौत हो गई । घटना के बाद ही अशोक कुमार के ससुराल वालों ने उन पर और उनके परिवार वालों के ऊपर षड्यंत्र कर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से यह मामला हजारीबाग में काफी तूल पकड़ लिया। परिवार वालों का यह भी कहना है कि किसी महिला के साथ इनका संबंध होने से घर में अक्सर विवाद होता था और यही विवाद के कारण ही यह घटना घटी है। घटना को लेकर लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज कराते हुए मामले न्याय की गुहार लगाई है ।मामले के सूचक एस डी ओ के साला राजू कुमार गुप्ता है। उसने एसडीओ अशोक कुमार समेत चार लोगों को आरोपी बनाया है। जिसमें एसडीओ के पिता दुर्योधन साव छोटा भाई शिवनंदन कुमार एवं छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल है।


## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र में शांति और लोगों के साथ संवाद स्थापित करना हमारी प्राथमिकता : चंद्रशेखर



**बरही** : इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने बरही सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। चंद्रशेखर कुमार को इस नई जिम्मेदारी के साथ इलाके में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण रखने की चुनौती सौंपी गई है। चंद्रशेखर कुमार पहले भी बरही में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी पूर्व की सेवाओं के दौरान कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की सराहना की गई थी। उनकी कार्यशैली और अनुशासन के कारण वे पहले ही क्षेत्र के लोगों के बीच लोकप्रिय रहे हैं। नए सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराध पर लगाम लगाना, क्षेत्र में शांति बनाए रखना और लोगों के साथ संवाद स्थापित करना रहेगा। उन्होंने बरही के नागरिकों से अपील की कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### चौपारण के चोरदाहा चेकपोस्ट पर शराब लदा वाहन जब्त



**चौपारण** : सोमवार को चौपारण पुलिस ने चोरदाहा चेकपोस्ट पर शराब लदा वाहन किया जप्त। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चतरा, ईटखोरी की तरफ से एक पिकअप वाहन सं0- बीआरड1जीएफ-2522 आ रही है। जिसपर भारी मात्रा में अवैध रुप से अंग्रेजी शराब लदा हुआ है जो चौपारण होते हुए बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर थाना प्रभारी चौपारण के द्वारा सशस्त्र बल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट के समीप वाहनो का सघन चेकिंग किया गया, चेकिंग के दौरान उक्त पिकअप वाहन सं0- बीआर01जीएफ-2522 के चालक अपनी गाड़ी को चोरदाहा चेकपोस्ट से 200 मीटर पहले गाड़ी से उतरकर भाग गया। उक्त पिकअप को तलाशी लेने पर गाड़ी के अन्दर कुल 95 पेटी नाइट क्वीन कंपनी का अंग्रेजी शराब पाया गया। जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया, एंव इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड सं0-420/24 अंकित कर संलिप्त अभियुक्तो के विरुद्ध अनुसंधान एंव छापामारी किया जा रहा है। बरामद सामानों का विवरणी-1.पिकअप वाहन सं0- बीआर 01जीएफ-2522 2.नाइट क्वीन कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 20 पेटी 3.नाइट क्वीन कंपनी का अंग्रेजी शराब 375 एमएल 35 पेटी 4.नाइट क्वीन कंपनी का अंग्रेजी शराब 180 एमएल 40 पेटी कुल-95 पेटी जप्त किया गया। छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी पु०अ०नि० अनुपम प्रकाश,पु०अ०नि० सुबिन्द्र राम,स०अ०नि० बादल कुमार महतो एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गुरु गोविंद सिंह जी की शिक्षा समाज की एकता और सेवा का पाठ पढ़ाती : चंद्र प्रकाश जैन



**हजारीबाग** : गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के उपलक्ष्य में सिख समुदाय द्वारा शहर में पांच दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। इस क्रम में सोमवार को सुभाष मार्ग स्थित भारत शुभम खंडेलवाल स्कूल के समीप प्रभात फेरी पहुंचने पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने सर्वप्रथम सिख समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और उन्हें मेवे के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में रोहित बजाज ने अपनी भूमिका अदा की। इस आयोजन में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से गुरु गोविंद सिंह जी के विचारों और संदेशों को आत्मसात करने की प्रेरणा ली। सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस स्वागत आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने इसे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने वाला कदम बताया,समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलता है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन त्याग, सेवा, और एकता का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं हमें समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने और सभी के साथ समान व्यवहार करने का संदेश देती हैं। सिख समुदाय द्वारा निकाली जा रही यह प्रभात फेरी हमारे समाज को एकजुटता और आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाती है। हजारीबाग यूथ विंग ऐसे पवित्र आयोजनों में योगदान देने को हमेशा तत्पर है। प्रभात फेरी के स्वागत कार्यक्रम ने स्थानीय निवासियों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल पैदा कर दिया। प्रभात फेरी में सिख समुदाय के सदस्यों ने अपने परंपरागत वाद्ययंत्रों और भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

### रांची की नेहा पटवारी को मिला मारवाड़ी युवा मंच का सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार



**हजारीबाग** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का गुजरात के गांधी धाम में आयोजित चार दिवसीय 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन मे राष्ट्रीय रक्तदान संयोजक राजधानी रांची की नेहा पटवारी को सत्र 2023- 25 के लिए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर ने सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से अलंकृत किया। इस अवसर पर सुरेंद्र ने कहा कि आपसे पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि मंच को इसी तरह अपनी सेवा देकर मंच के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए एक नया इतिहास गढ़ने का कार्य नि:स्वार्थ भावना से निरंतर करते रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मंच की नारी शक्ति तेजी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उसी कड़ी को नेहा पटवारी ने अपने कार्यों के द्वारा सेवा कार्य कर परचम लहराया है। नेहा पटवारी को सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय कार्य समिति सदस्य संजय सर्राफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए नेहा पटवारी को बधाई देते हुए कहा है कि सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार मिलना झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने समाज के गौरव को बढ़ाते हुए गौरवान्वित की है। नेहा पटवारी समर्पण शाखा रांची की पूर्व अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच में मुख्यालय उपाध्यक्ष पर रहते हुए भी राष्ट्र के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से अलंकृत हुई थी।

## एक नजर

### आठ आइएएस अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

रांची : राज्य सरकार ने एसडीओ रैंक के आठ आइएएस अफसरों को सीनियर टाइम स्केल में प्रोन्नति दे दी है। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में शताब्दी मजूमदार, उत्कर्ष कुमार, आशीष गंगवार, श्रीकांत यशवंत, ओमप्रकाश गुप्ता, सन्नी राज, अनिमेश रंजन और रिया सिंह शामिल हैं। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### नेहा को मिला मारवाड़ी युवा मंच का सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार

रांची : राष्ट्रीय रक्तदान संयोजक रांची की नेहा पटवारी को सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के गुजरात के गांधीधाम में आयोजित चार दिवसीय 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन में मिला। नेहा को यह पुरस्कार सत्र 2023-25 के लिए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर ने दिया। इस अवसर पर सुरेंद्र भट्टर ने कहा कि आपसे पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि मंच को इसी तरह अपनी सेवा देकर मंच के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए नया इतिहास गढ़ने का कार्य नि:स्वार्थ भावना से निरंतर करते रहेंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मंच की नारी शक्ति तेजी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उसी कड़ी को नेहा पटवारी ने अपने कार्यों के द्वारा सेवा कार्य कर परचम लहराया है। नेहा पटवारी को सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय कार्य समिति सदस्य संजय सर्राफ ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार मिलना झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने समाज के गौरव को बढ़ाते हुए गौरवान्वित किया है। नेहा पटवारी समर्पण शाखा रांची की पूर्व अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच में मुख्यालय उपाध्यक्ष पर रहते हुए भी राष्ट्र के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से अलंकृत हुई थी।

### ऑल इंडिया इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप में झारखंड की नम्रता बनी चैंपियन

रांची : रांची योग कल्चर के द्वारा आयोजित 28वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप 2024 का सोमवार को देशप्रिय क्लब में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता में झारखंड की नम्रता कुमारी चैंपियन ऑफ चैंपियन बनी। समापन समारोह में स्वामी दिव्यानंद महाराज, सुमित घोष, आराधना देवरिया (अमेरिका), घनश्याम दास, स्वाति सरकार, डॉक्टर रीमा सेन गुप्ता, प्रनव चौधरी मौजूद थे। रांची योग कल्चर की शेफाली चक्रवर्ती ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता 6 ग्रुप में आयोजित की गई, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा झारखंड के प्रतिभागियों ने भाग लिया। रांची योग कल्चर के इन्द्रजीत चक्रवर्ती ने बताया कि समारोह के प्रथम सत्र में टाइटल राउंड आयोजित किया गया। जिसमें ग्रुप मे आए प्रथम द्वितीय और तीसरे नंबर के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### 38वीं नेशनल गेम्स के लिए झारखंड स्क्वैश टीम का चयन

रांची : झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की मेजबानी में 30 दिसंबर को झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन फिरायालाल स्थित क्रॉस कोर्ट रांची में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे राज्य भर से लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें चार पुरुष और चार महिला का चयन किया गया।

# झारखंड में हर दिन औसतन पांच लोगों की हो रही हत्या : बाबूलाल मरांडी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में प्रतिदिन औसतन पांच लोगों की हत्या हो रही है। मरांडी ने राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से लिखा है कि इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं, बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिए गए हैं। झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है।


बाबूलाल ने लिखा है कि विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन मुख्यमंत्री नागरिकों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बढ़ता अपराध आमलोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है। यदि तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## क्राइम सिटी बन गयी है रांची जंगलराज की हुई वापसी : सेठ



रांची : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को राजधानी रांची में दिनदहाड़े लूट एवं युवक को गोली मारने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि आखिर रांची की पुलिस कर क्या रही है। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं। प्रशासन मौन है। जंगलराज की वापसी हो चुकी है। रांची क्राइम सिटी बन गयी है। सरकार को कोई मतलब नहीं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। सेठ ने कहा कि क्या सरकार, प्रशासन और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। इन अपराधियों के सामने सरकार और प्रशासन पंगु बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रांची में आज मर्डर हुआ यह खबर नहीं बनती। खबर यह बनती है कि रांची में आज मर्डर नहीं हुआ या कोई आपराधिक घटनाएं नहीं हुई। साथ ही कहा कि रांची में कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है। दिनदहाड़े पैसे लूट लिए जाते हैं। सभी थाने और अधिकारी बालू के अवैध धंधे में लिप्त हैं। पैसे की उगाई का खेल चल रहा है। जनता मर रही है और बाबू लोग मस्त हैं।सेठ ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार और प्रशासन धैर्य की परीक्षा ना ले। सभी वर्गों में आक्रोश है। यदि सरकार और प्रशासन नहीं चेते तो इसका खामियाजा भुगतना होगा।

## बिरसा जू में नए साल को लेकर खास तैयारी, सोमवार को भी खुला रहेगा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची का बिरसा जू नए साल के लिए तैयार है। पर्यटकों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। दो जनवरी तक के लिए सिस्टम में कुछ बदलाव किये गये हैं। सोमवार को बंद रहने वाला जू छह जनवरी जिस दिन सोमवार है उस दिन भी खुला रहेगा। 2 जनवरी 2025 तक प्रति वयस्क टिकट दर 70 रुपए रखा गया है। जबकि 3 साल से 12 साल के बच्चों के लिए 30 रुपए का टिकट लगेगा। इन तीन दिनों तक ग्रुप टिकट की व्यवस्था नहीं रहेगी। इस बार आप नये जानवरों को भी देख पाएंगे। जिसमें सफेद बाघ, सफेद तेंदुआ, सफेद मोर, सफेद हिरण और गंध मृग जैसे दुर्लभ वन्यजीव शामिल है।

जू प्रशासन की ओर से 31 दिसंबर से लेकर दो जनवरी तक पांच अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं। जहां से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक टिकट खरीदा जा सकता है। भीड़ को देखते हुए तीन दिन जू प्रशासन ने जू के दोनों ओर गाड़ी खड़ा करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त निजी लोग भी सड़क के दोनों किनारों को घेरकर पार्किंग भी व्यवस्था भी करेंगे।

सवाल है कि रांची के बिरसा जैविक उद्यान में ऐसा क्या है कि लोगों को अपने परिवार के साथ नववर्ष के पल बिताने के लिए यहां आना चाहिए। तो बता दें कि यहां 91 प्रजातियां संरक्षित हैं। जिसमें 41 पक्षी, 31 स्तनधारी और 19 सरीसृप शामिल हैं. इसके अलावा दरियाई घोड़ा, लकड़बग्घा, सांभर, चीतल, कृष्णामृग जैसे जीवन के नवजात आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

## खादी एवं सरस महोत्सव में 11वें दिन पहुंचे 10,000 लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के 11वें दिन लगभग 8,000 टिकट बिके एवं लगभग 10,000 लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे। परंतु महोत्सव घूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के स्टाल में लाख की चूड़ियां, हैंगिंग बेल, प्राचीन व्यंजन जुट के बैग, बांस के फर्नीचर, हैंगिंग लाइट्स इत्यादि के स्टाल में भारी भीड़ देखी जा रही है झारक्राफ्ट के स्टाल में तसर, घीचा, कटिया मेटेरियल, साड़ियां, सूट पीस, रेडीमेड सूट और रॉ मैटेरियल, इत्यादि की बिक्री खूब हो रही है पलाश जेएसएलपीएस के स्टालों में हस्त निर्मित आचार, गुड, चूड़ा, सोना चूर चावल, पापड़, बाजरा, रागी, मड़वा आटा, चावल के आटा, गृह सज्जा के समान, ज्वेलरी, झारखंडी परंपरागत परिधान जैसे शॉल, साड़ी, बंड़ी इत्यादि की काफी खरीदारी की जा रही है। आज महोत्सव में ट्रांसजेंडर ग्रुप द्वारा भ्रमण किया गया। महोत्सव में घूम कर उन्हें बहुत अच्छा लगा उन्होंने जीवंत प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि रेशम के कीड़े से रेशमी वस्त्र बनने की प्रक्रिया देखना अद्भुत रहा। उन्होंने दोबारा महोत्सव घूमने की इच्छा जाहिर की मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। महोत्सव परिसर में छोटे शिष्यों को स्तनपान कराने हेतु बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माता को बहुत सुविधा हुई। महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई है। महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगिकी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग 3 करोड़ रुपए की रही है।

## पार्किंग नियमों की अनदेखी करने पर सील किये जायेंगे व्यावसायिक भवन : नगर निगम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : पार्किंग नियमों की अनदेखी करने पर व्यवसायिक भवनों के खिलाफ अब कार्रवाई होगी। चिह्नित भवनों को सील किया जायेगा और तोड़े जाने की भी कार्रवाई हो सकती है। रांची नगर निगम ने एक पत्र जारी व्यवसायिक भवनों के मालिक और दुकानदारों से कहा है कि वे पार्किंग नियमों के अनुसार ही अपने भवन के सामने वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित करें।

जारी पत्र में निगम ने कहा है, आमतौर पर यह देखा जा रहा है कि शहर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों वाले भवनों के लिए जो चिन्हित पार्किंग है, उसका पार्किंग के जगह पर दूसरे प्रयोग में लाया जा रहा है। प्रतिष्ठान वाले अपने गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ी कर रहे हैं। साथ ही साथ कई दुकानदारों द्वारा अपने क्षेत्र से बाहर सामान रखकर व्यवसाय किया जा है, जिससे यातायात बाधित हो रही है। सफाई कार्य में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो भवन प्लान अधिनियम तथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 का स्पष्ट उल्लंघन है।

नगर निगम ने कहा है, प्रतिष्ठानों के मालिक से अपील है कि 3 दिनों के अन्दर अपने वाहनों का पार्किंग, भवन में चिन्हित पार्किंग स्थल में ही करना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही वैसे प्रतिष्ठान जिन्होने अपने चिन्हित पार्किंग स्थल जो भवन के बिल्डिंग प्लान में निगम द्वारा पारित किया गया है, उसमें बदलाव कर दूसरे कार्य (दुकान / गोदाम, अन्य) में प्रयोग में लाया जा रहा है, उसे सुधारें और पार्किंग के रूप में प्रयोग करें।

## तीन जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनेगी जयपाल सिंह की जयंती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि तीन जनवरी को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस व 1925-2025 ऑक्सफोर्ड ब्लू खिताब का स्वर्णिम समारोह के रूप में मनाया जायेगा। इस मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत करते हुए जायेंगे। आंदोलनकारी लाल व हरे रंग का झंडे लिए रहेंगे। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, संयोजक रामनाथ मेहता शामिल थे।

## मुख्यमंत्री रहते हेमन्त सोरेन की गिरफ्तारी बनी देशव्यापी चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड वर्ष 2024 में कई मामलों को लेकर देशव्यापी चर्चे में रहा। झारखंड के मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और इनके मंत्रिमंडल में शामिल कांग्रेस के दिग्गज नेता सह तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री आलमगीर आलम की टेंडर घोटाले मामले में गिरफ्तारी भी सुर्खियों में रहा। इसी प्रकार विकास की दृष्टि से दिल्ली और मुंबई महानगरों की तर्ज पर बने कोटाटोली फ्लाई ओवर ने राज्य को सकारात्मक पहचान दिलाई।

### साल 2024 की खास घटनाएं

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़गाई अंचल में 8.5 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इसके पांच माह बाद 28 जून को झारखंड हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन को यह कहते हुए जमानत दी कि उनके खिलाफ पुख्ता साक्ष्य नहीं हैं।

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट से लगभग 35 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में 15 मई को पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में हैं। कांटाटोली फ्लाइओवर आठ साल की जद्दोजहद के बाद कोकर के शांतिनगर से योगदा सत्संग आश्रम तक रांची का पहला कांटाटोली फ्लाइओवर बना। इसके निर्माण में 224.94 करोड़ रुपये खर्च हुए। इससे लोगों को सड़क जाम से निजात मिली। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के 2025 पदों पर नियुक्ति के लिए एक दशक से प्रोसेस चल रहा है। इस साल 28 जनवरी को परीक्षा हुई। पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी। अभ्यर्थियों के उग्र प्रदर्शन के बाद जेएसएससी के चेयरमैन नीरज सिन्हा को इस्तीफा देना पड़ा। दूसरी बार सीजीएल के पदों पर नियुक्ति के लिए 21 और 22 सितंबर को परीक्षा हुई। इस बार अभ्यर्थी पेपर लीक समेत गड़बड़ियों को लेकर आंदोलन चला रहे हैं। विरोध के बीच सीजीएल परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी कर दी। पेपर लीक सहित अन्य गड़बड़ियों को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने सीजीएल परीक्षा के फाइनल रिजल्ट पर रोक लगा दी है। गत 16 दिसंबर को परीक्षा का विरोध कर रहे जेएलकेएम छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था और हिरासत में ले लिया था।

### इन आरोपियों को इस वर्ष मिली जमानत

इस वर्ष झारखंड हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस में जेल में बंद कई आरोपियों को जमानत की सुविधा प्रदान की है। ये भी इस वर्ष काफी चर्चा में रहा। साहेबगंज जिले में अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में प्रमुख अभियुक्त पंकज मिश्रा के लिए भी यह वर्ष अच्छा रहा। करीब 30 महीने से ज्यादा समय से जेल में बंद रहने के बाद इस वर्ष 21 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने पंकज मिश्रा को जमानत दे दी है, जिसके बाद वह जेल से बाहर हैं। अवैध खनन और भूमि घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित और झारखंड में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश को भी इसी वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है, जिसके बाद वह जेल से बाहर हैं। प्रेम प्रकाश को लगभग 18 महीने जेल में रहने के बाद जमानत मिली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने राज्य में पहली गिरफ्तारी सीनियर आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की हुई थी। उन्हें एजेंसी ने मई 2022 में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह जेल की सलाखों में कैद थी लेकिन बीएनएस कानून के तहत उन्हें इसी महीने सात दिसंबर को जेल से रिहा किया गया। करीब 28 महीने जेल में रहने के बाद पूजा सिंघल जेल से बाहर आ पायी। झारखंड हाई कोर्ट से शराब घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के प्रमुख आरोपित योगेंद्र तिवारी को भी इस वर्ष जमानत मिली है। हाई कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी को तीन सितम्बर को जमानत दी थी। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### देर रात चला एंटी क्राइम जांच अभियान



रांची : राजधानी रांची में नए साल को लेकर रविवार की देर रात एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस ने मेन रोड से लेकर रातु रोड तक सड़क पर पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान बार-रेस्टोरेंट से लेकर सड़क पर वाहनों की जांच की गई। इसके अलावा नशे में वाहन चलाने वालों की भी जांच हुई। उल्लेखनीय है कि नए साल के स्वागत को लेकर पूरे झारखंड में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है। वहीं, साल खत्म होने से पहले पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय के राज्य के सभी जिलों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं।

### सोमवती अमावस्या पर श्रीश्याम मंदिर में महास्नान अनुष्ठान का हुआ आयोजन



रांची : श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुये। प्रात: मंगल आरती व बाल भोग करके बाबा के गर्भगृह में परदा लगा दिया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी नवीन डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा नया पौशाक पहनाया गया। श्रृंगारित दरबार का परदा खोलते ही मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने खाटूनरेश की जय-जयकार कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रृंगार आरती की गयी। पंचमेवा का भोग लगाया गया। दिन भर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीश्याम दरबार में अपनी हाजरी लगायी। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रशान्त खेमका, वन्दना खेमका, प्रवीण अग्रवाल, श्यामसुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### सेवा भारती का वन-विहार कार्यक्रम हुआ संपन्न



रांची : सेवा भारती, रांची महानगर का एक दिवसीय वन-विहार कार्यक्रम रांची के तुपुदाना स्थित संतोष बी एड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वन-विहार कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र, किशोरी विकास केंद्र,सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिकाओं व प्रशिक्षणार्थियों सहित मातृ मंडल की महिलाएं शामिल हुईं। एक दिवसीय कार्यक्रम में मनोरंजनपूर्ण एवं रोचक खेलकूद का आयोजन किया गया साथ ही योगासन,गीत का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया जहां विमला टोरका द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वन विहार कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी माननीय गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि वन-विहार कार्यक्रम के माध्यम से सामूहिकता आती है। एक दूसरे से परिचय होता है और अपनत्व बढ़ता है। सेवा भारती के विभिन्न सेवा आयामों के द्वारा सामाजिक जागृति आई है। निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा और सहयोग करना ही मानव जीवन की सार्थकता है। सदैव कुछ न कुछ देने का भाव हमारे संस्कार में होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेवा भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, रांची महानगर के उपाध्यक्ष शुभेंदु भट्ट, सचिव श्याम टोरका, विनय गांगुली उपस्थित रहे।

### केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ वामदलों ने निकाला प्रतिरोध मार्च

रांची : वामदलों ने सोमवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पर किए गए अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ निकाला गया। इसका नेतृत्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी की केंद्रीय कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन, भारती कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव सुखदेव लोहार ने किया। वामपंथी नेताओं ने कहा कि देश को मनुवाद की ओर ले जाने की पुरजोर कोशिश करने वाली भाजपा सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा किया गया बाबासाहेब का अपमान निंदनीय है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2024/44, दिनांक: 30/12/2024। "ई" प्राप्ति प्रणाली हेतु निविदा। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (2री मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निम्नानुसार अपलोड किया गया है। सभी निविदाएं दोपहर 2.00 बजे बंद कर दी जाएंगी। क्र.सं.; निविदा संख्या; निर्धारित तारीख; संक्षिप्त विवरण; मात्रा और जमा बयाना राशि निम्नानुसार हैं: 1; 65245054ए; 16.01.2025; [illegible] 1000 सीएफएम; 01 अदद और ₹ 1,09,280। 2; 45243204ए; 06.02.2025; 25 किलोवाट के लिए उपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक रेक्टीफायर सह रेगुलेटर यूनिट (ईआरआरयू) आदि; 35 अदद और ₹ 1,66,850। 3; एचबी247556; 17.01.2025; पूरी तरह से स्वचालित डिजिटल रेडियोग्राफी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और शुरुआत; 01 अदद और ₹ 9,96,000। 4; 77243042; 27.01.2025; पेंट, काला, एनामेल, सिंथेटिक [illegible] आदि की आपूर्ति; 74170 लीटर और ₹ 1,14,830। 5; 77243024ए; 03.02.2025; आरडीएसओ संशोधन संख्या 1ए (रिव. 1.0) के साथ जेंटियन ब्लू (आरएल-5010), पेंट की आपूर्ति; 81720 लीटर और ₹ 1,75,500। 6; 76243029; 03.03.2025; मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड की आपूर्ति व्यास 4 मिमी, वर्ग [illegible]; 25071 [illegible] और ₹ 1,68,040। 7; 77240003; 17.01.2025; एलएचबी कोच के लिए एक्सपोक्सी पेंट, थिनर और पुट्टी के सेट की आपूर्ति; 488 सेट और ₹1,69,300। 8; 80243050ए; 04.03.2025; ऑयल सर्वो प्रेस 150 आरआर; 34650 लीटर और ₹ 1,05,910। 9; 29243258; 09.01.2025; ट्राइडेंट निर्मित एक्स ड्रास के लिए एन-48 किट; 168 सेट और ₹ 1,60,060। 10; 29243013; 13.01.2025; 3 फेज लोको के लिए साइड बफर 15 केजे क्षमता; 183 अदद और ₹ 1,15,180। 11; 11241097; 17.01.2025; कपलर बॉडी (सिर्फ टीआर/सीजी के लिए); 149 अदद और ₹ 1,29,750। 12; 25241273; 23.01.2025; इंटरसीडिएट ओवरहॉलिंग (आईओएच); 171 सेट और ₹ 1,95,570। 13; 29243076; 28.01.2025; [illegible] के साथ अग्नि पहचान उपकरण; 37 अदद और ₹ 1,02,100। 14; 29244622ए; 11.02.2025; माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक गति संकेतक और रिकॉर्डिंग प्रणाली; 22 सेट और ₹ 1,26,110। 15; 29243028; 12.02.2025; 3 फेज लोको के लिए [illegible] मोटर कॉम्प्लीट एलएच/आरएच; 241 सेट और ₹ 1,45,320। 16; 25241285; 12.02.2025; ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्रश होल्डर असेंबली का सेट आदि; 419 सेट और ₹ 2,06,670। 17; 29243814; 13.02.2025; ईएलडब्ल्यूआई निर्मित माउंट सेट; 150 सेट और ₹ 1,34,070। 18; 29243312; 19.02.2025; कनेक्टिंग रॉड और क्रैंक शाफ्ट असेंबली; 53 अदद और ₹ 1,06,600। 19; 29241310; 19.02.2025; सभी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए हाई रीच पैंटोग्राफ; 20 अदद और ₹ 2,38,660। 20; 25243564ए; 20.02.2025; फिंगर कॉन्टैक्ट और फ्लेक्सिबल [illegible] असेंबली; 1548 अदद और ₹ 2,33,010। 21; 29243816ए; 21.02.2025; लेबिरिंथ और बेयरिंग कैप और क्लैंप प्लेट का सेट; 796 सेट और ₹ 6,83,760। 22; 29243791ए; 24.02.2025; एलआरयू के लिए ओवरहॉलिंग किट; 89 सेट और ₹ 2,31,040। 23; 25243621ए; 24.02.2025; इलेक्ट्रिक लोको और ईएमयू/एमईएमयू के पैंटोग्राफ के लिए मेटलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप; 2538 सेट और ₹ 3,67,170। 24; 29244979; 26.02.2025; एक्सल बॉक्स बेयरिंग आदि; 401 अदद और ₹ 2,24,870। 25; 25241281; 03.03.2025; इलेक्ट्रो मैग्नेटिक कॉन्टैक्टर असेंबली; 242 अदद और ₹ 2,13,600। 26; 25243665; 26.03.2025; [illegible] ब्रैकेट असेंबली का सेट; 73 सेट और ₹ 1,96,030। 27; 25243652; 24.04.2025; कैप्टन कवर्ड कॉपर कंडक्टर; 5733 किलोग्राम और ₹ 1,54,240। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टि.द्र.: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी संशोधनी के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-960)

## एक नजर

### गुरुद्वारा में फोटोग्राफी एवं वीडियो एडिटिंग पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**धनबाद** : धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसियेशन अपने क्षेत्रीय सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए निरसा गुरुद्वारा में फोटोग्राफी एवं वीडियो एडिटिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया गया जिसमें दिलीप शाह ने हजारीबाग से आए हुए फोटोग्राफी मेंटर राहुल बरनवाल को, दीपंकर ने वीडियो एडिटिंग के प्रशिक्षक विश्वास गुप्ता को एवं रंजन जी ने रतन दा को गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। फोटोग्राफी मेंटर राहुल बरनवाल ने सदस्य फोटोग्राफरों को फोटोग्राफी के टिप्स एंड ट्रिक बताएं साथी प्रीमियर प्रो एडिटिंग के मेंटर विश्वाश गुप्ता ने वीडियो एडिटिंग के तकनीक की जानकारी दी।

### शादी की तैयारियों में महिला विंग की अहम भूमिका रहती है : जया सिंह



**धनबाद** : रविवार को सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति के महिला विंग की बैठक यूनियन क्लब धनबाद में की गई।
महिला विंग की सदस्य जया सिंह ने बताया की सर्वधर्म सामूहिक विवाह पिछले 10 वर्षो से लगातार सफलतापूर्वक होते आ रही है। इस 11 वें वर्ष में भी 101 जोड़े का विवाह नि:शुल्क की जा रही है। अभी तक 86 रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा हो चुके है। विवाह सभी धर्मो के अपने अपने रीति रिवाजों से की जायगी।इस विवाह में धनबाद के अलावा झारखण्ड के विभिन्न जिलों के अलावा बंगाल से भी जोड़े आने की संभावना है। शादी की तैयारियां समिति द्वारा जोरशोर से की जा रही है। बताया कि शादी में महिलाओ की अहम्‌ भागेदारी रहती है। 11 जनवरी को विवाह स्थल में भूमि पूजन के साथ साथ सभी जोड़ों को शादी की जोड़ा वितरण की जायगी।14 जनवरी की शाम को मेहंदी और संगीत का कार्यक्रम आयोजित की गई है। 15 जनवरी को सुबह दुल्हनों को तैयार करने के लिए धनबाद के ब्यूटी पार्लर की सेवा ली जायगी। बैठक में सुनीता सिंह,पिंकी सिंह, अपराजिता,मीनू अग्रवाल, दीपाली, पिंकी गुप्ता,पूनम बिंदी पाठक, सुष्मा प्रसाद, अन्नू,संगीता जायसवाल, बबिता सिंह,अर्चना, रमा सिन्हा आदि मौजूद थीं।

### आरपीएफ ने लड़की को सुरक्षित चाइल्ड लाइन के हवाले किया



**बोकारो** : घटना आज लगभग 2:30 बजे की है बोकारो रेलवे स्टेशन पर हुई। बताते चले कि एएसआई आशीष रंजन और बैगेज स्कैनर ड्यूटी पर तैनात एलसी प्रणीति भारती ने एक नाबालिग लड़की को प्रवेश द्वार के पास पीएफ नंबर-01 पर घूमते हुए देखा। लड़की से पूछताछ पर उसने अपना नाम पता बताया वह लगभग 15 वर्ष की नाबालिक है, और वह गुमला जिले के पालकोट थाना के तपकारा गांव की रहने वाली है। उसने यह भी बताया कि वह अपने माता-पिता को बताए बिना घर से चली गई थी और रास्ता भूल गई थी। आरपीएफ टीम ने लड़की को सुरक्षित रूप से चाइल्ड लाइन बोकारो के हवाले कर दिया, जहां उसके परिवार के साथ संपर्क स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह घटना आरपीएफ की संवेदनशीलता और नाबालिगों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# बोकारो में वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल ने युवा प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों का किया सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : वेदांता ई एस एल स्किल स्कूल ने सीड्स के साथ साझेदारी में खाद्य एवं पेय सेवा प्रबंधक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं के अपने पहले बैच के सम्मान के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाया। नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस समारोह में 30 युवा प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों का सम्मान किया गया, जो युवाओं को रोजगार के अवसरों से सशक्त बनाने के स्किल स्कूल के मिशन में एक कदम आगे है। खाद्य एवं पेय सेवा प्रबंधक कार्यक्रम स्किल स्कूल की विविध पेशकशों का एक हिस्सा है, जिसमें सोलर पीवी इंस्टॉलेशन, सिलाई मशीन संचालन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान और सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। ये एनएसडीसी प्रमाणित पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि प्रशिक्षुओं को उद्योग मानक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त हों। प्रोजेक्ट वेदांता ई एस एल स्किल स्कूलवेदांता ई एस एल स्किल स्कूल युवाओं को स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करता है। सीड्स के साथ साझेदारी और सोलर पीवी इंस्टॉलेशन, खाद्य एवं पेय पदार्थ सेवाएं तथा सिलाई मशीन संचालन जैसे ट्रेडों में छात्रों को प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान ने छात्रों की बहुत मदद की है। प्रदान किए गए सभी पाठ्यक्रम NSDC प्रमाणित हैं, जो उद्योग-मानक प्रशिक्षण सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, परियोजना प्रशिक्षित उम्मीदवारों में से कम से कम 70% की नियुक्ति सुनिश्चित करती है। प्रशिक्षित उम्मीदवारों को ब्लू जर्सी गारमेंट्स, अदानी पावर, प्रीमियर एनर्जीज आदि जैसी कंपनियों में औसतन 2.00 लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर रखा गया है।

**एरछ कौशल स्कूल के प्रशिक्षुओं द्वारा प्राप्त सफलता**

उद्घाटन बैच ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिसमें 30 प्रशिक्षुओं में से 25 को DHPL रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में 1.9 लाख रुपये प्रति वर्ष के वार्षिक पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। यह उपलब्धि सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल्स विकास और सेवा उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करके रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए वेदांत एरछ की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में सम्मान समारोह**

खाद्य एवं पेय सेवा प्रशिक्षुओं के पहले बैच के सम्मान समारोह में सम्मानित अतिथियों, फिलमोन बिलुंग, डीडीएम नाबार्ड, संतोष रवानी, मुखिया, सियालजोरी, कुणाल दरिपा, प्रमुख सीएसआर, ईएसएल, और बीरेंद्र कुमार, ऑपरेशन हेड, लर्नेट सीड्स की उपस्थिति देखी गई। यह समारोह भविष्य के उम्मीदवारों के लिए प्रेरणा का श्रोत रहा।

**कौशल विकास के प्रति ई एस एल स्टील की प्रतिबद्धता**

इस अवसर पर बोलते हुए, ईएसएल के सीएसआर प्रमुख, कुणाल दरिपा ने कहा, हम अपने प्रशिक्षुओं के पहले बैच की सफलता का जश्न मनाते हुए खुश हैं, जिन्होंने डीएचपीएल रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में प्लेसमेंट हासिल किया है।

## एसडीओ ने लिया संज्ञान, भूमि पैमाइश समेत जांच का दिया निर्देश



**पीड़ित महिला ने कड़ाके की ठंड में एसडीओ आवास पर दी थी धरना**

**मौके पर पुलिस लेकर पहुंचे मजिस्ट्रेट**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : महिला द्वारा एसडीएम चास के आवास पर बीती रात धरना देने के बाद एसडीएम ने मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिया है इसके बाद मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ विवादित मामले की जांच करते हुए भूमि पैमाइश का काम शुरू कर दिया है मालूम हो कि बुजुर्ग महिला कड़ाके की ठंड में एसडीओ आवास पर रात के 8 बजे तक अपनी जमीन को बचाने की गुहार लगाने आई थी,महिला के मुताबिक एनएच 23 पर इनका जमीन है जिसे किसी दबंग व्यक्ति ने जबरन अपना जमीन बोल कर मकान खड़ा कर लिया ये मकान तब खड़ा हुआ जब पीड़िता के पति का निधन होने के बाद वे अंतिम संस्कार में जुटी थी जिसका फायदा उठाते हुए मकान का ढलाई करने में दबंग व्यक्ति ने कामयाब रहा जब इस बात का पता पीड़ित को चला तो उन्होंने प्रशासन से गुहार भी लगाई, प्रशासन के लोगों ने पीड़ित को ये कह कर अपना पल्ला झाड़ा की आप एसडीओ के पास जाइए क्योंकि इस जमीन पर मुकदमा चल रहा है ।

## सेल को दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का मिला प्रमाण पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने जनवरी 2025 से जनवरी 2026 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन प्राप्त किया है। सेल ने लगातार दूसरी बार यह प्रमाणन प्राप्त किया है। कंपनी को शुरू में दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए प्रमाणित किया गया था। सेल को लगातार दूसरी बार यह वैश्विक मान्यता, कंपनी के मानव संसाधन विभाग के इनोवेटिव पहलों को उजागर करता है। कंपनी के प्रमुख मानव संसाधन पहलों में वर्क फ्रॉम अदर दैन वर्कप्लेस योजना के अलावा शहर-आधारित कर्मचारियों के लिए फ्लेक्सिबल टाइमिंग, लिंक्डइन लर्निंग हब के माध्यम से खुद से सीखना, नैसकॉम के साथ उच्च-स्तरीय आईटी और डिजिटल प्रशिक्षण, ई-पाठशाला के माध्यम से नवीनतम शिक्षण सामग्री तक पहुंच, आईआईएम और एएससीआई के सहयोग से नेतृत्व विकास कार्यक्रम, कार्मिक सहायता कार्यक्रमों के तहत ई-परामर्श, डेलोइट के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि और वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए नेतृत्व कोचिंग आदि शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य उत्पादकता को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को भविष्य की तकनीकी प्रगति के लिए तैयार करना और उनकी क्षमता का पूरा उपयोग करना है।

## जूडो में बोकारो का रहा शानदार प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : झारखंड राज्य सब जूनियर एवं सीनियर जूडो प्रतियोगिता जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल नामकुम रांची में 28 एवं 29 दिसंबर को आयोजित की गई प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष श्री के एन त्रिपाठी, कांके विधायक सुरेश बैठा, एस पी अविनाश कुमार एवं नामकुम के सीओ कमल किशोर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जिसने झारखंड के लगभग 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया बोकारो जूडो संघ के सचिन राजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी की इस प्रतियोगिता में बोकारो के विभिन्न स्कूलों और क्लबो के 93 जूडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था प्रतियोगिता में बोकारो के जूडो खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दोहराते हुए 12 स्वर्ण पदक 13 रजत पदक और 18 कास्य पदक पर कब्जा जमाया वही सब जूनियर की कैटेगरी में झारखंड में पहले स्थान पर रहा वहीं सीनियर कैटेगरी में दूसरे स्थान पर रहा प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ीयो में अनुष्का कुमारी, खुशी उपाध्याय, सक्षम कुमार, देव कुमार, अंशु कुमार, सत्यम केसरी, सुमित कुमार, गणेश कुमार, अर्पित टोप्पो, आदित्य कुमार, आकांक्षा कुमारी, समृद्धि, रिचा नंदा, नैंसी, संदीप कुमार, सतीनाथ चौधरी, अदिति सिंह, दीपशिखा, प्राची कुमारी, दीपक कुमार,नमन ऋषि, जतिन कुमार, सपना कुमारी, नंदिनी, प्रियांशु राज सिंह, प्रिंस, स्नेहा कुमारी,प्रीति कुमारी, आशीष वर्मा,राहुल कुमार, प्रियांशी गौरव, प्रियदर्शनी,जैस्मिन, ओम आनंद,साक्षी सिंह शामिल है वही सब जूनियर और सीनियर दोनों प्रतियोगिताओं में 12 स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए चुने गए है इसमें सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ी 18 से 21 जनवरी तक होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता जो शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कंपलेक्स बालेवाडी, पुणे महाराष्ट्र मैं होगी उसमें झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे वहीं सीनियर कैटेगरी के बच्चे दिल्ली में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता जो 4 से 7 जनवरी को के डी जादव इनडोर स्टेडियम,आई जी स्पोर्ट्स कंपलेक्स न्यू दिल्ली में भाग लेंगे और इस सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता मैं अपने-अपने कैटिगरी के पदक विजेता एवं टॉप 8 स्थान पाने वाले खिलाड़ी 38वे राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में झारखंड का प्रतिनिधित्व जूडो खेल में करेंगे बोकारो के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद तथा झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष के एन त्रिपाठी एवं सचिव परीक्षित तिवारी ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

## स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की मनायी गयी 222वीं जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : पेटरवार प्रखंड अंतर्गत कोह पंचायत ग्राम कोह में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की 222 वीं जयंती समारोह दिवस सोमवार को मनाई गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग के आदरणीय योगेंद्र प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही मंत्री यगेंद्र प्रसाद एवं मंच में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने ग्रामीणों को अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की माटी वीरों की माटी है। महान स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद जीतराम बेदिया ने 1857 के सिपाही विद्रोह के दौर में रांची हजारीबाग जिला के चुटूपालू पहाड़ी क्षेत्रों में अंग्रेजों के खिलाफ खटगां गांव के टिकैत उमराव सिंह, शेख भिखारी और गगारी गांव के जीतराम बेदिया ने विद्रोह छेड़ रखा था। महान स्वतंत्रता सेनानी शाहिद जीतराम बेदिया ने अपने नेतृत्व में अत्याचारी अंग्रेजों और सूदखोर महाजनों के अंतहीन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई थी। उन्होंने समाज के हर वर्ग को एकजुट कर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी। उनके संघर्ष बलिदान और विचारों को हम आत्मासात करने की आवश्यकता है। झारखंड के क्रांतिकारियों की वीर गाथा को जन-जन तक पहुंचने की जिम्मेदारी हमारी है। इसी मौके पर बेदिया समिति के सदस्यों ने माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद जी को एक मांग पत्र देते हुए स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की।

## चिन्मय विद्यालय के यूथ विंटर कैंप का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय बोकारो, युवाओं में रचनात्मक क्षमता विकसित करने हेतु आयोजित चिन्मय यूथ विंटर कैंप रोमांस उत्सव और रस के साथ आज समाप्त हुआ। इन तीन दिनों में छात्र-छात्राओं ने कई प्रकार के जीवन उपयोगी कौशल को सिखा एवं हैरत अंग्रेज करतबों, जो की साहस और जोखिम से भरा था का प्रदर्शन किया। इन तीन दिनों में खूब मस्ती किए, साथ तकनीकी, भाषा- कौशल, खेलकूद, बौद्धिक एवं तार्किक क्षमता, अध्यात्म में रोमांचक करतबों से भरा रहा। छात्रों ने तीन में अपने व्यक्तित्व में कई प्रकार के कौशल को समाहित किया। समापन समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय पप्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि युवा होना साहस का पर्याय है। युवा साहसी होते हैं। जोखिम उठाते हैं और संघर्ष करते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि आप में योगानुकूल क्षमता एवं कौशल होना चाहिए। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष दो बार यूथ कैंप का आयोजन होता है ।लंबे अवकाश का अर्थ केवल मौज मस्ती और दोस्तों के साथ धमा- चौकड़ी ही नहीं होना चाहिए। अवकाश आपको अवसर प्रदान करता है। इसका संरचनात्मक सदुपयोग कर प्रतिवर्ष कुछ नया कौशल सीखिए, जो आपको योग्य और क्षमतावान बनावे। क्षमतावान साहसी युवा ही आकाश की ओर देखते हैं ,मुस्कुराते हैं, देखते ही देखते एक ऊंची उड़ान लेते हैं और संघर्ष करते हुए ऊंचे से ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं। नए-नए कौशल सीखने से लोग क्षमतावान होते हैं और साहसिक क्षमतावान ही विश्व में मनुकूल परिवर्तन लाते हैं। ऐसे ही साहसी हुआ आप सभी को बना है। विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी पूरे कैंप के दौरान काफी ऊर्जावान रहे उन्होंने हर स्टॉल पर जाकर व्यक्तिगत रूप से बच्चों का उत्साह बढ़ाया, और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में वह शक्ति होती है जो दुनिया को बदल सकती है। यदि वह सही दिशा में अपने प्रयासों को केंद्रित करते हैं। हमारे परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद महाराज इस तत्व से भली भांति अवगत थे । उनका मानना था कि युवाओं में अत्यधिक ऊर्जा और क्षमता होती है ।जो दो देश को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकती है ।वे अक्सर कहा करते थे यूथ आर नॉट यूजलेस बट यूज्ड लेस ।स्वामी तेजोमयानंद महाराज युवा को हमेशा ही विजय युवा मानते हैं । आप सभी जन्मजात योद्धा हैं जो केवल विजेता और सफल होने के लिए ही आपने जन्म लिया है। आवश्यकता इस बात की है कि आप अपने आप को पहचाने ,अपनी क्षमता को पहचाने , ज्ञान एवं कौशल का विकास करें। इस अवसर पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय ने सभी बच्चों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कैंप से सभी बच्चों के अंदर छुपी हुई जो भी प्रतिभाएं होती है वह खुलकर सामने आती है ।हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें एक उचित मौका दें और सही दिशा में आगे बढ़ने का सलाह दें।

## संक्षिप्त खबरें

### दो कार आपस में टकराये, दोनों को पुलिस ने किया जब्त



**धनबाद** : ईस्ट बसूरिया ओ पी क्षेत्र के 8 लाइन सड़क पर भूली के समीप टाटा नेक्सन कार में गलत साइड से तेज रफ्तार से आ रहे मारुति सियाज कार ने जोरदार टक्कर मार दी,भठमुड़ना कतरास के निवासी हरीश गुप्ता ने बताया कि वे टाटा नेक्सन गाड़ी से आई अस्पताल धनबाद जा रहे थे तभी विपरीत साइड से आ रही मारुति सियाज ने बाई तरफ जोरदार टक्कर मार दी जो आगे जाकर पलट गया। स्थानीय प्रतिषयदर्शियों ने बताया कि वाहन चालक अत्याधिक स्पीड में गाड़ी चला रहा था,वाहन में पुलिस का स्टिकर लगा हुआ है,दोनों वाहनों को ईस्ट बसूरिया ओ पी पुलिस ने जब्त कर लिया। घटना इतनी तेज थी कि जोरदार आवाज हुई थी,5560 वाहन के चारो चक्का ऊपर हो गया तथा का दाहिने तरफ पीछे का पहिया टूट कर 2 सौ मीटर दूर जा गिरा। दुर्घटना देखने के लिये सभी राहगीर देखने व वीडियो बनाते दिखे। किरान से वाहन को उठाया गया।

### सिजुआ जीएम से टुंडी विधायक ने की वार्ता



**धनबाद** : टुंडी विधानसभा के चन्दौर पहाड़ी,जीरोसीम, खास सिजुआ आदि कोलियरी क्षेत्रों की जनसमस्या को लेकर लेकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने तेतुलमारी स्थित सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम से वार्ता की। वार्ता में श्री महतो ने कहा कि पिटवाटर की सफ्लाई 3 महीना से बंद रहने से लोगो को काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ,साथ ही आउटसोर्सिंग से ओ बी आर डंपिंग से उड़ने वाले डस्ट से चंदौर पहाड़ी,सोनारबस्ति, तेतुलमारी,खास सिजुआ,जोगता, बेलदारिया सहित अन्य स्थानों के ग्रामीणों को सांस की बीमारी,डस्ट एलर्जी व अन्य बीमारियों के शिकार ही रहे है,तेतुलमारी कोलियरी के अंसगठित मजदूरो को पर्याप्त मात्रा में रोड सेल का कोयला नही मिलने से असंगठित मजदूरो के समक्ष रोजी रोटी के लाले पड़ गए है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद,कार्मिक प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार ग्रामीणों की ओर से झामुमो के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो,छोटु सिंह,राजू मल्लाह,मनोज निषाद ,मंटू महतो, रिजवान क्रांतिकारी,मनोज महतो,लखन यादव, आदि उपस्थित थे।

### ईस्ट बसुरिया ताइक्वांडो क्लब में बेल्ट ग्रेडिंग व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**धनबाद** : ईस्ट बसूरिया ताइक्वांडो क्लब में बेल्ट ग्रेडिंग व सम्मान समारोह में उपेंद्र कुमार को रेड बेल्ट अनु कुमारी रुद्र प्रताप महतो संयंत कुमार दत्ता अनुष्का कुमारी दीपराज महतो को ब्लू वन बेल्ट, ग्रीन ब्लू बेल्ट में रिया कुमारी येलो, ग्रीन बेल्ट में निखिल कुमार, सनाया कुमारी, मयंक उमंग कुमार, आदित्य कुमार, आर्यन कुमार, सिमरन कुमारी, सृष्टि कुमारी, में शिवांगी कुमारी, ऐसा प्रमाणिक आदित्य विश्वकर्मा अंजुमन शर्मा, कृष्णा रजवार, बिट्टू महतो, मो हुसैन अंसारी, सोहन शर्मा, शिवम कृष्ण, हिमांशु रजवार, अमित महतो, माही राज माही शर्मा, आशिक पांडे, अनुष्का पांडे, रूपम राज, लवली विश्वकर्मा अष्टमी कुमारी, ज्योति कुमारी, दीपाली कुमारी, एवं शांति कुमारी, को येलो बेल्ट,प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश नेता अजय कुमार सिंह एवं सीसीएल के मुख्य वित्त अधिकारी गिरिडीह संजय साव ने बेल्ट ग्रेडिंग सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मौके पर कोच दीपक बाउरी एवं वकील खान को धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा एवं समीर शर्मा ने सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा कि छात्रों को एक लक्ष्य बनाकर खेलना चाहिए और ओलंपिक में मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रौशन करे।

### पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर हुई शोकसभा



**धनबाद** : सोमवार को संकल्प एजुकेशन बगदाहा,राजगंज में महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव एवं अवकाश प्राप्त आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन रखा गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल जी का जीवन हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने एक अच्छा प्रशासक के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता का दायित्व निर्वहन कर आम लोगों के चाहेता बन गए थे। उनके द्वारा निर्मित पटना के महावीर मंदिर, महावीर कैंसर संस्थान ,महावीर चाइल्ड हॉस्पिटल, महावीर नेत्रालय, महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान निकेतन की स्थापना उनके द्वारा की गई जिससे मानव जाति की सेवा संभव हुई । हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मौके पर ज्योति कुमारी ,खुशी कुमारी ,अनु कुमारी, आस्तिक कुमार महतो,प्रियांशु मुर्मू , गोपी कुमार महतो, युग आर्य, रोहित कुमार, ऋषभ राज, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत मत्स्यजीवी और दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां एवं कम्प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स पर सोमवार को जिला समाहरणालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कहा कि देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान होना है, पैक्स के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन इसे और भी गति देने के लिए कंप्यूटराइजेशन बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी को बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते एवं जल्द से जल्द सभी पैक्स, सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा जानकारी दी गई की सहकार से समृद्धि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से जिले के सभी पैक्सों का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। इसके उपरांत पैक्स के जरिये किए जाने वाले सभी कार्यों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी। वहीं, कार्य प्रणाली में भी सुधार आएगा। साथ ही मत्स्य पालन और गव्य विकास सहित अन्य संबद्ध विभागों के किसानों को भी सहकारी समिति के रूप में विकसित एवं उनका कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित पैक्स अध्यक्षों, प्रतिनिधियों, मत्स्य, गव्य सहकारी समितियों को पैक्सों के कंप्यूटराइजेशन के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। वहीं, सभी के समक्ष कार्यों के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।



## परिवहन विभाग ने चलाया वाहन जांच अभियान



**बोकारो :** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर के निदेर्शानुसार विभिन्न चौक चौराहों तुपकाडीह मोड़, ऋतुडीह मोड़, सिवनडीह मोड़, नया मोड़ सहित अन्य स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसके तहत दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों के दस्तावेजों' का जांच किया गया। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, हेलमेट नहीं पहनने पर पेट्रोल पंप द्वारा पेट्रोल नहीं देने की बात कहीं। साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहनों का दस्तावेज अपडेट रखने का निर्देश दिया। मौके पर सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य ने वाहन चालकों को परिवहन नियमों की जानकारी दी, संबंधित पर्चा वितरण किया।

## अमनारी और बागोडीह में गरीबों के बीच कंबल का हुआ वितरण

**सरिया (गिरिडीह) :** सोमवार को सरिया के अमनारी बिरहोर टंडा में स्थानीय प्रशासन के द्वारा आदिम जनजाति परिवार के बिरहोर समुदाय के बीच निशुल्क कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी, अमनारी पंचायत के मुखिया अजय यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र में ठंड के प्रकोप से बचने के लिए झारखंड सरकार की सहयोग से जरूरतमंदों एवं गरीब असहाय लोगों के बीच निशुल्क कंबल का वितरण किया जा रहा है।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा

आवश्यक सूचना

फिरार अभियुक्त की तलाश




सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि चंदवारा थाना कांड सं0–76/24, दिनांक–01.11.2024, धारा–115(2)/117(2)/123/127(2)/64(2)/351(2) भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त शाहीद हुसैन, पिता–सत्तार, ग्राम–मटवारी, थाना–कोर्रा, जिला–हजारीबाग, पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से अपने घर से फिरार है। दिनांक–23.12.2024 माननीय न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, कोडरमा के न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है। उक्त निर्गत इस्तेहार को दिनांक–24.12.2024 को उक्त अभियुक्त के घर पर चंदवारा थाना द्वारा चिपकाया गया है। परन्तु उक्त अभियुक्त अब तक, ना ही न्यायालय में आत्मसमर्पण किये है और ना ही थाना में। यदि किसी को उक्त अभियुक्त के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :– 9431706350, 06534–252868,
पुलिस उपा0 (मु0), कोडरमा :– 9431706351,
थाना प्रभारी चंदवारा :– 7979736019, 9155001391

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा।

PR.NO.343240 Police(24-25):D


## निर्माणाधीन पुल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**बोकारो :** जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड क्षेत्र के नवडंडा में निर्माणाधीन पुल की गुणवत्ता की शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के अनुसार कार्य को बिल्कुल गुणवत्ता पूर्ण किया जा रहा है। आपको बता दें कि गोमिया प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र चुटे पंचायत के नवडंडा गाँव में बन रहे निमार्णाधीन पुल की शिकायत मिलने पर विभागीय अधिकारियों ने उक्त स्थल का निरीक्षण किया। पुल निर्माण में गुणवत्ता के संबंध में अधिकारियों की टीम द्वारा बताया गया कि अच्छी क्वालिटी का सरिया एवं सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। कहा गया कि पुल निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। वहीं निमार्णाधीन स्थल पर गैरकानूनी तरीके से पत्थर तोड़े जाने के मामले पर साइट इंचार्ज ने कहा कि वह पत्थरों को तोड़ने के लिए मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार ही यहां कार्य किया जा रहा है। वही पुल निर्माण से ग्रामीणों में एक नई उम्मीद जगी है, ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पूल के बन जाने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा। कई गांव जो बरसात के दिनों में कट जाते थे, अब वहां आवागमन करने में परेशानी नहीं होगा।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ओडिशा में लहराया जीत का परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** 14वीं ऑल इंडिया ओपेन कराटे का समापन हुआ, जिसमें ओड़िशा, झारखंड ,छत्तीसगढ़ असम, गुजरात समेत 8 राज्य के 1600 कराटे छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। जिसमें उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा के 100 कराटे छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसका प्रतिनिधित्व आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के 30 कराटे सदस्य के द्वारा किया गया। चैंपियनशिप का उद्घाटन कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन के अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा के द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन सुको-काई कराटे यूनियन इंडिया के द्वारा किया गया। 14वी ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में एशियन कराटे फेडरेशन के जज सिहान राजिव कुमार सिंह ,सेसाई महेश बराल, सेसाई दिपक सामांतराय ने मुख्य रूप से निभाया। इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा रांची झारखंड दूसरा स्थान प्राप्त किया। राहुल कुमार महतो कुमिते ,प्रितम कच्छप, सुचित कुमार महतो (सिल्वर मंडल), हिमांशू महतो (सिल्वर मेडल), पियूस कुमार (सिल्वर मेडल), दीपिका कुमारी (ब्राउज मेडल), दिव्या कुमारी (ब्राउज मेडल), नैंसी मुंडा , किशोर कुमार आदि को प्राप्त हुआ। चीफ एग्जामिनर सेसाई महादेव गोप, कोच नकुल यादव, विक्रम कुमार नायक, पूजा कुमारी से सहयोग किया। सभी कराटे चैम्पियन छात्र-छात्राओं को आर.टी.सी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो, चेयरमैन रामटहल चौधरी, सचिव डॉ पारसनाथ महतो, निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को बधाई दी।





समाहरणालय, कोडरमा
(जिला पर्यटन कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

Amended date for Request For Proposal (RFP)

कार्यालय ज्ञापांक 151/पर्य0 दिनांक 16–12–2024 द्वारा जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद, कोडरमा के द्वारा प्रखण्ड चन्दवारा में निर्मित कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ एवं एडवेंचर मोटर बोट के संचालन / रख–रखाव हेतु दिनांक 10–01–2025 को निविदा आमंत्रित की गई थी।

अपरिहार्य कारणवश उक्त Request For Proposal (RFP) की तिथि परिवर्तित करते हुए दिनांक 16–01–2025 निर्धारित की जाती है।

Request For Proposal (RFP) की शर्ते एवं अन्य विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा

PR 343171 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25).D

ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–23/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 28.12.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Swimming Pool at Latehar | 49993300/- | 11 (Eleven) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : 07/01/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय : 20/01/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 21/01/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रॉंची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 343142 Building(24-25).D


# बैरागी उरांव के परिजनों से मिले सांसद सुखदेव भगत, अर्पित की श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में पूर्व विधायक बैरागी उरांव को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। इस सभा में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने भाग लिया और उरांव के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु का दुख हमेशा खलेगा और उनकी कमी को महसूस किया जाएगा।सुखदेव भगत ने दिवंगत विधायक के चित्र पर माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने उरांव के परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की मदद की आवश्यकता हो, तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। सभा के दौरान, सांसद ने चैनपुर में एमएलए रोड की समस्याओं पर चर्चा की। महिलाओं ने भी अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया, जिसके बाद सुखदेव भगत ने चैनपुर के बीडीओ से संपर्क कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। सुखदेव भगत ने चैनपुर सामुदायिक बैंक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं पर भी जानकारी ली और इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का वादा किया। इस कार्यक्रम में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए उपस्थित रहे। इस मौके पर आलोक साहू, रवि रोशन बेक, अल्बर्ट तिग्गा, और रघुनंद प्रसाद जैसे स्थानीय नेता भी मौजूद थे। सांसद सुखदेव भगत का यह प्रयास क्षेत्रवासियों के लिए एक सकारात्मक संकेत है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा। इस श्रद्धांजलि सभा ने न केवल दिवंगत विधायक बैरागी उरांव को याद किया, बल्कि चैनपुर क्षेत्र की विकासात्मक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने का भी अवसर प्रदान किया।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का व्यापक करें प्रचार प्रसार : एसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक की। मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेंद्र प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक मो. आबिद हुसैन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पलाश, सभी प्रखंड समन्वयक उद्योग, नगर निगम चास के समन्वयक आदि उपस्थित थे। अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने समीक्षा क्रम में योजना की आहर्ता के संबंध मे जानकारी ली। इस दौरान पीएमवीवाई पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। पंचायत स्तर पर संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा आवेदन अपलोड किया जाता है, जिसका सत्यापन करते हुए आवेदनकताओं को प्रशिक्षण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है, सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कारीगर को टूल कीट उपलब्ध कराया जाता है और अगर किसी आवेदक को ऋण की आवश्कता होती है, तो आवेदन को स्वीकृत करते हुए राज्य मुख्यालय को ऋण मुहैया के लिए स्वीकृति के लिए अनुशंसा की जाती है। अपर समाहर्ता ने बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कहीं। उन्होंने जेएसएलपीएस के तहत निबंधित एसएचजी समूह के सदस्यों, मुखिया आदि के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला जनवरी के दूसरे पखवारे में आयोजित करने का निर्देश दिया। प्रखंड समन्वयों को क्षेत्र भ्रमण कर योजना से संबंधित आहतार्धारियों/पारंपरिक कार्य कर रहें लोगों को जागरूक करने को कहा। पोर्टल पर प्राप्त 2,239 आवेदनों का भौतिक सत्यापन जनवरी माह में पूरा करने को कहा। वहीं, समिति के समक्ष 4,157 आवेदनों को राज्य के लिए अनुशंसा करने का स्वीकृति दिया गया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया है।


जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/22/2024-25

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अड़की | बाड़ीनिजकेल पंचायत के ग्राम उलिहातु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |
| 2 | अड़की | ग्राम कोचांग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |
| 3 | खूँटी | बिरहू पंचायत के ग्राम रेवा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |

नोट :
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय– 03.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथि– 15.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 15.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 15.01.2025 अपराह्न 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी / BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. उपरोक्त निविदा का निष्पादन Double Bid System के अनुसार किया जायेगा।
9. जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत वैसे संवेदक जिनका कार्य Work Program के अनुसार नहीं चल रहा है। वे इस निविदा में भाग लेने हेतु अयोग्य समझें जायेंगे।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
11. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है

ह०/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, खूँटी।

PR 343235 District(24-25)D


# जलवायु परिवर्तन की दिशा में तकनीक का इस्तेमाल कारगर : डॉ. अशोक पटेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा (रांची) :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर सियूरत टेक्नोलॉजिज, बॉस्टन, अमेरिका के प्रिंसिपल इंजीनियर डॉ. अशोक पटेल ने कही। एआई तकनीक की मदद से जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों पर भी उन्होंने अपना विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और 3-डी तकनीक को इस दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया। इससे कार्बन उत्सर्जन में होनेवाली कमी पर भी उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। एडु मार्केटिंग मैथवर्क्स, बॉस्टन, अमेरिका से आयीं नंदिनी सेन ने मैथवर्क्स के विषय में जानकारी देते हुए इसके तकनीकी टूल और क्लीन एनर्जी, रोबोटिक्स और एयरक्राफ्ट में इसके एप्लीकेशन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ की इसके ऐप को डाउनलोड कर इसके इस्तेमाल से विद्यार्थियों और शिक्षकों को रिसर्च तथा प्रोजेक्ट में होनेवाले फायदों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने कार्बन उत्सर्जन कम करने से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने उम्मीद व्यक्त किया कि आनेवाले समय में विवि के शोधकताओं को विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से कई तरह के फायदे हासिल होंगे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद भाषण देते हुए विवि के माननीय प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन ने इस रिसर्च टॉक की सराहना करते हुए जलवायु परिवर्तन की दिशा में वैश्विक भूमिका और रिसर्च को महत्वपूर्ण बताया। स्वागत भाषण डॉ. वीएनएल दुर्गा ने दिया। इस अवसर पर बीआईटी, मेसरा के डीन डॉ. सी. जगन्नाथन, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, डीन डॉ. संदीप कुमार, डॉ. आर.एम. झा, डॉ. गौतम तांती, प्रवीण कुमार, हरिबाबू शुक्ला समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।





कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया
प्रपत्र संख्या–1

अति अल्पकालीन ई– निविदा
(द्वितीय आमंत्रण)

निविदा संख्या :- 09/JMT/2024-25 दिनांक 30-12-2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | पुप/संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमा की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26 (2nd Call) | JMT/URBAN | 59,45,040/- | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 12 Month |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : | 02-01-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय :– | 10-01-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, झारखण्ड रांची, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 10 01 2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 11-01-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का : | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2180345 | | | | |


- स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। स्वीकृत्यादेश के उपरांत ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरण वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 343191 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें



-डॉ. आर.के. सिन्हा

**भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।**

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे।




आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेंगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है। यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है, जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से। 30-35 प्रतिशत भूमि ही सिंचित कर पाए है। प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए बरसात पर निर्भर पारंपरिक अन्नों, दलहन और तिलहन की खेती करने वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता हमने की ही कहाँ? अब आशा करनी चाहिए कि सतत अनुसंधानों और पारंपरिक फसलों के उत्पादन पर सरकार का ध्यान जाने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही मिलेट्स का निर्यात बढ़ेगा और उपभोक्ताओ के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है।

शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### डल्लेवाल पर 'सुप्रीम' नसीहत


अनिश्चिकालीन अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की लगातार बिगड़ती तबीयत पर पंजाब सरकार के ढुलमुल रवैये को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती न्यायोचित है। डल्लेवाल करीब 35 दिन से पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर अनशनरत हैं। इस जगह पर उनके साथ सैकड़ों की संख्या में किसान इकट्ठा हैं। उनकी केंद्र सरकार से मांग है कि एमएसपी या न्यूनतम समर्थन मूल्य का गारंटी कानून बनाया जाना चाहिए। इन लोगों की यही मांग केंद्र सरकार के लिए गले की हड्डी बन चुका है। जाहिर है कि सरकार को कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि किस तरह किसानों की मांग का हल निकाला जाए। डल्लेवाल कैंसर बीमारी से परेशान हैं और उनकी हालत खराब हो रही है। शीर्ष अदालत की चिंता इस बात को लेकर है कि डल्लेवाल की खराब हो रही सेहत कहीं हालात को और ज्यादा न बिगाड़. दे। यही वजह है कि विशेष सुनवाई के दौरान अदालत ने पंजाब सरकार को यह ताकीद किया है कि वह 31 दिसम्बर तक डल्लेवाल को अस्पताल ले जाए और उनका गंभीरतापूर्वक इलाज कराए। साथ ही अदालत ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए उसके पूर्व के निर्देशों का पालन नहीं करने पर फटकार लगाई। दरअसल, अदालत को यह संदेह हुआ कि डल्लेवाल को वहां अनशन कर रहे कुछ किसान नेता ही अस्पताल नहीं ले जाने देना चाहते हैं। यही वजह है कि अदालत ने प्रदर्शनकारी किसान नेताओं के बारे में कहा कि ऐसा चाहने और करने वाले डल्लेवाल के शुभचिंतक तो कतई नहीं हैं। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस सुधांशु धुलिया की अवकाशकालीन पीठ ने शनिवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया कि वह इस मामले में जरूरत पड़ने पर केंद्र सरकार की मदद ले सकती है। इससे पूर्व, पंजाब सरकार ने कहा था कि वह डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने में इसलिए खुद को असहाय महसूस कर रही है क्योंकि उसे प्रदर्शकारी किसानों का विरोध का सामना करना पड़.रहा है, जिन्होंने डल्लेवाल को घेर लिया है। वे उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे हैं। स्वाभाविक है मामला संजीदा है और इस तथ्य को अदालत अच्छे से जान-समझ गई है।

## चिंतन-मनन

### जाल हैं राग और द्वेष

परमानंद को समझा नहीं जा सकता और उसे पाना भी अत्यंत कठिन है। कई जीवन कालों के बाद परमानंद की प्राप्ति होती है और एक बार पाने पर इसे खोना तो और भी कठिन है। जीवन में तुम्हें तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रोत के साथ तुम्हारा दिव्य मिलन और संसार में बाकी सबकुछ तुम्हें इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है। असंख्य कारण, विभिन्न तरीकों से तुम्हें उस लक्ष्य से विमुख करते हैं; लाख बहाने, जो न समझे जा सकते हैं, न बताए जा सकते हैं, तुम्हें घर नहीं पहुंचने देते। राग और द्वेष से मन चंचल रहता है। केवल जब मन शांत होता है, तब परमानंद उदित होता है। परमानंद वास है दिव्यता का, सभी देवों का। केवल मानव शरीर में ही इसे पाया जा सकता है, अनुभव किया जा सकता है। एक बार मानव जीवन पाकर, तथा इस मार्ग पर आकर भी यदि तुम्हें यह समझ में नहीं आता, तो तुम बड़े नुकसान में हो। राग और द्वेष तुम्हारे हृदय को कठोर बनाते हैं। यदि हृदय में रूखापन है तो केवल व्यवहार में विनम्रता होने से कोई लाभ नहीं। संसार को यह परवाह नहीं कि तुम अंदर से कैसे हो। संसार केवल तुम्हारा बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु, ईश्वर को यह परवाह नहीं कि तुम बाहर से कैसे हो- वे केवल तुम्हारे अंदर देखते हैं। थोड़ा-सा भी राग या द्वेष का अंश कभी भी अपने दिल में मत बसाओ। इसे तो गुलाब के फूल की तरह रहने दो- ताजा, कोमल और सुगंधित। यह कैसा भ्रम है- तुम किसी व्यक्ति या वस्तु को नापसंद करते हो, और यह तुम्हारे हृदय को कठोर बनाता है। और इस कठोरता को निर्मल होने में बहुत समय लगता है। राग और द्वेष ऐसे जाल हैं जो तुम्हें अनमोल खजाने से दूर रखते हैं। इस भौतिक संसार में कोई भी चीज तुम्हें तृप्ति नहीं दे सकती। बाहरी दुनिया में संतुष्टि खोजने वाला मन अधिक अतृप्त हो जाता है और यह अतृप्ति बढ़ती ही जाती है; शिकायतें तथा नकारात्मक स्वभाव दिमाग को कठोर बनाने लगते हैं, सजगता को ढक देते हैं और पूरे वातावरण में नकारात्मकता का विष फैला देते हैं। जब नकारात्मकता शिखर छूती है, एक अत्यधिक फूले हुए गुब्बारे की तरह फूट जाती है और फिर से दिव्यता में आ जाती है।

# राजनीति की हद- मनमोहन का स्मारक कहाँ? निगम बोध घाट पर....?



ओमप्रकाश मेहता

आजकल तो राजनीति ईश्वर से भी बढ़कर हो गई, कहा जाता है कि- 'ईश्वर का घट-घट में वास है।' किंतु अब राजनीति तो उससे भी कई गुना आगे बढ़ गई, क्योंकि उसका विस्तार तो राजनेता के जीते जी तो ठीक उसके दिवंगत होने के बाद तक भी है। राजनीति के बारे में यह जानकारी काफी ताजा है, जो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के दिवंगत होने के बाद मिली है, स्व. मनमोहन सिंह जी के विचारों व भावनाओं के अनुरूप उनकी अन्त्येष्ठी सामान्य व्यक्ति की तरह निगम बोध घाट पर की गई, किंतु कांग्रेस के एक शीर्ष नेता ने मांग की कि पूर्व प्रधानमंत्री का स्मारक बनाया जाए, सरकार ने इस मांग को तत्काल स्वीकार भी कर लिया और घोषणा भी कर दी कि उनके स्मारक स्थल का चयन यथाशीघ्र कर लिया जाएगा, जबकि सामान्य परम्परा तो यही रही है कि अन्त्येष्ठी स्थल पर ही स्मारक बनाया जाता है।




जैसा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर पं. नेहरू, इंदिरा, राजीव, लाल बहादुर आदि के स्मारक उनके अन्त्येष्ठी स्थल पर बने है, तो क्या इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए सरकार दिल्ली के निगम बोध घाट पर डॉ. मनमोहन सिंह जी का स्मारक स्थापित करेगी या उनका स्मारक स्थल कहीं ओर जगह होगा?

अब हम इस विवाद को आज की दुर्भाग्यपूर्ण राजनीति से जोड़े या आज के मौजूदा राजनेताओं के दिमागी दिवालियापन से यह तो समीक्षाकताओं पर निर्भर है, पर यह कितना हास्यास्पद होगा कि अन्त्येष्ठी स्थल कहीं और स्मारक कहीं, क्या मृतात्मा की अन्त्येष्ठी के पहले इस विषय पर गंभीर चिंतन कर निर्णय नही लिया जा सकता था? लेकिन यदि ऐसा हो जाता तो फिर इस मसले पर राजनीति कैसे हो पाती? इसलिए अब इस मुद्दें को हवा दी जा रही है। क्या इसे दिवंगत शख्सियत के प्रति दुर्भावना या अपमान नही माना जाना चाहिए? और फिर दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री के जाति-धर्म विशेष को राजनीति से जोड़ना कहां तक उचित है, क्या अब देश के सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी को दिमागी दिवालियापन इस स्तर तक पहुंच गया है? क्या इससे पहले प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी की अन्त्येष्ठी के समय ऐसा विचार किया गया, इसे तो स्पष्ट रूप से दिवंगत आत्मा के प्रति निरादर ही माना जाएगा? क्योंकि इससे तो आज की राजनीतिक संकीर्णता ही उजागर होती है, क्या इसके पीछे भी 'वोट की राजनीति' है? क्योंकि विवाद शुरू होते ही अकाली शिरोमणी दल व आम आदमी पार्टी ताल ठोंक कर मैदान में आकर खड़े हो गए? क्या इसके पीछे भी दिल्ली चुनाव में 'सिख वोट' की राजनीति है?

जो भी हो, यह विवाद काफी गलत व दुर्भावनापूर्ण है, इससे मृतात्मा को शांति नही क्लेश ही हासिल होगा, यह आज के अवसरवादी राजनेताओं को समझना चाहिए। अब यहां इस घटना के तारतम्य में यही फिर गंभीर सवाल है कि क्या हमारे देश के कर्णधार राजनेताओं ने दो मिनट का ही समय निकाल कर कभी चह चिंतन किया कि हमारे देश की राजनीति को वे किस दिशा में ले जा रहे है और उसका अंजाम क्या होगा? अभी भी समय है, इस विषय पर गंभीर चिंतन होना चाहिए और देश की राजनीति को खिलौना मानकर उसके साथ खेलना बंद करना चाहिए।

# बैंक लॉकरः सुरक्षा की गारंटी फिर कहां



संजीव खुदशाह

बैंक और लॉकर की सुविधा शुरू होने से पहले लोग अपने बहुमूल्य रोपये-पैसे और कागजात गुप्त रूप से रखी तिजोरी में रखा करते थे। प्राचीन काल में लोग घर में ही किसी गुप्त स्थान पर गड्ढे खोदकर किसी मटके या बर्तन में बहुमूल्य चीजें रखा करते थे, लेकिन इसमें भय यह होता था कि यदि घर के जिम्मेदार व्यक्ति की असमय मौत हो जाती तो वह गुप्त स्थान में रखी चीजे उनके परिवारजनों को नहीं मिल पाती। या कई बार ऐसा होता कि चोर और डकैत उन गुप्त स्थान से भी चोरी कर लिया करते या लूट की वारदात हो जाती। यानी घर में रखी चीजे सुरक्षित नहीं मानी जाती थी।

इस कारण लोगों ने अपने रोपये-पैसे बैंक में रखने शुरू किए। बहुमूल्य वस्तुएं, गहने और कागजात के लिए बैंकों में लॉकर की सुविधा शुरू हुई तो लोगों ने इसका लाभ लेना शुरू किया। यह सोचकर की बैंकों में 24 घंटे सुरक्षा होती है। उनकी चीजे वहां सुरक्षित होगी, लेकिन विगत दिनों घट रही घटनाओं से यह सुरक्षा की गारंटी भी खत्म होती दिखती है। एक आम नागरिक घर में चोरी-डकैती न हो जाए ; यह सोचकर अपने बहुमूल्य कागजात और जेवर रुपये पैसे-बैंकों के लॉकर में रखते हैं। ताकि वहां पर वे सुरक्षित रहें, लेकिन कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं कि चोर



बैंक की तिजोरी को न निशाना बनाकर उसके लॉकर को निशाना बनाते हैं। और आम जनता, बैंकों के ग्राहक हाथ मलते रह जाते हैं। पिछले दिनों 17 दिसम्बर को लखनऊ के इंडियन ओवरसीज बैंक में दीवार काटकर चोरों ने 90 में से 42 लॉकर तोड़कर करोड़ों रु पये और जेवर पार कर दिए। बताया जा रहा है कि दिन में बैंक के आसपास के इलाके की रेकी की, इस दौरान बैंक में आसानी से दाखिल होने के रास्ते की तलाश की, आसपास कहां-कहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं इसका पता लगाया। चार दिन एक-एक चीज की बारीकी से रेकी के बाद गिरोह ने तय किया कि शनिवार की रात वारदात को अंजाम दिया जाएगा। चोरों ने मुंह में कपड़ा बांधा हुआ था तथा हेलमेट लगाए हुए थे ताकि सीसीटीवी से उनकी पहचान न हो सके। हालांकि लखनऊ के इस बैंक के मामले में चोर पकड़े गए तथा चोरी के सामान भी बरामद कर लिए गए। यह स्थानीय पुलिस की सक्रियता के कारण संभव हो पाया। खबर यह भी है कि एनकाउंटर में दो चोर मारे गए। घटना के दूसरे तीसरे दिन बैंक लॉकर के ग्राहक घटनास्थल पर पहुंचे और रोते-बिलखते दिखे। किसी ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी के लिए गहने वहां रखे थे। तो किसी ने बताया कि रिटायरमेंट के बाद अपने जीवन की सुरक्षा के लिए सारे बहुमूल्य पेपर और पैसे वहां रखे थे, लेकिन अब वह वहां नहीं है। उनके लॉकर टूटे हुए थे। चोरों से बरामद सामान में भी ग्राहकों को अपने सामान की पहचान और दावा करने में कई अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। जब तक उनके पास पूरा वैद्य दस्तावेज नहीं होगा। तब तक उन्हें उनके गहने, जेवर और रुपये-पैसे प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस प्रकरण में बैंक अफसर यह दावा कर रहे हैं और अपनी सफाई दे रहे हैं कि बैंक की तरफ से सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई। रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) के नियमों के मुताबिक पूरी व्यवस्था थी। लॉकर में डबल लॉक रहता है। इसकी एक चाबी बैंक के पास और दूसरी ग्राहक के पास होती है। ऑडिट विभाग समय-समय पर इमारत की सुरक्षा की पड़ताल करता है। ऑडिट में बैंक के भवन को सुरक्षित बताया गया। यह भी बताया गया कि सभी बैंक आरबीआई के नियमों के तहत ही संचालित होते हैं। हालांकि किसी भी बैंक में रात को गार्ड की तैनाती की व्यवस्था नहीं है, जो हास्यास्पद है। रात कि सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस और गश्ती दल की होती है।

गौरतलब है कि आधुनिक सुरक्षा प्रणाली एवं तकनीक के बावजूद चोर किस तरह बैंक में दाखिल हुए, 42 लॉकरों को तोड़ा, लेकिन बैंक मैनेजर तक को पता नहीं चला। चूंकि बैंक में स्वचालित अलार्म की व्यवस्था होती है। तो घटना के वक्त अलार्म क्यों नहीं बजे? यदि बजे तो चोरों तक अधिकारी क्यों नहीं पहुंच पाए। यह सारी चीज गंभीर सवाल खड़ा करती है। खैर ऐसी स्थिति में बैंकों के ग्राहक अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। क्योंकि उनके सामने यह प्रश्न खड़ा हो जाता है कि जब बैंक भी सुरक्षित नहीं है तो वह अपने बहुमूल्य सामान को रखे तो कहां रखें? बैंक के लॉकर की शर्तों में इस बात का जिक्र होता है कि चोरी होने की स्थिति में बैंक की जिम्मेदारी नहीं होगी। कई बैंक लॉकर का बीमा करवाते हैं। ऐसी स्थिति में भी नुकसान ग्राहक को होता है। क्योंकि बहुमूल्य वस्तुएं और जरूरी कागजात वापस नहीं मिल पाते। काश ऐसे कड़े नियम बनाए जाते जिससे बैंक अफसरों की जिम्मेदारी तय होती और बैंक व लॉकर के प्रति लोगों का भरोसा कम होने के बजाए बढ़ता। उन खामियों को दूर किया जाना चाहिए जिसके सहारे ऐसे वारदात को अंजाम दिया जाता है।

# गढ़वा विधायक पर एफआइआर, 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** गढ़वा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर मेराल थाने में एफआईआर दर्ज कराने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। विधायक के अलावा तीसरटेटुका के मुखिया पति जगजीवन राम के विरुद्ध संजय कुमार चौबे ने कथित गाली गलौज करने, धमकी देने और 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप भी एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। संजय चौबे की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पेशका ऑफिस से बघेसर तक सड़क निर्माण कार्य करा रहे हैं। 27 दिसंबर की दोपहर लगभग ढाई बजे तीसरटेटुका पंचायत के मुखिया पति जगजीवन राम के मोबाइल से उनके पास फोन आया और वे पूछने लगे कि सीमेंट कम्पनी और विभाग से कोई जांच के लिए आया था या नहीं? उनके हां कहने और आगे बातचीत होने के क्रम में गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, जो संभवतः उनकी बातें सुन रहे थे, उन्होंने फोन अपने हाथ में लेकर उन्हें गंदी गंदी गाली देने लगे और काम बंद करने की धमकी भी दी। संजय चौबे ने लिखा है कि पूर्व में भी विधायक सतेन्द्र नाथ तिवारी ने तीसरटेटुका मुखिया पति जगजीवन राम से बात करने के लिए कहा था। जगजीवन राम ने मुझसे मेरे जरिये बनाए जा रहे पेशका से बघेसर स्कूल तक रोड निर्माण कार्य का टेंडर राशि करीब सात करोड़ रुपए का पांच प्रतिशत यानी 35 लाख रुपए बतौर रंगदारी विधायक के पास जमा करने को कहा और मेरे मना करने पर सड़क निर्माण काम रोक देने और नहीं रोकने पर बर्बाद करने की धमकी दी थी। विधायक की ओर से काम बंद कराने की धमकी मिलने पर मैं ने सड़क निर्माण कार्य बंद कर दिया। जगजीवन राम ने कई बार विधायक के नाम पर 35 लाख रुपए का डिमांड किया था। विधायक की ओर से पुनः फोन पर धमकी और गाली सुनकर मैं पूरी तरह टूट चुका हूं। मैं व मेरे परिवार के सभी सदस्य काफी अपमानित और डरा हुआ महसूस कर रहें हैं, काम बंद करने के कारण आय पर संकट की स्थिति में मेरे पास आत्महत्या के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं रहेगा और इस हालत में इसकी पूरी जिम्मेवारी विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी की होगी। जगजीवन राम ने मुझे यह भी धमकी दी है कि विधायक का निर्देश है जिसका भी उनके क्षेत्र में काम चल रहा है उनसे पांच प्रतिशत ले रहे हैं, जो नहीं देगा उसको काम नहीं करने नहीं देंगे और हरिजन एक्ट का केस करा कर काम को जांच कराने के बहाने रोकवा देंगे। उग्रवादी के नाम पर मशीन में आग लगवा कर बर्बाद कर देंगे।

## अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर, जिले में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ सोमवार को एक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्रा, अड़की व अन्य प्रखंडों में अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट किया। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अफीम की अवैध खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर सहित अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। साथ हीं उन्होंने अफीम की अवैध खेती छोड़ कर वैकल्पिक खेती करने की बात कही।

## प्रेम प्रसंग में लड़की के अपहरण करने का प्रयास, छह गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** एकतरफा प्रेम में लड़की का अपहरण करने के प्रयास में छह लोग गिरफ्तार किये गये हैं। साथ ही देसी कट्टा और गोली बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि 29 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के गगरेसिंगा में हथियार के बल पर एक लड़की का अपहरण करने का प्रयास किया गया है। इस मामले में मरकच्चो थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो वाहन से भाग रहे छह अपराधियों को पकड़ा गया। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ करने पर मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का पाया गया। अपराधी के जरिये हथियार के बल पर लड़की का अपहरण कर शादी करना चाह रहे थे। जबकि अपराधी पूर्व से शादीशुदा है एवं उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई है। मुख्य अपराधकर्मी मनोज कुमार सिन्हा पीड़िता की दीदी का देवर है। पकड़े गए अपराधी दीपू कुमार सिन्हा के पास से एक जिंदा गोली, मनोज कुमार सिन्हा के पास से दो चिली पाउडर स्प्रे एवं पकड़े गए अपराधियों के निशानदेही पर एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस के जरिये गिरिडीह के देवरी निवासी मनोज कुमार सिन्हा, गिरिडीह के गांवा निवासी अभय कुमार, बिहार के नालंदा निवासी चंदन कुमार , दीपू कुमार सिन्हा, अमित राज , रितिक कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, एक स्कॉर्पियो पांच मोबाइल और रेड चिल्ली स्प्रे की दो बोतल बरामद किया है।

## नकली विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार नव वर्ष पर उत्पाद विभाग की कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** नव वर्ष पर शराब के अवैध कारोबार को देखते हुए सोमवार को उत्पाद विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद किया गया है। विभाग ने छापेमारी कर 45.810 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनातू बाजार निवासी पवन कुमार गुप्ता (28) के रूप में हुई है। जबकि फरार आरोपित प्रिंस कुमार और मनीष कुमार शामिल हैं। उत्पाद विभाग की ओर से सोमवार सुबह बताया गया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि मनातू बाजार में मनीष कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता के घर पर नकली शराब तैयार की जा रही है और उसे नव वर्ष के मौके पर खपाने की तैयारी है। सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश और गृह रक्षकों के दल ने मनातू बाजार में छापेमारी की। यहां से नकली विदेशी शराब इंपीरियल ब्लू, व्हिस्की व बी सात ब्रांड की शराब एवं भारी मात्रा में खाली बोतल भी बरामद हुई। उत्पाद विभाग ने बताया कि खाली शराब की 500 बोतल बरामद की गई है।

## दोस्तों के साथ की पत्नी की हत्या, सड़क हादसे का दिया रूप, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** वाहन का लोन माफ कराने के लिए दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी और इसे सड़क हादसे का रूप दे दिया। मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में कृष्ण यादव , मोहम्मद मिनहाज अंसारी और मोहम्मद सरफराज अंसारी को गिरफ्तार करते हुए एक बलेनो कार, एक टीवीएस मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह ने सोमवार शाम को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पांच दिसंबर को कोडरमा थाना में एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के क्रम में महिला की हत्या करने का मामला सामने आया था। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा महिला के पति कृष्ण यादव से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि मृतका एवं उसके पति के बीच शादी के बाद से ही विवाद चल आ रहा था। कृष्णा यादव ने अपनी पत्नी के नाम पर चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन एवं एक समूह लोन लिया था। इसका किश्त वह जमा नहीं कर पा रहा था। इस पर कृष्ण यादव के दोस्तों ने सलाह दिया कि यदि उसकी पत्नी की मौत हो जाती है तो सभी लोन माफ हो जाएगा। इसके बाद कृष्ण यादव ने अपने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने के नियत से इसे सड़क दुर्घटना का रूप दे दिया।

## कम्प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत मत्स्यजीवी एवं दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां हेतु एवं कम्प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कहा कि देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान होना है पैक्स के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं लेकिन इसे और भी गति देने के लिए कंप्यूटराइजेशन बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी को बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते एवं जल्द से जल्द सभी पैक्स, सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा जानकारी दी गई की सहकार से समृद्धि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से जिले के सभी पैक्सों का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है जिसके उपरांत पैक्स द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी वहीं कार्य प्रणाली में भी सुधार आएगा। वही मत्स्य पालन एवं गव्य विकास सहित अन्य संबद्ध विभागों के किसानों को भी सहकारी समिति के रूप में विकसित एवं उनका कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित पैक्स अध्यक्षों, प्रतिनिधियों, मत्स्य, गव्य सहकारी समितियोंको पैक्सों के कंप्यूटराइजेशन के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई वहीं सभी के समक्ष कार्यों के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

## रामगढ़ में तीन करोड़ का डोडा छुपा कर ले जा रहे थे तस्कर, पुलिस ने किया जब्त

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले की मांडू थाना पुलिस ने सोमवार को एक ट्रक से 102 बोरिया में करीब 19 क्विंटल 26 किलो डोडा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इसकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपए है। इस डोडा को ट्रक में लोडकर हजारीबाग की ओर से रामगढ़ की ओर ले जाया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मांडू पुलिस को सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि ट्रक ( पीबी23टी / 1707) में भारी संख्या में डोडा लदा हुआ है। वह रामगढ़ की ओर जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही गश्ती में तैनात एएसआई दिलीप कुमार पासवान ने उक्त वाहन को पीछा किया। वाहन को पीछा करते देख चालक चालाकी करते हुए वाहन को हेसागढ़ा स्थित पेट्रोल पंप खड़ा कर दिया और नौ दो ग्यारह हो गया। बाद में पुलिस इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दिया। इसके पश्चात प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक फौजन अहमद, थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, पुआनि संतोष उरांव, रंजीत कुमार यादव, सदानंद प्रसाद, दिगम्बर पांडेय सभी सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही जब्त डोडा को मांडू पुलिस थाना ले आई और कागजी प्रक्रिया में जुट गई। हेसागढ़ा स्थित पेट्रोल पंप में जब्त हुए करोड़ों रुपये मूल्य का डोडा को वजन कराया गया। पुलिस के मौजूदगी में सभी बोरियों का वजन किया गया। डोडा जब्त मामले में ट्रक चालक चालाकी दिखाते हुए हेसागढ़ा स्थित पेट्रोल पंप में वाहन को खड़ा किया और वहां से भाग निकला। जिसका फुटेज पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया।

## एक नजर

### आरोग्य रथ से लाभान्वित हो रहे हैं कुपोषित बच्चे

**खूंटी :** जिला प्रशासन और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से खूंटी जिले में आरोग्य रथ पहल शुरू की गई है। यह कार्यक्रम छह वर्ष से कम उम्र के कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके परिवारों और समुदाय को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। कार्यक्रम के तहत बच्चों को 15 दिनों तक विशेष पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार हो सके। यह पहल अनुभवी डाइटिशियन और सामुदायिक मोबिलाइजर्स की देखरेख में संचालित होती है, जो पोषण और स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित सत्र आयोजित करती हैं। अब तक यह कार्यक्रम सैकड़ों बच्चों और उनके परिवारों को लाभान्वित कर चुका है। आरोग्य रथ पहल खूंटी जिले में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बदलाव लाने और कुपोषण को समाप्त करने में प्रेरणादायक कदम है। जिला प्रशासन इस कार्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### कोल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

**चतरा :** टंडवा में इन दिनों सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार कोल वाहनों का कहर से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सोमवार को थाना क्षेत्र के टंडवा-पिपरवार मुख्य पथ पर स्थित मंडेर गांव के समीप अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना में घायल तीनों युवकों की पहचान मंडेर निवासी विष्णु उरांव, रंजीत उरांव एवं अमन उरांव के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात कोल वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों और परिजनों ने सीसीएल और एनटीपीसी प्रबंधन के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर टंडवा-पिपरवार मूख्य सड़क को जाम कर दिया है।

### ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही, कार मालिक लगा रहा थाने का चक्कर

**रामगढ़ :** रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण एक तरफ जहां अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है, वहीं आम नागरिक खासे परेशान हो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने एक ऐसी लापरवाही की जिससे पतरातू थाना क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा निवासी ब्रजभूषण सिंह को अपनी अल्टो के-10 कार ही अब बड़ी जहमत लगने लगी है। सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी कार घर में है और उनके नंबर प्लेट से एक फर्जी बाइक सड़क पर दौड़ रही है। उन्हें इसका पता तब चला जब उनके नंबर पर ट्रैफिक पुलिस के जरिये काटा गया चालान पहुंचा। उस चालान को जब उन्होंने ऑनलाइन खोला तो देखा कि वहां हीरो हॉंडा मोटरसाइकिल की तस्वीर है। जबकि बृजभूषण सिंह के पास कोई मोटरसाइकिल नहीं है। 26 दिसंबर को हुई इस घटना के बाद से बृजभूषण सिंह अब लगातार थाने का चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें इस बात की चिंता खाए जा रही है कि उनके नंबर से कोई अज्ञात व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल दौड़ा कर कौन सा ऐसा कार्य कर रहा है, जिसका पता उन्हें नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुशासन व उत्तम स्वास्थ के लिए किया गया परेड का आयोजन



**रामगढ़ :** पुलिस केंद्र रामगढ़ में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों में अनुशासन बनाए रखने एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए सोमवार को परेड का आयोजन किया गया। साथ ही पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों के कल्याण कार्य के लिए पुलिस सभा का भी आयोजन किया गया है। भारत स्वच्छता मिशन के तहत साफ सफाई पर भी चर्चा की गयी।

### खूंटी के ग्रामीण उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र, मेले में हो रही चर्चा




**खूंटी :** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी और सरस मेला में खूंटी जिले के ग्रामीण उत्पादों की धूम है। झारखंड के खूंटी जिले के पांच स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खूंटी जिले के पलाश अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के जरिये तैयार किए गए उत्पादों को मेले में भारी सराहना मिल रही है। खासकर, आदिवासी ज्वेलरी का स्टॉल, जिसे जीवन ज्योति महिला मंडल, मुरहू के जरिये लगाया गया है। स्टॉल में अब तक 2.69 लाख रुपये मूल्य के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। जिले के तोड़ेंगकेल गांव के बुनकरों जरिये बनाए गए हैंडलूम वस्त्रों का स्टॉल, जिसे शांति महिला मंडल के जरिये संचालित किया जा रहा है, ने अब तक 60 हजार रुपय का कारोबार किया है, वहीं, मुरहू प्रखंड के गुलाब महिला मंडल द्वारा लगाए गए लाह की चूड़ियों के स्टॉल ने 55 हजार रुपये की बिक्री हुई है। तोरपा प्रखंड से लगाए गए बेकरी यूनिट के स्टॉल ने अब तक 27 हजार रुपये का व्यवसाय किया है। इसके साथ ही आजीविका दीदी कैफे, जो स्थानीय व्यंजन परोस रहा है, ने मेले में आए लोगों का ध्यान खींचते हुए एक लाख रुपये का कारोबार किया है। खूंटी के ये सभी स्टॉल न केवल ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता को दर्शा रहे हैं, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को भी बढ़ावा दे रहे हैं। मेला आगामी छह जनवरी 2025 तक जनता के लिए खुला रहेगा।

### सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शिक्षकों ने की संवेदना व्यक्त



**खूंटी :** सहायक अध्यापक संघ ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्दिक शेख के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। सिद्दिक शेख का रविवार को बेन हेमरेज से रिम्स रांची में निधन हो गया था। संघ के खूंटी जिला अध्यक्ष संजय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय कचहरी मैदान में आयोजित बैठक में संघ के नेताओं ने कहा कि सिद्दिक घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अब चिंता की बात है कि उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। जिलाअध्यक्ष संजय पाठक ने कहा कि सरकार के जरिये ईपीएफ की राशि काटी जा रही थी। सरकार तत्काल उनके परिवार को नियमानुकूल सहायता प्रदान करे और अनुकंपा के आधार पर उनके पुत्र को समायोजित करे। जिला सचिव नेली लुकस ने कहा कि हमारे भविष्य की चिंता यदि सरकार को है, तो तत्काल उनके परिवार को राहत देते हुए 10 लाख रुपये का भुगतान करे। 22 वर्षों से हम सेवा देते आ रहे हैं और अभी तक न संतोषजनक मानदेय मिला और न ही वेतनमान। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के तमाम सहायक अध्यापक 300 रुपये की राशि मृतक के स्वजनों को सहयोग के तौर पर देंगे। संघ के जरिये निर्णय लिया गया कि सहयोग नहीं करने वाले शिक्षकों को चिह्नित कर भविष्य में किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जाएगा। बैठक में जीता मिंज, गौरांग मुंडा, सुकन्या टूटी, रविन्द्र मुंडा, सुनील स्वांसी, सोमनाथ नाग, सुखनाथ होरो, कोनो सिंह मुंडा, उदय सिंह मुंडा, आसमान कच्छप, तारामुनी देवी, द्रौपदी कुमारी, रूपण कुमारी, अमृता कुमारी, कृष्णा महतो आदि उपस्थित थे।

### डॉ अंबेडकर पर गृहमंत्री की टिप्पणी के खिलाफ वाम दलों ने निकाला प्रतिवाद मार्च



**गिरिडीह :** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ संसद गृहमंत्री की अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में वाम दलों ने सोमवार को गिरिडीह में प्रतिवाद मार्च निकाला। विभिन्न मार्गों से होते हुए शहर के टावर चौक पहुंचा। यहां मार्च का नेतृत्व कर रहे फॉरवर्ड ब्लॉक के राजेश यादव ने कहा कि देश के करोड़ों दबे-कुचले लोगों के आस्था के प्रतीक डॉ। अंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। गृहमंत्री अमित शाह तत्काल माफी मांगें, अन्यथा राष्ट्रपति को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा और इसके नेता डॉ अंबेडकर, संविधान और देश के संघीय ढांचे पर लगातार हमला कर रहे हैं। भाजपा नेताओं के वक्तव्य से उनका असली चेहरा सामने आ जाता है। ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्ण की साजिश भी इनकी संविधान विरोधी मानसिकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के लिए यदि गृहमंत्री अमित शाह माफी नहीं मांगते हैं, या उनकी बर्खास्तगी नहीं हुई, तो वामदलों का आंदोलन जारी रहेगा। प्रतिवाद मार्च में राजेंद्र मंडल, मनोज कुमार यादव, शंकर वर्मा, महेंद्र साव, शंभू तुरी, रीतलाल दास, किशोरी मंडल, रामलाल मंडल, चंदन वर्मा, सोनू दास, गोकुल दास, नारायण दास, राजू दास, दिनेश राम, दामोदर यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर

### सभी विद्यालयों में एमडीएम संचालित रसोइया, सहिया को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बरहरवा :** जिला शिक्षा अधीक्षक साहिबगंज के निर्देश के आलोक में बरहरवा प्रखंड अंतर्गत सभी ग्यारह संकुल संसाधन केंद्र में दिनांक 3 जनवरी से 6 जनवरी तक संकुल स्तर पर प्रखंड के सभी एमडीएम संचालित विद्यालयों के रसोईया एवं सहिया को एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी देते हुए बाल संसाधन केंद्र बरहरवा के बीपीओ मनोहर लाल ने बताया कि वितीय वर्ष 24/ 25 में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत दिनांक 24 दिसंबर 2024 से प्रखंड स्तर के सभी एमडीएम संचालित विद्यालय के रसोईया को सुशीला फाउंडेशन फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट रांची के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना था पर किसी कारणवश यह प्रशिक्षण निर्धारित तिथि को नहीं हो पाया। संस्था के द्वारा विभाग से देर से संपर्क किए जाने के कारण यह प्रशिक्षण निर्धारित तिथि को नहीं हो पाया। समिति के द्वारा अब विभाग से संपर्क किया गया है जिस कारण से यह प्रशिक्षण बरहरवा प्रखंड में सभी 11 संकुल में दिनांक तीन जनवरी रिसेट प्रारंभ होकर 6 जनवरी तक चलेगा जिसमें एमडीएम संचालित सभी 11 संकुल के सभी विद्यालयों के रसोईया एवं सईया को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिन संकुल में प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है उनमें से संकुल संसाधन केंद्र मिजार्पुर बांग्ला कोटालपोखर, जमपुर कोटालपोखर, ग्वालखोर, श्रीकुंड, बालक मध्य विद्यालय आदि शामिल है।

### दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर राख

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड के माटिहाना में एनएच-49 के सर्विस रोड किनारे स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान में रविवार की रात आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। दुकान चिरंजीव चक्रवर्ती ने बताया कि वह रात को दुकान बंद कर कर अपने घर चला गया। आसपास के दुकानदारों ने सोमवार की सुबह दुकान से आग की लपटें व धुआं निकलते देख घटना की सूचना दी। उनलोगों ने फायर ब्रिगेड को भी फोन किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा सभी सामान जल चुका था। चिरंजीव चक्रवर्ती ने बताया कि उसकी दुकान में करीब 22 लाख रुपए का समान था, जो जल गया। उसके अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट से लगी।

### राज्य के सबसे बड़े राधा-कृष्ण मंदिर का हुआ पोस्टर विमोचन

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय शिवगंज हरमू रोड में पोस्टर विमोचन हुआ। 5 जनवरी 2025 को अरगोड़ा पुंदाग मे उद्घाटन हगा। राज्य का सबसे बड़ा राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज चौधरी ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी शिव धाम मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को सुबह 10 बजे होगा। कहा कि यह उदघाटन ट्रस्ट के संस्थापक संत शिरोमणि स्वामी, श्री सदानंद जी महाराज के द्वारा कर कमलों द्वारा तथा प्रणामी समाज के संत महात्माओं की उपस्थिति मे होगा। 5 से 8 जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी। वाणी चर्चा एवं बीतक कथा का भी होगा। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सह कोषाध्यक्ष नंदकिशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विशाल जालान, विष्णु सोनी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, दीपक समेत अन्य मौजूद थे।

# दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहारा बनकर खड़ी है झारखंड सरकार : योगेंद्र प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज सोमवार को छावनी परिषद फुटबॉल मैदान में हुआ। इसका उद्घाटन झारखंड सरकार पेयजल और स्वच्छता तथा मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि महिला सम्मान के तर्ज पर दिव्यांग सम्मान देने का प्रयास झारखंड सरकार कर रही है। यह राशि पेंशन योजना के रूप में दिए जाने के लिए प्रयासरत है। देश के कोने-कोने से आए हुए तमाम महिला दिव्यांग क्रिकेटर जीवन की चुनौतियों से दो दो हाथ कर रही हैं। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि ये दिव्यांग होकर भी अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर हमें सकते में डाल रही हैं। झारखंड सरकार हर संभव ऐसे होनहार खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का प्रयास करेगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने भरोसा दिलाया दिव्यांगो को स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार उनके साथ बैसाखी बन कर खड़ी है। विशिष्ट अतिथि विधायक ममता देवी ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। जरूरत है उन्हें अवसर देने की। आज दिव्यांग महिलाओं के जरिये इस देश स्तरीय टूनार्मेंट में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपने शारीरिक कमी को मात दी है। घर से निकलकर देश का नाम रोशन कर रही है। विधायक ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर ने दिव्यांग महिला खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की। दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के प्रदेश के मुख्य संरक्षक विजय मेवाड ने कहा कि दिव्यांग भाई-बहन हमारे समाज के हीं हिस्से हैं। दिव्यांगो को अवसर देकर समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है। दक्षता के अनुसार शिक्षण और प्रशिक्षण देकर उन्हें भी समाज में सम्मान के साथ जीवन यापन का अधिकार मिल जाएगा। भविष्य में और भी बड़े और भव्य प्रतियोगिता का आयोजन योजना बनाने की कोशिश जारी है। एम पी रुंगटा समूह के महाप्रबंधक कर्नल संजय सिन्हा ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं हमें दिव्यांग जनों के लिए सेवा करने का अवसर प्रदान प्राप्त हुआ। दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के संस्थापक अतहर अली ने कहा दिव्यांग आज में रामगढ़ में एक नया इतिहास लिख रहे हैं। अब दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं सहयोग की जरूरत है। फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ ने मंत्री योगेन्द्र प्रसाद को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। संरक्षक शाहिद शिद्दिकी ने विधायक ममता देवी को अंग वस्त्र और शाल से सम्मानित। अतहर अली ने ससम्मान शहजादा अनवर को स्मृति चिन्ह और शाल प्रदान किया।

**झारखंड बनाम हिमाचल का हुआ मुकाबला**

झारखंड बनाम हिमाचल प्रदेश में टॉस जीतकर हिमाचल प्रदेश ने फील्डिंग चुनी। झारखंड ने 10 ओवर में 42 रन बनाये जबकि हिमाचल प्रदेश ने 7.5 ओवर में 43 रन बनाकर बिना विकेट खोए 10 विकेट से जीत हासिल की।

## कृषक मित्रों के मानदेय का भुगतान करे सरकार : आनंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड के कृषक मित्रों ने रविवार को गुर्रा नदी किनारे स्थित दबांकी आश्रम में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिछले 15 सालों से बिना मानदेय के काम लिए जाने पर कृषक मित्रों ने विरोध जताया और राज्य सरकार से उनकी मांगों पर विचार करने का आग्रह किया। पूर्वी सिंहभूम जिला कृषक महासंघ के अध्यक्ष आनंद दास ने कहा कि पोटका प्रखंड के 50 से अधिक किसान वर्ष 2009 से कृषक मित्र के रूप में सेवा दे रहे हैं। उन्हें मानदेय के बदले प्रोत्साहन राशि में महज 1000 रुपए दिए जाते हैं। वह भी नियमित नहीं मिलता। आनंद दास ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने विचार नहीं किया, तो वे लोग मंत्री नेहा तिर्की से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से सरकारी कर्मियों की तरह उन्हें भी मानदेय का भुगतान करने, आत्मा से हटाकर सरकारी कर्मचारी घोषित करते हुए चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी का दर्जा देने व मोबाइल मुहैया कराने की मांग की. वनभोज सह मिलन समारोह में विश्वजीत गोप, संदीप कुमार पंडबंधा, शाको मार्डी, मनिंदर गोप, श्याम सुंदर गोप, अरुण कुमार साव, नंदलाल हेंब्रम, लक्ष्मी सरदार, प्रशांत मंडल, शीतला सरदार, बसंती सरदार, दुलाल सेन आदि शामिल थे।

## विधायक ने कालू एवं मिजार्पुर पंचायत का दौरा कर ग्रामीणों के प्रति जताया आभार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** सोमवार को विधायक निसात आलम ने पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत श्रीकुंड एवं प्लाशबोना पंचायत के अन्तर्गत सिरासीन, ईटबागान, साहेबडांगा, शुक्रवासनी मिजार्पुर, लालमाटी ग्राम का दौरा कर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और कहा की पाकुड़ विधानसभा से चुनाव में हमे प्रचंड वोट से जीत दिलाने में आपकी बहुत बड़ी भागीदारी है यहां तक कि आपने झारखंड में सबसे ज्यादा वोटो से जीता कर इतिहास रचने का काम किया है। जिसके लिए हम आपको तहे दिल से धन्यवाद देते हैं और आपने जो प्यार, स्नेह, समर्थन, विश्वास जताने का काम किया है उसके लिए मैं आपके सुख दुःख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगी। उसके बाद उन्होंने ग्रामीणों का हाल जाना और कहा कि कोई भी दिक्कत या परेशानी हो तो आप जरूर हमें बताएं मैं उसका निदान करने की पूरी प्रयास करूंगी। आपने हमें जिस उद्देश्य से मुझे जिताया है उस उद्देश्य को मैं पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, नाबिद अंजुम, आनारूल खान, इंतियाज शेख, शमशेर अली खान, कमलुदीन शेख, अब्दुल करीम, प्रदीप साहा, सोहेब अख्तर, वसीम अकरम, मोताजुल, कमाल शेख, आलमगिर, फिरोज सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## कोटालपोखर के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत कोटालपोखर स्थित दुधिजोल के एक गोदाम में बीते रविवार रात को भीषण आग लगने की वजह से गोदाम का सारा माल जलकर राख हो गया साथ ही गोदाम भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे लाखों रुपए की संपत्ति जलने की संभावना जताई जा रही है।

**क्या है पुरा मामला**


हरी नारायण घोष जो की बंगाल सीमा क्षेत्र बगदबडा के रहने वाले हैं। इनका मुख्य पेशा विवाह समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों मे साउंड, पंडाल, डीजे जैसी अन्य व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराना है। इस पेशे से संबंधित सामग्रीयों को वे कोटालपोखर स्थित दुधिजोल के एक गोदाम में रखते थे और वहां एक चौकीदार भी रखा हुआ था। लेकिन रविवार देर रात अचानक उनके गोदाम में आग लग जाती है जिसकी सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई आग समय बीतते और तेज होती गई जिसपर स्थानीय ग्रामीणों को काबू पाना मुश्किल हो गया जिसके बाद स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई और अग्निशमन दल को भी सूचित किया गया। लेकिन जबतक अग्निशमन के कर्मचारी मौके पर पहुंच पाते तब तक आग की लपटे तेज हो चुकी थी रात के करीब 2 बजे यह घटना हुई। वहीं अग्निशमन दल को मौके में पहुंचने में देर हुई दल के घटना स्थल में पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक लाखों की संपत्ति राख हो चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग की लापरवाही की बात कही।

**क्या कहते हैं गोदाम के मालिक**

हरी नारायण घोष का कहना है की उनके जीवन भर की जमा पूंजी एक रात में जलकर राख हो गई उनका सारा सामान जलकर राख हो गया ये आग अचानक लगी या फिर किसी ने जान बूझकर इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले को लेकर उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मामले की जांच करने का आग्रह किया है।

## नववर्ष के मद्देनजर पुलिस ने पिकनिक स्थलों पर किया पैदल मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** वर्ष 2024 की समाप्ति व नववर्ष के उपलक्ष्य में सरायकेला-खरसावां जिले के पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सोमवार को पैदल मार्च किया। एसपी के निर्देश पर प्रहरी पहल के तहत एसडीपीओ के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जिले के सभी पिकनिक स्पॉट व चिह्नित स्थानों पर पुलिस की टीमों ने पैदल गश्ती की। इसमें पुलिस इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व जवान शामिल थे। पिकनिक स्पॉट पर नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, अवैध पार्किंग, रैश ड्राइविंग व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल डैम, डोबो स्थित सतनाला डैम, समेत अन्य पिकनिक स्पॉट और पर्यटन स्थलों पर यह अभियान चलाया गया।

**नववर्ष का जश्न मनाने पहुंचते हैं पर्यटक**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के दर्जनों पिकनिक स्पॉटों पर नववर्ष के स्वागत में दूर-दराज से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। चांडिल डैम, दलमा पहाड़ी, डोबो का सतनाला डैम, पालना डैम समेत दर्जनों ऐसे रमणिक स्थान हैं जहां पर्यटक नए साल का जश्न मनाने पहुंचते हैं। पिकनिक मनाने के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे, लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। इन स्थानों पर स्थानीय समिति और संस्था के द्वारा भी पिकनिक के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका खासा इंतजाम किया गया है। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सभी पिकनिक स्थल नए साल के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# पुलिस दमन के खिलाफ माले ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** पलामू जिले में दलितों के ऊपर पुलिस उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ भाकपा माले और दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया। 28 नवंबर 24 को पाटन थाना अंतर्गत सगुना गांव में उसी गांव की दलित फूला देवी के साथ होंडा शोरूम कंपनी से लेनदेन के विवाद में थाना प्रभारी दलित महिलाओं को बेरहमी से लाठियों से पिटाई की और दो दलित नौजवानों को झूठे केस में जेल भेज दिया। दूसरी घटना पांडू थाना अंतर्गत कजरू कला गांव की है, जहां दलित परिवार और पांडे परिवार के बीच भूमि विवाद में कोर्ट का फैसला पांडे परिवार के पक्ष में आ गया। पुलिस कोर्ट के फैसला की आड़ में दलितों पर बर्बर दमन किया और उनके घर को भी गिरा दिया। उन्हें बेदखल कर दिया गया। पुलिस इस बर्बर करतूत से न सिर्फ स्थानीय पुलिस प्रशासन का जनविरोधी चेहरा उजागर हुआ है, बल्कि अबुआ सरकार की छवि भी धूमिल हुई है।

धरना के जरिए मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पाटन और पांडु के दलितों को न्याय मिले, उन पर से झूठे केस वापस हों। पांडु और पाटन थाना प्रभारी को शीघ्र हटाया जाए। पांडु सीओ पर भी कानूनी कार्रवाई हो। प्रदर्शन में जिला कार्यकारी सचिव रविंद्र भुइयां, दिहाड़ी मजदूर यूनियन के नेता राजीव रंजन, त्रिलोकी नाथ, पांकी मध्य जिला परिषद् खुशबू कुमारी, पवन विश्वकर्मा, कपिल प्रजापति, प्रदीप विश्वकर्मा, गौतम, रामराज पासवान, बलराम राम, दिव्या भगत, अनीता देवी के आवले पीड़िता के परिजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीनियर जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में सीएबी रेड बरहरवा ने 121 रनों से दर्ज की जीत



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के एक मैच में सोमवार को सीएबी रेड बरहरवा बनाम बरहेट वारियर्स क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। बरहेट वारियर्स ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सीएबी रेड बरहरवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 4 विकेट पर 244 रन बनाए। पीयूष गुप्ता ने शानदार शतक लगाते हुए 109 रन बनाए। ईशु कुमार ने 41, प्रीतम सरकार ने 16 व अमूल ने 11 रनों की पारी खेली। बरहेट वारियर्स के गेंदबाज राहुल ठाकुर ने 2, अमित व उत्तम ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बरहेट वारियर्स की टीम 22.2 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। विकास ने 11, अमित ने 19, सचिन ने 18 व विशाल ने 19 रन बनाए। सीएबी रेड बरहरवा के गेंदबाज सन्नी श्रीवास्तव ने 3, पीयूष गुप्ता ने 2, अरबाज, आयुष व रंजन ने 1-1 विकेट लिया। सीएबी रेड बरहरवा ने 121 रनों से जीत दर्ज की। सीएबी रेड बरहरवा के खिलाड़ी पीयूष गुप्ता को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि राकेश कुमार रोशन ने पीयूष को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अंकुर सिन्हा, टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, मो जुनैद, आदित्य, मौजूद थे।

### शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को मिले पीएम जनमन योजना का लाभ : संजय दास




**साहिबगंज:** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना का लाभ शत-प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के परिवारों को दिलाने को लेकर बरहेट प्रखंड के सभागार में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास ने सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं आदि का लाभ दिलाने एवं पीवीटीजी टोलों में सड़क, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की नई कमेटी गठित



**साहिबगंज:** बीते दिनों बाकुडी में हुई झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का केंद्रीय अधिवेशन संपन्न हुई। इस अधिवेशन में केंद्रीय कमेटी को पूरी तरह से भंग करते हुए नई केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया। वही अधिवेशन में निर्णय लिया कि झारखंड मजदूर संघ का संथाल परगना पर प्रमंडलीय स्तरीय जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। वही संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने प्रेस को बताया कि 9 फरवरी को प्रथम जिला स्तरीय अधिवेशन साहिबगंज में,16 को गोड्डा 23 को पाकुड़ सहित दुमका, देवघर, जामताड़ा में कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस जिला स्तरीय अधिवेशन में जिल पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। साथ ही मजदूरों के हित में कार्य योजना बनाई जाएगी।मौके पर महेंद्र ठाकुर, गणेश ठाकुर, अजय रजक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आदिवासी भूमिज समाज के महासचिव दिनेश सरदार असम के दौरे पर



**जमशेदपुर:** जादूगोड़ा से आदिवासी भूमिज समाज के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश सरदार तीन दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे। उनके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार सरदार भी हैं। उनकी पहल पर सभी राज्यों में संगठनात्मक विस्तार के अभियान के तहत भारतीय आदिवासी भूमिज समाज की असम राज्य इकाई का गठन किया गया। यह झारखंड के बाहर आदिवासियों की पहली संस्था है। इसके पूर्व ऑल असम भूमिज समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार सरदार व महासचिव दिनेश सरदार का असम की पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। उनके सम्मान में समाज की ओर से असम के जोरहाट स्थित भूमिज समाज के मरियानी टाउन हॉल में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असम के 12 जिलों से भूमिज समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। समारोह में झारखंड से युधिष्ठिर सरदार, जेटीबीसी के सचिव शरद सिंह सरदार, झाड़ग्राम जिला अध्यक्ष बाबुल सिंह पातर समेत मेदिनीपुर जिला समेत पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों के प्रतिनिधि शरीक हुए।

# हमें मुस्लिमों का वोट नहीं चाहिए

## भाजपा विधायक बोले- राजद हिंदू नहीं, मियां पार्टी है; नीतीश कुमार कार्रवाई करें

**भाजपा विधायक बोले- मैं अपने बयान पर अडिग हूं कहा- हमें मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए**

**मुसलमान देश के लिए घातक हैं, उसका वोट क्यों लें। सीमा पर सैनिकों को कौन मार रहा है, हिन्दू मार रहा है क्या या मुसलमान**

**हमने 10 साल तक मुस्लिमों को रोड ट्रांसफार्मर सब कुछ दिया, लेकिन हमको 10 वोट भी नहीं मिले। हिन्दू हैं हिन्दू बनिये**

**भागलपुर।** के बिहपुर से भाजपा विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि राजद हिंदू नहीं, मुस्लिमों की पार्टी है। भाजपा विधायक के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। उन्होंने ये बयान रविवार को जनसमस्याओं को सुनने के दौरान दी। वे जनता से बातें कर रहे थे।

भाजपा विधायक के बयान पर राजद का रिएक्शन भी आया है। राजद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाजपा विधायक बोले- राजद को नेस्तनाबूत कर दीजिए बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने राजद और मुस्लिमों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने राजद को मुस्लिमों की पार्टी बताया है। खरीक के ध्रुवगंज मंडल टोला में जनसमस्या सुनने के दौरान ग्रामीणों और समर्थकों के बीच यहां तक कह डाला कि राजद हिंदू नहीं है, राजद को नेस्तनाबूत कर दीजिए।



विधायक ने मौजूद लोगों से कहा कि हमने 10 साल तक मुस्लिमों की सेवा की, ट्रांसफॉर्मर दिए, रोड दिए, लेकिन उन लोगों का 10 वोट भी हमें नहीं मिला। बोले- भाजपा को नहीं सनातन धर्म को हरा रहे हैं, मोदी को हरा रहे हैं भाजपा विधायक ने कहा कि हमें कोई नहीं हरा रहा, हमारे सनातन धर्म को हरा रहा है। नरेंद्र मोदी को हरा रहा है। हम लोगों की जमीन नहीं है, एक बच्चा पैदा करते हैं, वो सब (मुस्लिम) 10 बच्चे पैदा कर रहा है। इसी दौरान विधायक के समर्थकों के बीच में एक शख्स ने कहा कि दर्जन से एक्को गो कम छैबे ने करै... सबके सार यही है है कि हिंदू बनिए और कुछ नहीं। जात-पात से ऊपर उठकर काम के आधार पर नाम बनाइए। भाजपा विधायक बोले- मैं अपने बयान पर अडिग हूं सोमवार को बयान देते हुए कहा कि हम अपने बयान पर बिल्कुल अडिग हैं। इसमें गलत क्या है। पूरे देश को अव्यवस्थित कौन करता है, सनातन धर्म को वोट करने वाले का विरोध कौन करता है, देश में आतंकवादी कौन है, मन्दिर पर मस्जिद का अवशेष कहां मिलता है। ये सारी गतिविधि कौन करता है, मुसलमान ही करता है। मुसलमानों का साथ कौन देता है राजद वाले देते हैं। कहा- हमें मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए आगे कहा कि हमें मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए। मुसलमान देश के लिए घातक हैं, उसका वोट क्यों लें। आज सीमा पर सैनिकों को कौन मार रहा है, हिन्दू मार रहा है क्या या मुसलमान मार रहा है? राजद को निस्तोनाबूत कीजिये वो राजद नहीं है, मियां हैं। चाहे वह कोई कैंडिडेट रहें वह मियां है। हमने 10 साल तक मुस्लिमों को रोड ट्रांसफार्मर सब कुछ दिया, लेकिन हमको 10 वोट भी नहीं मिले। हिन्दू हैं हिन्दू बनिये अगर नहीं बनियेगा तो आपका दुर्भाग्य है। हम सबको सैंत देंगे। बहुत काम किए हैं, नहीं जिताइएगा, तो दुर्भाग्य है जनसमस्याओं को सुनने के दौरा विधायक ने कहा कि इस बार हमको नहीं जिताइएगा, तो यह दुर्भाग्य है। इस बार हम सबको सैत देंगे। इतना काम किए हैं। इधर उन लोगों का, वहां के लोगों की समस्याएं सुनी और शिकायत पत्र भी लेकर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। विधायक के बयान पर हाय-तौबा मचाने वाले जवाब दें: गौतम कुमार नवगछिया भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर गौतम कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि बिहपुर विधायक के बयानों पर हाय-तौबा मचाने वालों से पूछना चाहता हूं कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ बर्बरता पर चुप्पी क्यों? राजद नेताओं का एक भी बयान क्यों नहीं आया?

बिहपुर विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने ठीक ही कहा है कि राजद के लोग हमारे सनातन संस्कृति को कमजोर करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा विधायक बोले- राजद को नेस्तनाबूत कर दीजिए

**बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने राजद और मुस्लिमों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने राजद को मुस्लिमों की पार्टी बताया है। खरीक के ध्रुवगंज मंडल टोला में जनसमस्या सुनने के दौरान ग्रामीणों और समर्थकों के बीच यहां तक कह डाला कि राजद हिंदू नहीं है, राजद को नेस्तनाबूत कर दीजिए।**

### बोले- भाजपा को नहीं सनातन धर्म को हरा रहे हैं, मोदी को हरा रहे हैं

**भाजपा विधायक ने कहा कि हमें कोई नहीं हरा रहा, हमारे सनातन धर्म को हरा रहा है। नरेंद्र मोदी को हरा रहा है। हम लोगों की जमीन नहीं है, एक बच्चा पैदा करते हैं, वो सब (मुस्लिम) 10 बच्चे पैदा कर रहा है। इसी दौरान विधायक के समर्थकों के बीच में एक शख्स ने कहा कि दर्जन से एक्को गो कम छैबे ने करै... सबके सार यही है है कि हिंदू बनिए और कुछ नहीं। जात-पात से ऊपर उठकर काम के आधार पर नाम बनाइए।**

## संक्षिप्त डायरी

### दिव्यांग नाबालिग की जमकर पिटाई



**दरभंगा।** में एक दिव्यांग नाबालिग (16) की जमकर पिटाई की गई है। बदमाशों ने पीट-पीटकर उसके कपड़े फाड़ दिए। फिर पोल में बांधकर उसे पीटा। घटना कमतौल थाना क्षेत्र की मजगामा पंचायत के मुहम्मदपुर वार्ड 5 की है। घटना 24 दिसंबर की है। इसका सोमवार को वीडियो सामने आया है। पीड़ित दिव्यांग ने बताया कि उसके गांव के ही कुछ दोस्तों ने मारपीट करने वाले चार युवाओं से किसी बात को लेकर लड़ाई की थी। उसका दोस्त गांव से बाहर भाग गया। भागे हुए दोस्तों को बुलाने के लिए जब पीड़ित राजी नहीं हुआ तो, चारों आरोपी ने दिव्यांग को पोल में बांध दिया और मारपीट की। अब नाबालिग ने पुलिस से आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।दिव्यांग ने बताया कि मंगलवार को बिना कारण मुझे पोल से बांधकर पीटा गया। मेरे दोस्त लोगों ने कुछ दिन पहले ही उन सबसे लड़ाई की थी। उसके बाद वो लोग भाग गए। उसी चक्कर में गणेश कुमार और सोमनाथ शाह मुझे बाइक से उठाकर पुल पर ले गया। वहां अजय कुमार और सुरज शाह आया और मारने लगा। बोला कि तुम अपने दोस्त लोगों को बुलाओ। उसको हम मारेंगे। घटना कुछ दिनों पहले का ही था जब वे लोग आपस में लड़ाई करने के बाद कहीं भाग गया। बहन के ससुराल से आया ही था युवक पीड़ित ने बताया कि मैं भी सोमवार को अपनी बहन के ससुराल गया था। मंगलवार को जैसे ही बहन के यहां से घर आए, तो हमें उठा के ले गया। हमने अपने दोस्त का फोन नंबर उनको दिया और कहा कि आप लोग अपना आपस में बात कीजिये। मुझे इससे कोई मतलब नहीं है, लेकिन वे लोग मारपीट करने लगा। मैं प्रशासन से गुहार लगता हूं कि उन लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें 'कमतौल थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच की गई है। अब तक पीड़ित ने कोई भी आवेदन नहीं दिया है। पुलिस मामले का पता लगा रही है। झगड़ा क्यों हुआ, यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। एसडीपीओ सदर 2 ज्योति कुमारी ने बताया कि वीडियो जांच में सही पाया गया है। कमतौल थानाध्यक्ष को मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### चीनी मिल के खिलाफ सड़क पर उतरे किसान



**बगहा।** के रामनगर में किसान आक्रोशित होकर रविवार रात सड़कों पर उतर आए। इस दौरान सैकड़ों किसानो ने चीनी मिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया । जिसके करण चीनी मिल तक गन्ना की आपूर्ति नहीं हुई, ऐसे में चीनी मिल को कई घंटे तक बंद रखना पड़ा। दरअसल, किसानों का आरोप है कि चीनी मिल द्वारा उन्हें समय पर चालान मुहैया नहीं कराया जाता है, जिससे उनकी फसल बेकार हो रही है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कैलेंडर के हिसाब से चालान जारी न करने का भी आरोप किसानों ने लगाया। प्रबंधन ने जल्द चालान जारी करने का दिया आश्वासन आक्रोशित किसानों ने सड़क को घंटों तक जाम रखा, जिससे राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि जब तक सभी को चालान नहीं मिलेगा, वे पीछे नहीं हटेंगे और अपना विरोध जारी रखेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मिल प्रबंधन ने कुछ किसानों को चालान जारी किया और भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी किसानों को चालान मुहैया कराया जाएगा। दरअसल, गन्ना काटने के बाद गेहूं और मसूर की बुवाई होती है ऐसे में चालान नहीं मिलने के कारण गन्ने की कटाई नहीं हो रही है जिसके कारण किसानों के एक फसल का नुकसान हो रहा है। अगर चालान समय से नहीं मिलता है तो गेहूं की बुवाई नहीं हो सकेगी और ना ही मसूर की बुवाई हो सकेगी। जिसके करण किसानो को भारी नुकसान पहुंचेगा। फिलहाल चीनी मिल के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम हटा दिया लेकिन, किसानों का कहना है कि अगर चालान की आपूर्ति समय से नहीं होती है तो फिर से किसान सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

### पिता की डांट के बाद भागा, अब म्यांमार में कैद

**पटना।** बिहार के दो युवकों को नौकरी का ऑफर देकर म्यांमार में बंदी बना लिया गया है। खाने-खाने को मोहताज है। उनका मोबाइल छीन लिया गया है। उनके साथ 3000 से अधिक पाकिस्तानी और नेपाली युवक-युवतियां भी हैं। सबसे गन पॉइंट पर साइबर ठगी कराई जा रही है। नहीं करने पर मारा पीटा जा रहा है। दोनों युवकों ने किसी तरह चोरी छिपे वीडियो बनाकर घरवालों को भेजा है, तब मामला सामने आया। परिवार ने गोपालगंज के डीएम को आवेदन देकर दोनों को भारत लाने की गुहार लगाई है। परिजन काफी डरे सहमे हैं कि उनके बच्चों के साथ कोई अनहोनी ना हो जाए। 10 अक्टूबर 2024 गोपालगंज के फतेहपुर का वाहिद रौशन अली घर के बरामदे में बैठकर मोबाइल पर गेम खेल रहा था। तभी उसके पिता रौशन अली आए। वह उसकी न कमाने की आदत और हरकत से परेशान थे। गुस्से में वाहिद को डांट दिया। ये बात उसको बुरी लगी और वह अपने चचेरे भाई सहुद अली के साथ घर छोड़कर दिल्ली भाग गया।दिल्ली में दोनों ने काम की तलाश की, लेकिन नहीं मिला।

## हाईकोर्ट के वकील के घर लूटपाट



**दरभंगा।** में पटना हाईकोर्ट के वकील के घर पर लूटपाट हुई है। शनिवार की रात एक बजे 4 लोग घर में घुसे थे। चौकीदार को बंधक बनाकर पीटा। घर में रखे 62000 कैश और 40 चांदी के सिक्के लूट लिए। घटना नगर पंचायत सिंहवाड़ा के देवारी की है। बदमाशों ने घर के चौकीदार रामेश्वर पासवान को पिस्तौल के बट से मारकर घायल कर बंधक बना लिया। इसके बाद घर से कीमती सामान और नकदी लेकर फरार हो गए। रविवार की रात पुलिस ने FIR दर्ज की है। दोनों वकील भाई का परिवार पटना में रहता है। वहां केयरटेकर घर की रखवाली करते हैं। पिस्टल की बट से मारकर किया घायल काबपोश चार बदमाश प्रेम कुमार ठाकुर और राम शंकर ठाकुर के घर में पीछे से घुसे थे। प्रेम ठाकुर पटना हाईकोर्ट में वकील हैं। उनके भाई राम शंकर ठाकुर घटना के समय बाहर थे। बदमाशों ने घर के केयरटेकर रामेश्वर पासवान को गमछे से बांध दिया। शोर मचाने पर पिस्टल की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल चौकीदार ने बताया कि बदमाश हिंदी और मैथिली में बात कर रहे थे। उन्होंने तीन कमरों में रखे गोदरेज और अन्य अलमारियों के ताले तोड़े। घर से आभूषण और कैश लूट लिए। केयरटेकर किसी तरह घर के बाहर निकला और पास के सीमेंट कारोबारी शेषनाथ ठाकुर को घटना की जानकारी दी। शेषनाथ ने रामेश्वर के बंधे हाथ खोले और उसे घायल अवस्था में सिंहवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया।

## स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट के गठन का ऐलान

**प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, पूर्ण वेतनमान सहित शिक्षक हित के लिए लड़ाई पर दिया जोर**

**बेगूसराय।** पूर्ण वेतनमान सहित शिक्षक हित में अन्य मुद्दों के लिए संघर्ष का ऐलान के साथ बेगूसराय में आयोजित टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बिहार के तमाम जिलों से सैकड़ों शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। निर्णय लिया गया कि सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को 1 जनवरी से सरकार राज्यकर्मी का दर्जा देने जा रही है, ऐसे में संगठन के नाम में नियोजित शिक्षक लिखा जाना उपयुक्त नहीं माना जा रहा था। बदलते परिप्रेक्ष्य में संगठन ने व्यापक शिक्षक समुदाय के एकीकृत संघर्षों को मजबूती प्रदान करने के लिए बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए) गोपगुट के गठन का



ऐलान किया है। पहले चरण में बिहार के सभी जिलों में सघन सदस्यता अभियान चलाते हुए जिला सम्मेलन और शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सदस्यता अभियान के बाद नालंदा में नवगठित संगठन बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए) गोपगुट का प्रथम राज्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष मार्कंडेय पाठक ने कहा कि सरकार अलग-अलग संवर्ग बनाकर शिक्षकों के गोलबंद संघर्षों को रोकना चाहती है। बिहार के शिक्षक फूट डालो की राजनीति को समझ चुके हैं। विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक लामबंद होकर बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए) गोपगुट के बैनर तले अपने संघर्षों को तेज करेंगे। सूबे के शिक्षक लंबे समय से सहायक शिक्षक के कैडर को पुनर्जीवित करने की मांग करते रहे हैं। अब जबकि सरकार बिहार के नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दे रही है तो यह वक्त का तकाजा है कि तमाम विशिष्ट शिक्षकों, विद्यालय अध्यापकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देते हुए वेतन और सेवा शर्त से आच्छादित किया जाए.बैठक में प्रदेश प्रवक्ता अश्विनी पांडेय, प्रदेश सचिव अमित कुमार, नाजिर हुसैन, हिमांशु मिश्रा, मीडिया प्रभारी सोनू मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राहुल विकास, अशोक साहु, पवन कुमार, वीरदेलाल यादव, पंकज सिंह, विवेकानंद सिंह, नीरज कुमार, अमिताभ कुमार, ताजदार हुसैन, संतोष कुमार, संदीप पासवान, अनुज कुमार, गोपाल प्रसाद, वसी अख्तर, मृत्युंजय कुमार,

## दोस्तों के साथ पी थी शराब, हो गई मौत

**परिजन बोले- बकरी खरीदने की बात कह निकला था, बेहोश मिला; नाक-मुंह से निकल रहे थे झाग**

**बेगूसराय।** में शराब पीने के बाद एक युवक संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया घाट बिंद टोली के पास की है। मृतक की पहचान सिमरिया घाट निवास स्वर्गीय अनिल झा के पुत्र गोलू कुमार (24) के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकेगा की गोलू की मौत कैसे और किस परिस्थिति में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गोलू कल शाम अपने कुछ मित्रों के साथ बकरी खरीदने की बात घर में कहकर सिमरिया घाट बिंद टोली गया था।रात में सूचना मिली कि वह



बेहोश पड़ा हुआ है। हम लोग वहां तुरंत पहुंचे और उठाकर अस्पताल लाया। डॉक्टरों में मृत घोषित कर दिया। गोलू के मुंह और नाक से झाग निकल रहे थे। जिसके कारण आशंका है कि उसे कुछ मिलाकर पिला दिया गया। परिजनों का स्पष्ट रूप से कहना है कि गोलू अपने रिश्ते के भांजा नेपाली के साथ बिंद टोली गया था। वहां सभी ने जमकर शराब पी, गोलू ने भी शराब पिया था। उसके बाद मौत हुई है। इसी से लग रहा है कि उसे शराब में कुछ मिलाकर पिला दिया गया। हालांकि, पोस्टमार्टम में सिर में जख्म के गंभीर निशान पाए गए हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और सिमरिया घाट पर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि मृतक गोलू समस्तीपुर जिला के मऊ का निवासी है और इसके वंशज सिमरिया घाट पर आकर बस गए। गोलू असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहता था। चोरी-छिनतई में भी यह शामिल रहा है और इसी को लेकर घटना हुई है।

इस संबंध में चकिया थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सिमरिया घाट कल्पवास क्षेत्र के पास बाइक सवार सड़क पर अनियंत्रित होकर गिर गया था, जिसमें गोलू घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मौत हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग 5 लाख की संपत्ति जलकर राख

**जहानाबाद।** के नगर थाना क्षेत्र के राजा बाजार मोहल्ले में रविवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण एक कंप्यूटर और तराजू की दुकान में आग लग गई। इस घटना में करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना को लेकर दुकान मालिक राम भगवान साव ने बताया कि वह रोज की तरह लक्ष्मी तराजू नामक अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। कुछ समय बाद आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा और उन्हें सूचना दी। जिसके बाद वो तुरंत मौके पर पहुंचे और देखा कि दुकान में आग की तेज लपटें उठ रही थीं। फिर स्थानीय लोग आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि प्रयास सफल नहीं हो पाया। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना



दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। टला बड़ा हादसा स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर आग देर रात लगती तो यह आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले सकती थी। गनीमत रही कि समय रहते लोगों ने आग को देख लिया और तत्काल कार्रवाई की गई। दुकानदार को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन समय पर आग बुझाने से बड़ा हादसा टल गया।

## नए साल के अवसर पर बगहा पुलिस जिला पूरी तरह से अलर्ट

**बगहा।** नए साल के अवसर पर बगहा पुलिस जिला पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस कप्तान सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर शराब और शराब तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सीमाई इलाकों, जंगल और नदी मार्गों पर गश्त बढ़ा दी गई है। यूपी और नेपाल से अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए सभी थानाध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। बगहा पुलिस जिला एक तरफ जंगलों से घिरा हुआ है, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश और नेपाल की सीमाओं से भी यह क्षेत्र जुड़ा हुआ है। इसी वजह से तस्कर हमेशा सक्रिय रहते हैं। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने इन सभी मार्गों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही और कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि नदी और



जंगल मार्गों पर अवैध गतिविधियां न हों।इसके अलावा, आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच भी की जा रही है। नदी क्षेत्रों में तस्करों की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए नदी थाने की पुलिस को गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने पर्यटकों की आवाजाही को लेकर भी पुलिस को सतर्क रहने का आदेश दिया है। रात्रि गश्त और सर्च अभियान में पुलिस अधिकारियों के शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।सभी थानों में सर्च अभियान चलाने के आदेश भी दिए गए हैं

## बिहार-नेपाल की महिला पहलवान के बीच मुकाबला

**20 मिनट के दांव में दोनों में हुई हाथापाई, विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन**

**बेतिया।** के नरकटियागंज नगर के चीनी मिल घाट पर रविवार को विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें देश-विदेश के पहलवानों ने अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में गोरखपुर, मिजार्पुर, बनारस, नेपाल और चंपारण के पहलवानों के साथ-साथ महिला पहलवानों ने भी जोर-आजमाइश की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नप सभापति रीना देवी, उपसभापति पूनम देवी, डॉक्टर बीके चौहान और एंथम द फिटनेस जिम के निदेशक कुणाल जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और पहलवानों से हाथ मिलाकर किया। महिला पहलवानों



के बीच जबरदस्त मुकाबला इस दंगल की मुख्य आकर्षण बिहार और नेपाल की महिला पहलवानों के बीच हुआ मुकाबला था। दोनों ने एक-दूसरे को हराने के लिए पूरा जोर लगाया। मुकाबले के दौरान नोंकझोंक के पल भी आए, लेकिन अंततः बिहार की महिला पहलवान ने नेपाल की पहलवान को हराकर जीत हासिल की। पुरुष पहलवान के दिलचस्प मुकाबले मिजार्पुर के जयकरण बनाम चंपारण के पिंटू ने



बताया कि इस मुकाबले में 20 मिनट तक दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। हालांकि, इस दौरान तनाव बढ़ने पर हाथापाई भी हो गई, जिसे रेफरी ने समय पर शांत कराया। गोरखपुर के अफरोज बनाम चंपारण केशरी आत्मा पहलवान ने कहा कि यह मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दर्शकों ने जोश और उत्साह से पहलवानों को चीयर किया। दंगल का उद्देश्य प्रतियोगिता के आयोजक और अध्यक्ष कुणाल जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन चंपारण सत्याग्रह की स्मृति में किया गया। इसमें देश-विदेश के पहलवानों को बुलाकर इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा दिया गया। प्रतियोगिता में मौजूद लोग इस आयोजन में राष्ट्रपति पहलवान संतोष राज, वर्मा प्रसाद, इस्लाम खलीफा, राजेश जायसवाल, हिटलर, बड़ेलाल, गौतम कुमार, सत्यम श्रीवास्तव, और राजू श्रीवास्तव जैसे प्रमुख लोग उपस्थित थे। दंगल प्रतियोगिता में उमड़े दर्शकों ने इसे भरपूर आनंद के साथ देखा और पहलवानों के प्रयासों की सराहना की। आयोजकों ने इसे अगले वर्ष और भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया।



# उपहार का ऐसा लेनदेन ना ही करो तो बेहतर

बेबी की दोस्त अलका ने कान में जो टॉप्स पहने थे उसमें एक सफेद मोती चिपका था। वो बड़े जतन से उसे संभाल कर पहने थी। कहीं गिर न जाएं। बेबी ने पूछा ऐसे क्यों कर रही ? अलका ने बड़े प्यार और गर्व से बताया कि मेरी भाभी नेपाल से ये टॉप्स सच्चे मोती के लाई है। बहुत महंगे हैं। सुन कर बेबी जोर-जोर से हंसने लगी। बोली ये टॉप्स आड़ा बाजार के हैं। ठेलों में दस-दस रूपये में मिल रहे हैं। तेरी भाभी जब खरीद रही थी तब मैं भी वहीं खड़ी थी। ये देख मैंने भी लिये। अलका का मुंह उतर गया। शर्मिंदगी होने लगी खुद पर। सोचने लगी उसकी भाभी ने ऐसा उसके साथ क्यों किया? पर कोई कारण उसे समझ ही नहीं आया। एक बार लक्ष्मी को डॉक्टर ने हवा पानी बदलने की सलाह दी। ज्यादा दूर जाने की बजाय उसके घर के लोगों ने उन्हें पचमढ़ी जाने की सलाह दी। उस की बड़ी बहन भी भोपाल ही रहती थी तो उसे भी ठीक लगा। वहां एक रात रुकने का इरादा किया। अगली सुबह पचमढ़ी, फिर वापिस इंदौर लौट आने का कार्यक्रम तय हो गया। अपनी नन्ही सी बेटी के साथ निजी वाहन में चल पड़े। शादी के बाद पहली बार बहन के घर जा रहे थे। बड़े खुश थे। रात को पहुंच कर खाना खाया और सुबह निकलने की तैयारी की। बहन हाथ में कुछ पैकेट लिए आई। कंकू लगाया और पैकेट थमा दिए। लक्ष्मी ने ऐसे के ऐसे ही बेग में रख लिए। तय कार्यक्रम से पचमढ़ी टूर पूरा किया, घर लौट आये। सभी के सामने बड़ी बहन के दिए गिफ्ट खोले। उसमें लक्ष्मी की सालभर की गुडिया का छोटा सा गर्मियों में पहनने सा दो बद्दी वाला लेडिस रुमाल के जितने कपड़े वाला फ्राक/झबला, पति के लिए खादी का कुरता, लक्ष्मी के लिए सलवार कुर्ता था।

यहां तक तो ठीक है पर जब देखा तो उसमें प्राइज टेग लगे थे। उनमें सभी की कीमत लिखीं थी। जानते हैं उनमें क्या कलाकारी थी? उसने उन सभी में अंक बढ़ा दिए थे। किसी में आगे जीरो किसी में पीछे संख्या। साथ ही जिस पेन से किये उनकी स्याही का रंग व लिखावट में भारी अंतर था। वो भूल गई की सभी अन्न खाते हैं। लक्ष्मी के ससुर उसी वक्त घर के सामने ही खादी ग्रामोद्योग की दुकान गए और वहां से उनकी असल कीमत जानी। कितनी हद है यह तो। आपने अपनी मर्जी से दिए थे न, तो फिर ऐसी नालायकी करने की क्या जरुरत आ पड़ी। उसकी बहन का पति बैंक मनेजर, वो खुद सेंट्रल गवरमेंट की अच्छी खासी नौकरी में थी। शायद लक्ष्मी व उसके पति को उसने अपनी झूठी शान की छाप छोड़ने के लिए ऐसी बेवकूफाना हरकत की हो। पर ये निरी परम मूर्खता ही थी। जिससे लक्ष्मी को तो लज्जित होना ही पड़ा, संबंधों में भी आजन्म खटास पैदा हो गई। लक्ष्मी ने तुरंत यह कह कर सब वापिस भेज दिए कि हम इतने महंगे कपड़े नहीं पहनते। उसकी बहन को समझ तो सब आ गया था पर जिसकी आंखों और अक्ल में बेशर्मी की पट्टी चढ़ी होती है उसे कुछ भी दिखाई जो नहीं देता। और ऐसे लोग ऐसी हरकतों से बाज भी नहीं आते। कभी 'म्यांमार' की साड़ी पहनी है आपने? साडियां पहनने वाला भारत देश अब म्यांमार से साड़ी बुलवाएगा। सोच कर ही तरस आता है ऐसे लोगों पर। निधि के मकान का वास्तु हुआ था। उसकी मामी ने एक साड़ी उसे यह कहकर ओढाई की तेरे मामा इसे म्यांमार से तेरे लिए लाये हैं। हरे रंग की मोटे रेग्जिन से कपड़े वाली साड़ी का वे जोर जोर से सबके बीच 'इम्पोर्टेड है' कह कर बखान रहे थे। निधि पढी-लिखी डॉक्टरेट थी। पर चुप थी।

उसकी भाभी ने बताया की यह साड़ी मामी को उनके पीहर से उनकी भाभी ने दी थी जो इन्हें पसंद नहीं आई। आनी भी नहीं थी। हम भारतवासीयों को 'म्यांमार' की साड़ी कैसे पसंद ? बस उन्होंने 'टिका' दी निधि को। अकेले में निधि ने मामी से पूछ ही लिया कि 'मामी विदेशों में वो भी म्यांमार जैसी जगह साडियां कैसे? मैंने तो कहीं पढ़ा-सुना नही। यदि हैं तो गई भारत से ही होंगी न? वैसे ऐसी साड़ी मैंने आपके पीहर में किसी के पास देखी है।'

बस मामी को काटो तो खून नहीं। उनका दांव फेल जो हो गया था। आज की भाषा में 'एक्सपोज' होना कहते हैं इसे। क्यों करते हैं लोग ऐसा समझ से ही परे है। इन सभी परिस्थितियों को आपको खुद ही अपनी बुद्धि व विवेक से परिस्थितियों के मद्देनजर निपटना व सुलझाना होता है। इस बीमारी का कोई परमानेंट ईलाज आज तक नहीं मिल पाया है। 'जैसे को तैसा' वाला फार्मूला चला सकें तो लगाइए। वरना भुगतें। सहन करें। या 'मुंह फट' हो जाइए। क्योंकि ऐसा ही कुछ आपके, हमारे, हम सभी के साथ कभी न कभी घटता है। यदि नहीं तो आप बहुत भाग्यशाली हैं।

ये सारे लोग किसी दूसरे ग्रह से नहीं आते। यही होते हैं हमारे साथ, हमारे आस-पास। कुछ अपने कुछ पराये जिन्हें दूसरों के साथ ऐसा करने की गन्दी लत पड़ी होती है। यह तो कुछ छोटे से, जरा से ही उदाहरण मैंने पेश किए हैं। इनके आलावा भी कई और कई प्रकार के, कई मौकों पर गिफ्ट-गेम इज्जत का फलूदा करते-कराते खेले जाते हैं और खेले जाते रहेंगे। कारण कई हो सकते है क्योंकि ये जीवन है, इस जीवन का यही है.



सर्दियों के मौसम में हवा में नमी होने की वजह तो कई बार गलत तरीके से कपड़ों की सफाई करने से तो कभी गलत तरीके से कपड़े को रखने से बदबू आने लगती है। अगर कपड़े की सफाई से लेकर उसे रख-रखाव पर अच्छे से ध्यान दिया जाए तो किसी भी मौसम में कपड़ों से बदबू नहीं आएगी।

# सर्दियों के मौसम में कपड़ों से नहीं आएगी दुर्गन्ध

## अपनाएं ये आसान टिप्स

यार, 'आज ही तो इसे अलमारी से निकाला है पहनने के लिए और पता नहीं इस ड्रेस से अजीब किस्म की दुर्गंध आ रही है'। कुछ दिन पहले भी स्वेटर और कोट निकाला था पहनने के लिए उससे भी ठीक ऐसी ही दुर्गन्ध आ रही थी'। शायद, आपने ने भी किसी न किसी से ये शब्द जरूर सुना होगा कि गर्मी के मौसम तो नहीं लेकिन, सर्दी के मौसम में ऊनी कपड़ों से लेकर अन्य कपड़ों से एक अजीब किस्म की बदबू आती है। ऐसे में अगर अन्य कपड़ों से लेकर सर्दियों के कपड़ों से कुछ अजीब किस्म की बदबू आती है, तो फिर आपको इस लेख को जरूर पढ़ना चाहिए। क्योंकि, इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप किसी भी कपड़े से दुर्गन्ध को आसानी से दूर कर सकती हैं, तो आइए जानते हैं।

### गुलाब जल का इस्तेमाल करें

जी हां, सर्दियों में कपड़ों से किसी भी दुर्गन्ध को दूर करने के लिए जुलाब जल एक बेस्ट उपाय हो सकता है। इसके इस्तेमाल से ऊनी पकड़ों से लेकर अन्य कपड़ों से भी दुर्गन्ध आसानी से गायब हो सकती है। इसके लिए फ्रेश कपड़ों पर छिड़काव करने की जरूरत नहीं बल्कि, सफाई के दौरान इस्तेमाल करने की जरूरत है। इसके लिए फॉलो करें आसान स्टेप्स-

- सबसे पहले दो से तीन लीटर पानी में तीन से चार चम्मच नॉर्मल डिटर्जेंट पाउडर को डालकर एक मिश्रण तैयार कर लीजिए।
- अब आप इस घोल में कपड़े को डालकर कुछ देर बाद अच्छे से साफ कर लें।
- इसके बाद तीन से चार लीटर पानी में साफ किए कपड़े को अच्छे से धो लें।
- फिर से एक से दो लीटर पानी में एक से दो चम्मच गुलाब जल को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें और इस पानी में साफ किए कपड़े को डालकर कुछ देर ले लिए छोड़ दें।
- लगभग 5 मिनट बाद पानी में से कपड़े को निकालकर अच्छे से पानी को निचोड़ लें और धूप में रख दें।
- ध्यान रहे जब तक कपड़ा एकदम ठीक से सुख न जाए तब तक उसे अलमारी में न रखें।
- इससे कपड़े में से कभी भी बदबू नहीं आएगी। कपड़ा हमेशा सुगन्धित रहेगा।

### ऊनी कपड़ों से ऐसे करें दुर्गन्ध को दूर

सर्दी के मौसम अगर सबसे अधिक किसी कपड़े से अजीब किस्म की बदबू आती है, तो वो है ऊनी के कपड़े। कई बार गलत तरीके से स्टोर करने या फिर नमी वाली जगह रखने पर इससे दुर्गन्ध आने लगती है। कई बार ठीक से सफाई न करने या फिर गलत डिटर्जेंट के इस्तेमाल करने से भी बदबू आने लगती है। ऐसे में ऊनी कपड़ों से किसी भी बदबू को दूर करने के लिए आप लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए फॉलो करें ये आसान स्टेप्स-



- सबसे पहले तीन से चार लीटर पानी में इजी लिक्विड डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- अब इस घोल में स्वेटर और अन्य ऊनी के कपड़ों को डालकर लगभग 10 मिनट के बाद अच्छे से साफ कर लें।
- अब इन कपड़ों को फ्रेश पानी में अच्छे से साफ कर लें।
- इसके बाद दो से तीन लीटर पानी में एक चम्मच लैवेंडर ऑयल अच्छे से मिक्स कर लें और इस मिश्रण में साफ ऊनी के कपड़े डालकर निकाल लें और अच्छे को पानी निचोड़ लें। इसके बाद इसे धूप में अच्छे से सुखने के लिए रख दें। इससे ऊनी कपड़ों से कभी भी दुर्गन्ध नहीं आएगी।

### इन टिप्स को भी आप कर सकती हैं फॉलो

सर्दियों के मौसम में कपड़ों से दुर्गन्ध को दूर करने के लिए आप सिर्फ जुलाब जल या लैवेंडर ऑयल का ही इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं बल्कि, इसके अलावा कई चीजें हैं जिसके इस्तेमाल से आप कपड़ों से दुर्गन्ध को दूर कर सकती हैं। सफाई के दौरान आप एक से दो चम्मच सिरका, चन्दन के तेल के अलावा आप अन्य किसी सेंटेड ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### इन बातों का भी रखें विशेष ध्यान

- सर्दियों के मौसम में किसी भी कपड़े को नमी वाली जगह रखने से बचें।
- ऊनी कपड़े या अन्य कपड़ों को कुछ समय के लिए धूप में जरूर रखें।
- वाशिंग मशीन में कपड़ों को साफ करते समय आप उसमें गुलाब जल, जैस्मिन ऑयल या फिर अन्य सेंटेड ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।
- अलमारी या अन्य जगह रखें कपड़ों पर आप सुगंधित स्प्रे का छिड़काव कर सकती हैं या सुगंधित स्प्रे से कॉटन को अच्छे से भिगोकर अलमारी में भी रख सकती हैं।
- अगर कपड़े में हल्का भी नमी है तो उसे फोल्ड करके अलमारी में न रखें बल्कि उसे हवा के नीचे रखें।
- सर्दियों के मौसम में ऊनी और अन्य कपड़ों को अलग-अलग रखने की कोशिश करें।



# ड्राइंग रूम की सजावट में रखें इन बातों का ध्यान

वास्तु शास्त्र में कोई भी भवन खरीदते या उसकी सजावट करते समय कई बातों का ध्यान देना आवश्यक बताया गया है, क्योंकि घर का मुख्य कक्ष, बैठक कहें या ड्राइंग रूम वह जगह है, जहा हम अपने परिवारजनों और कुछ खास मित्रों के साथ कुछ क्षण आनंद से गुजारना चाहते हैं। अक्सर देखने में आता है कि किसी अन्य मित्र के घर के ड्राइंग रूम में जाने पर हमें अजीब-सा भारीपन महसूस होता है, जबकि दूसरे मित्र के ड्राइंग रूम में हल्कापन लगता है। आइए जानें कैसी हो ड्राइंग रूम की सजावट

- ड्राइंग रूम में प्रकाश, घड़ी, कैलेंडर और तस्वीरों के चयन में भी सावधानी रखी जानी चाहिए।
- विशेष रूप से यह ध्यान रखना चाहिए कि वे तनाव बढ़ाने वाले न हों। जहां तक हो सके प्रयास किया जाए कि अध्ययन कक्ष, बेडरूम तथा अन्य कक्षों के भीतरी भाग बैठक से नजर न आएं।
- बैठक से अध्ययन कक्ष की मेज तथा काम के अन्य उपकरण दिखाई देने से भी बैठक में तनाव बढ़ता है।
- वास्तु और फेंगशुई के प्रचार के बाद से वास्तव में लोग अपने मकान के निर्माण या बना-बनाया फ्लेट खरीदते समय वास्तु आदि पर ध्यान तो देने लगे हैं, किंतु मकान में प्रवेश करने के बाद उसकी सजावट करते हुए वास्तु और फेंगशुई को प्राय: भूल जाते हैं।
- जबकि सोफा, टेबल आदि फर्नीचर का आकार, दीवारों की सजावट, चित्रों की विषय वस्तु, प्रकाश व्यवस्था आदि सब मिलकर वास्तु का प्रभाव तय करते हैं।
- दरवाजे के ठीक ऊपर लगा कैलेंडर या बंद पड़ी घड़ी से भी बैठक की अच्छी ऊर्जा प्रभावित हो जाती है।
- फर्नीचर खरीदी करने का तरीका अक्सर यह रहता है कि दुकान पर गए, जो पसंद आया, उठा लाए। फिर चाहे वह बैठक के अनुपात में हो, रंगों आदि से मेल खाता हो या न हो।
- ड्राइंग रूम के आकार के अनुपात से बड़ा सोफा अच्छी ऊर्जा अर्थात ची को प्रभावित करता है और भारी सोफा गृहस्वामी के अलावा आगंतुकों के लिए भी भारीपन की रचना करता है। इसलिए सलाह दी जाती है कि ड्राइंग रूम के लिए फर्नीचर का चुनाव करते हुए उनके आकार का ध्यान जरूर रखें।



अगर आपके बच्चे का पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है या वह पढ़ाई से जी चुरा रहा है, उसका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता हैं तो आप नीचे दिए गए टिप्स के अनुसार बच्चे के कमरे में वास्तु परिवर्तन करेंगे तो निश्चित ही वह मन लगाकर पढ़ेगा तथा उसका स्वास्थ्य भी अनुकूल रहेगा।

# अगर ऐसा होगा आपके बच्चे का रूम तो पढ़ाई में होगा सर्वश्रेष्ठ

- बच्चों के कमरे में पर्याप्त रोशनी आनी चाहिए। व्यवस्था ऐसी हो कि दिन में पढ़ते समय उन्हें कृत्रिम रोशनी की आवश्यकता ही न हो।
- जहां तक संभव हो सके, बच्चों के कमरे की उत्तर दिशा बिलकुल खाली रखना चाहिए।
- उनके किताबों की रैक नैऋत्य कोण में स्थित हो सकती है।
- खिड़की, एसी तथा कूलर उत्तर दिशा की ओर हो।
- बच्चों के कमरे में स्थित चित्र एवं पेंटिंग्स की स्थिति उनके विचारों को प्रभावित करती है इसलिए हिंसात्मक, फूहड़ एवं भड़काऊ पेंटिंग्स एवं चित्र बच्चों के कमरे में कभी नहीं होना चाहिए।
- महापुरुषों के चित्र, पालतू जानवरों के चित्र, प्राकृतिक सौंदर्य वाले चित्र तथा पेंटिंग्स बच्चों के कमरे में हो सकती हैं।
- भगवान गणेश तथा सरस्वती जी का चित्र कमरे के पूर्वी भाग की ओर होना चाहिए। इन दोनों की देवी-देवताओं को बुद्धिदाता माना जाता है अत: सौम्य मुद्रा में श्री गणेश तथा सरस्वती की पेंटिंग या चित्र बच्चों के कमरे में अवश्य लगाएं।
- आपका बच्चा जिस क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देख रहा है, उस करियर में उच्च सफलता प्राप्त व्यक्तियों के चित्र अथवा पेंटिंग्स भी आप अपने बच्चों के कमरे में लगा सकते हैं।
- यदि बच्चा छोटा हो, तो कार्टून आदि की पेंटिंग्स लगाई जा सकती है।
- बच्चों के कमरे में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि घर में होने वाला शोरगुल उन्हें बिलकुल बाधित न करे अत: बच्चों के कमरे से घर की तरफ कोई खिड़की या झरोखा खुला हुआ नहीं होना चाहिए।
- बच्चों की श्रेष्ठ उन्नति के लिए उनके कमरे का वास्तु के अनुकूल होना आवश्यक है।
- यदि उपर्युक्त तथ्यों में आपके बच्चों के कमरे में कोई कमी है, तो उसे परिवर्तित कर वास्तु के अनुकूल बना सकते हैं। ऐसा करने पर निश्चित रूप से आपके बच्चे के मानसिक विकास एवं उसकी ग्राह्य क्षमता में परिवर्तन नजर आएगा।



# ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत को हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की

**–खराब अंपायरिंग बनी भारतीय टीम की हार का कारण**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने यहां खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 184 रनों से हरा दिया। इस मैच में अंतिम दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम केवल 155 रन ही बना सकी और उसे करारी हार झेलनी पड़ी है। इस जीत के साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाए थे जबकि भारतीय टीम पहली पारी में 369 रन पर आउट हुई थी। इस प्रकार मेजबानों को पहली पारी के आधार पर 105 रनों की बढ़त मिल हुई थी जबकि दूसरी पारी में वह 234 रनों पर आउट हुई थी। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रनों का लक्ष्य मिला था।

इस मैच में भारतीय टीम की हार के पीछे खराब बल्लेबाजी के साथ ही अंपायरिंग भी रही। जिस प्रकार मैच में जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे यशस्वी जायसवाल को आउट दिया गया। उससे मैच पलट गया। इस मैच में जीत के लिए 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके तीन बड़े विकेट 33 रनों के अंदर ही निकल गये। कप्तान रोहित शर्मा 9 और विराट कोहली 5 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद ऋषभ पंत 30 और यशस्वी जायसवाल 84 ने अच्छी बल्लेबाजी कर मैच में वापसी के प्रयास किये लेकिन इसके आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी ढह गयी। इस मैच में जीत के साथ ही बॉर्डर मेजबान टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है और उसके आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाएं तकरीबन पक्की हो गयी हैं।

मैच में खराब अंपायरिंग के कारण दो फैसले भारतीय टीम के खिलाफ गये जिससे मैच बदल गया।

भारतीय टीम इस मैच को बचाने की ओर तभी यशस्वी ने एक बाउंसर को खेलने का प्रयास किय। इस पर मैदानी अंपायर के कोई फैसला नहीं लेने पर कंगारुओं ने डीआरएस लिया। इसके टीवी रिप्ले में यह दिख रहा था कि गेंद ने एंगल बदला है पर स्निकोमीटर पर कोई संकेत नहीं होने के बाद भी अंपायर ने यशस्वी को आउट दे दिया। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने मैच में एक बार फिर पकड़ बना ली। यशस्वी 208 गेंदों में 8 चौके लगाकर 84 रन बनाकर आउट हुए। इसी प्रकार अंपायर ने आकाश दीप को भी स्निकोमीटर के आधार पर आउट दे दिया।

वहीं इस मैच में रोहित अपने स्वाभाविक अंदाज के विपरीत रक्षात्मक खेलने के कारण आउट हुए। वहीं विराट ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में एक बार फिर विकेट गंवा बैठे। इस मैच में मध्यक्रम में केएल राहुल को शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये जिससे भारतीय टीम दबाव में आ गयी। उसके

बाद ऋषभ और यशस्वी ने पारी को आगे बढ़ाया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए कप्तान पैट कमिंस ने पूरी ताकत लगा दी। इस दौरान ऋषभ अपने पर काबू नहीं कर पाये और बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच हो गये। ऋषभ ने 104 गेंदों में 2 चौके के बल पर 30 रन बनाये थे। वहीं रविंद्र जडेजा को स्कॉट बोलैंड ने 2 रन पर आउट किया जबक नाथन लायन ने पहली पारी के शतक लगाने वाले नीतीश कुमार रेड्डी को एक रन पर पवेलियन भेजकर भारतीय टीम की हार तय कर दी। इसके बाद यशस्वी और आकाश दीप खराब अंपायरिंग का शिकार बने जिससे

भारतीय टीम के हाथ से मैच निकल गया। अंत में जसप्रीत बुमराह और मोहम्म सिराज को आउट करने में मेजबानों को कोई परेशानी नहीं हुइ।

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम अंतिम दिन 234 रन पर आउट हो गई। अपने चौथे दिन के स्कोर 9 विकेट पर 228 रन से आगे खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों नाथन लायन 41 रन और स्कॉट बोलैंड नाबाद 15 ने छह रन और जोड़े। बुमराह ने लायन को आउट करके ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया। लायन को भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक भी रन जोड़े बिना 41 रनों पर ही पेवेलियन भेजकर मेजबान टीम की पारी समेट दी। मेजबान टीम के पास पहली पारी के आधार पर 105 रनों की बढ़त थी जिससे भारत को जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य मिला। भारतीय टीम की ओर से बुमराह ने 57 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज को तीन और रविंद्र जडेजा को एक विकेट मिला। बुमराह ने रविवार को अपने 200 विकेट भी पूरे किए थे। अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 228 रन से आगे खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों नाथन लायन 41 रन और स्कॉट बोलैंड नाबाद 15 ने छह रन और जोड़े। बुमराह ने लायन को आउट करके ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया।

## ऋषभ का विकेट मिलने पर हेड ने अलग तरीके से मनाया जश्न, सवाल भी उठे




**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भले ही रन नहीं बनाये पर इसकी कमी अपनी गेंदबाजी से पूरी कर दी। यहां मैच के अंतिम दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे ऋषभ पंत का विकेट मिलने पर हेड इतने उत्साहित हो गये कि अलग ही अंदाज में जश्न मनाने लगे। हेड ने विकेट मिलने पर अपनी एक उंगली को अपने दूसरे हाथ से बनाए गए एक घेरे में घुमाया। इस अजब जश्न को लेकर लोग हैरान हो गये। कुछ लोगों को यह मजेदार लगा जबकि अन्य इसपर नाराज दिखे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस क्लिप को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया हालांकि बाद में इसे डिलीट कर दिया जिससे भी माना जा रहा था कि ये विवादास्पद था।

किसी को समझ नहीं आया कि हेड का जश्न किस बात को लेकर था। कुछ लोगों ने इसे अजीब कहा, वहीं कई लोगों को ये गलत लगा। इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गई कि क्या इसने कोई नियम तोड़ा है, लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या इसे अश्लील इशारे के लिए लेवल 1 अपराध के रूप में रखा जा सकता है। वहीं कमेंटेटर जेम्स ब्रेशॉ ने कहा कि ट्रैविस हेड ने उस समय अपनी उंगली पर बर्फ लगाने के बारे में कुछ कहा था, और ऐसा लगता है कि यह उसी को लेकर था। वहीं यदि इशारा अनुचित माना जाता है, तो हेड को जुर्माना या निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में रिकार्ड संख्या में दर्शक पहुंचे, 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच को देखने रिकार्ड संख्या में प्रशंसक पहुंचे। इस मैच में पांच दिनों में पहुंचे प्रशंसकों की संख्या 350, 700 ने पिछले सारे रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। 88 साल के ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी भारी तादाद में दर्शक स्टेडियम पहुंचे है। अब सबसे ज्यादा दर्शकों के पहुंचने का रिकॉर्ड एमसीजी के नाम दर्ज हुआ है। इससे 350,534 दर्शकों के पहुंचने का पिछला रिकॉर्ड भी टूट गया है। गौरतलब है कि साल 1936-37 में ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट मैच में पांचों दिन मिलाकर कुल 3 लाख 50 हजार 534 दर्शक मैच देखने स्टेडियम पहुंचे थे। अब ये रिकॉर्ड बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में टूटा है। इस टेस्ट में सर्वाधिक दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने का नया ऑल टाइम रिकॉर्ड बना है। पांचवें दिन पहले सत्र के दौरान पिछले 5 दिनों में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर रिकॉर्ड 350, 700 दर्शक पहुंचे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार यह ऑस्ट्रेलिया में किसी टेस्ट मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति है। एमसीजी ने लिखा,' हमने आधिकारिक 1936/37 में बनाए गए रिकॉर्ड को पार कर लिया है। जब ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला इंग्लैंड से हुआ था और टेस्ट मैच 6 दिनों तक चला था।' वहीं कमेंट्री कर रहे एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि दर्शकों की संख्या में आखिरी समय तक बढ़त रही।

## यह हार मानसिक रूप से परेशान करने वाली : रोहित शर्मा का चौथा टेस्ट हारने पर पहला बयान




**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों यहां चौथे टेस्ट में 184 रन की हार को 'मानसिक रूप से परेशान करने वाली' करार देते हुए सोमवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम इस मैच में संघर्ष करने का जज्बा दिखाने में विफल रही। भारत पांच मैचों की इस श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया है। श्रृंखला का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

खुद रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे रोहित ने मैच के बाद कहा, 'यह मानसिक रूप से परेशान करने वाला होता है जब आप वह नहीं कर पाते जो करने आए हैं।' उन्होंने इससे पहले पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह काफी निराशाजनक है। मैच जीतने के तरीके होते हैं और हम यहां मैच जीतने के तरीके ढूंढने में चूक गए। हम अंत तक टक्कर देना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर सकें।'

ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 90 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था और रविवार को उस समय उसकी कुल बढ़त अभी 200 तक नहीं पहुंची थी। टीम हालांकि पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत को 340 रन का लक्ष्य देने में सफल रही। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अनुकूल स्थिति का फायदा नहीं उठा सकी। भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने 90 रन तक ऑस्ट्रेलिया के छह विकेट चटका लिए थे। हमें पता था कि हमारे लिए चीजें आसान नहीं होंगी लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में भी जज्बा दिखाना चाहते थे। हम हालांकि ऐसा करने में नाकाम रहे। मैं अपने रूम में जाने के बाद सोच रहा था कि हम टीम के तौर पर और क्या कर सकते थे।' उन्होंने कहा, 'हमने जो भी मौके बनाये उसे गंवा दिये। उन्होंने कड़ा संघर्ष किया। खासकर आखिरी विकेट की उनकी साझेदारी ने, शायद उस साझेदारी ने मैच को हमसे दूर कर दिया।'

## इसलिए स्कीइंग नहीं करते रोनाल्डो

हेलसिंकी । पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आजकल अपने परिवार के साथ यूरोपीय देश फिनलैंड में छुट्टियां मना रहे हैं। रोनाल्डो ने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कड़ाके की सर्दी के बीच ही शॉर्ट्स पहने ही पूल के सामने दिख रहे हैं। रोनाल्डो ने इस दौरान केवल स्कीइंग नहीं की क्योंकि इमें चोटिल होने का खतरा है। रोनाल्डो ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया में साझा किया है। रोनाल्डो ने अपने परिवार के साथ यहां जमकर मस्ती की। आम तौर पर फुटबॉलरों को स्कीइंग नहीं करने की सलाह दी जाती है। इसका कारण है कि इसमें चोटिल होने का काफी खतरा रहता है। आजकल वह साउदी अरब के क्लब अल-नास्सर एफसी से खेलते हैं। अल-नास्सर एफसी के लिए अनुबंध करने के बाद से ही रोनाल्डो सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस पुर्तगाली फुटबॉलर ने 2024 की शुरुआत जोरदार अंदाज में की, क्योंकि उन्होंने फरवरी में एएफसी चैंपियंस लीग 2023-24 के राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में अल-फायहा एफसी पर अल-नासर की 1-0 की जीत में एकमात्र गोल किया था।



## अपने को साबित करना चाहता था : नितीश

मेलबर्न। ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक बनाने के बाद से ही छाए हुए हैं। नितीश ने कहा है कि उन्हें टेस्ट के योग्य नहीं माना जाता था। इसी कारण वह साबित करना चाहते थे कि इस प्रारुप में भी वह रन बना सकते हैं। अब एमसीजी मैदान पर शतक लगाकर उन्होंने दिखाया है कि वह क्रिकेट के शीर्ष स्तर पर खेल सकते हैं। वहीं इस सीरीज के पहले उनके चयन को लेकर कई दिग्गजों ने सवाल भी उठाये थे पर कोच गौतम गंभीर उन्हें शामिल करने पर अड़े हुए थे जिनका भरोसा उन्होंने कायम रखा। वहीं अब छह पारियों में 293 रन बनाकर इस बल्लेबाज ने अपनी क्षमताएं दिखायी हैं। रेड्डी की 114 रन की पारी की बदौलत भारत पहली पारी में 369 रन बनाने में सफल रहा। इस शतक की बदौलत युवा बल्लेबाज ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'कुछ लोगों का कहना था कि आईपीएल खेलने वाला कोई युवा खिलाड़ी इतनी बड़ी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकता। इस 21 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मैं बस उन्हें यह बताना चाहता हूं कि उन्होंने मेरे बारे में जो कुछ कहा है, वह गलत है और मैं यही कर रहा हूं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि मैं भारतीय टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देने के लिए यहां हूं। यह पूछे जाने पर कि वह पिछले एक महीने को कैसे देखते हैं जिसमें उनका जीवन बदल गया, उन्होंने तुरंत जवाब दिया 'मुझे लगता है कि आप लोगों के लिए यह एक या दो महीने ही हैं। लेकिन मेरे लिए यह पिछले दो से तीन साल हैं। मैं अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर कितनी मेहनत कर रहा हूं। इस क्रिकेटर ने 2024 आईपीएल की शुरुआत से पहले 'साइड-आर्म थ्रोडाउन विशेषज्ञों की सेवायें ली थीं और उनके खिलाफ लगभग 18 गज की दूरी से 145 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंद पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया था जिसका लाभ भी उन्हें मिला है।



## जायसवाल का कैच आउट विवाद: गावस्कर और शास्त्री ने अंपायर के फैसले को बताया गलत

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेट सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर के फैसले गलत बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।


भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था लेकिन गेंद उनके बल्ले के बेहद करीब से निकली और कीपर ने पीछे कैच किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपील की लेकिन मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस पर रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर बंगलादेश के शर्फुद्दौला ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था। लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के पास से डिफलेक्ट हो रही थी।

तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया। इसके बाद कॉमेंटी कर रहे गावस्कर ने कहा, 'यह फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को सबूत चाहिए और तीसरे अंपायर को उसी हिसाब से निर्णय देना होगा। अगर मैदानी अंपायर ने कोई निर्णय लिया है तो उसको बदलने के लिए पर्याप्त सबूत चाहिए होते हैं, जो इस मामले में नहीं था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। वीडियो में जो दिख रहा है, वह ऑप्टिकल इल्यूजन भी हो सकता है।'

वहीं शास्त्री ने कहा, 'बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट का निर्णय लेते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज है।'



## साल 2024 में आईपीएल फैंचाइजियों का राजस्व दोगुना हुआ



मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे अमीर लीग है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 10 फैंचाइजी का संयुक्त राजस्व वित्त वर्ष 24 में 3082 से दोगुना होकर 6797 करोड़ पहुंच गया है। इसका कारण इस मीडिया राइट्स को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में डिजनी स्टार और वायाकॉम 18 के साथ साल रिकॉर्ड 48 हजार 390 करोड़ का मीडिया राइट्स का करार किया था। मीडिया राइट्स के अलावा बीसीसीआई को टाटा ग्रुप, माई11सर्कल, सिएट और एंजेलवन सहित प्रमुख ब्रांडों के साथ बहु-वर्षीय प्रायोजन समझौतों से भी 4 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होती है। बीसीसीआई की बढ़ती कमाई का एक कारया ब्रांड वैल्यू का बढ़ना भी है। आईपीएल का ब्रांड मूल्य साल 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2009 में इसके 2 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से छ गुना अधिक है। विशेष रूप से 4 फेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सी.एस.के.), मुंबई इंडियंस (एम.आई.), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर.सी.बी.), और कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) की ब्रांड वैल्यू 100 मिलियन डॉलर से आगे निकल गयी है। टीम प्रायोजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जिससे वित्तीय स्थिरता बढ़ी। इसके अलावा, टिकटों की ऊंची कीमतों और स्टेडियम भरे होने से भी लाभ हुआ है। गुजरात टाइटास 776 करोड़ के साथ सबसे ऊपर है। वित्त वर्ष 23 में उनका राजस्व 359 करोड़ था। वहीं मुंबई इंडियंस 737 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स का राजस्व भी 322 करोड़ से दोगुना होकर 698 करोड़ हो गया है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स वित्त वर्ष 2013 में 292 करोड़ की तुलना में 676 करोड़ पर पहुंच गयी है।

## जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे कार्लसन

**स्पोर्ट्स डेस्क।** फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था।

दरअसल, पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। नीति में बदलाव की घोषणा करते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अर्कांडी वोरखोविच ने कहा ,'' मैंने पोशाक की उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लेने में फिडे अधिकारियों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए इस नजरिये का प्रयोग करने का फैसला किया है।'' उन्होंने कहा ,'' नियम सरल है कि आधिकारिक ड्रेस कोड का अभी भी पालन करना होगा लेकिन थोड़े से बदलाव (जैकेट के साथ जींस) की अनुमति दी गई है।



बयान में कहा गया ,'' फिडे को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मैग्नस कार्लसन फिडे विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।'' कार्लसन ने रविवार को टूर्नामेंट के दौरान फिडे उपाध्यक्ष और भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से मुलाकात की। बयान में कहा गया ,'' फिडे कार्लसन और विश्व शतरंज समुदाय के साथ मिलकर फिडे प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों और प्रशंसकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने की दिशा में काम करता रहेगा।''कार्लसन ने अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए कहा ,'' मैं न्यूयॉर्क में कम से कम एक दिन और खेल रहा हूं। अच्छा खेला तो अगले दिन भी। हमने कल इस बारे में बात की और फिडे अध्यक्ष से हमारे अच्छे संबंध हैं।'' आनंद ने कहा था कि फिडे के पास कार्लसन को अयोग्य करार देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था क्योंकि उन्होंने नियम को मानने से इनकार कर दिया था।

## जॉश इंग्लिस का बीबीएल में खेलना भी तय नहीं

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस का पिंडलियों में आए खिंचाव के कारण जहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। वहीं उनके घरेलू लीग (बीबीएल) में खेलने की संभावना भी नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह अगले महीने के अंत में होने वाले श्रीलंका टेस्ट दौरे तक फिट हो जाएंगे। श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम एक अभ्यास शिविर के लिए यूएई भी जाएगी। इंग्लिस को बॉर्डर गावस्कर सीरीज में विकेटकीपर के विकल्प के तौर पर शामिल किया गया था। मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन स्थानापंन्न खिलाड़ी के रूप में क्षेत्ररक्षण करते हुए उन्हें खिंचाव का अनुभव हुआ। इस कारण ही वह अंतिम टेस्ट से बाहर हुए हैं। । वही तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के साथ बने रहेंगे।



# इस सीरीज के बाद समाप्त हो सकता है रोहित का टेस्ट करियर

**–पांच पारियां में बनाये हैं केवल 31 रन**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट करियर खतरे में नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज में रोहित एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट में सभी उम्मीद कर रे थे कि वह दूसरी बारी में रन बनाकर टीम को हार से बचाएंगे पर ऐसा नहीं हुआ और वह 9 रनों पर ही आउट हो गये। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज उनकी अंतिम टेस्ट सीरीज भी हो सकती है। माना जा रहा है कि इस सीरीज के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित के भविष्य पर गंभीरता से विचार कर सकता है। मेलबर्न टेस्ट के अंतिम दिन उनके पास बड़ी पारी खेलकर अपनी जगह बचाने का अवसर था पर वह उसमें विफल रहे।

पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी दूसरी पारी में 234 रन पर आउट हुई। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए रोहित 40 गेंद खेलकर केवल 9 रन बना पाये। वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर मिचेल मार्श के हाथों कैच हुए।

इस सीरीज में जब भी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की गयी उन्होंने निराश किया। रोहित बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में भी 3 रन ही बना पाये थे। पिछली 9 पारियों में वह 20 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंचे हैं। पिछली 15 पारियों में वह केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। इस सीरीज में उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाये हैं। इस दौर पर 5 पारी में रोहित शर्मा केवल 31 रन ही बना पाए हैं।



## एक नजर

### बंगाल पुलिस से हाथापाई कर अपराधी छुड़वाने के मामले में 11 गिरफ्तार

**हिसार :** एचटीएम थाना पुलिस ने बंगाल पुलिस व हिसार पुलिस से हाथापाई करके चोरी के आरोपी को छुड़वाने के मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनका नागरिक अस्पताल में मेडिकल करवाया। इस मामले में पुलिस ने 14 नामजद समेत 7-8 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। 12 क्वार्टर चौकी के इंचार्ज विनोद ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात केस दर्ज किया गया था। इस संबंध में 11 लोगों को काबू किया गया और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पश्चिम बंगाल पुलिस में सब इंस्पेक्टर पर तैनात किशोर कुमार दास सहित पांच पुलिस कर्मी एक चोरी के मुकदमे में महावीर कॉलोनी के रहने वाले सतीश की तलाश में हिसार पहुंचे। बंगाल पुलिस ने एचटीएम थाना पुलिस के तहत आने वाली 12 क्वार्टर चौकी इंचार्ज एएसआई विनोद से संपर्क किया। वहां लोगों ने पुलिस के साथ हाथापाई करके आरोपी को छुड़वाकर भगा दिया, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार लिया है।

### मप्र : ईडी को सौरभ शर्मा के पास मिली 23 करोड़ की संपत्ति

**भोपाल :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल, रोहित तिवारी के ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की गई थी। इस दौरान चलाए गए सर्च ऑपरेशन में ईडी ने सौरभ के परिजन और दोस्तों के खातों में चार करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस पाया है। इसके अलावा 23 करोड़ की संपत्ति भी जांच के दायरे में ली है। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में की गई जांच में छह करोड़ रुपये की एफडी की जानकारी भी ईडी के हाथ लगी है। फर्मों और कम्पनियों के जरिए किए गए निवेश का खुलासा हुआ है। ईडी ने सोमवार को खुलासा किया है कि सौरभ शर्मा के ठिकानों पर पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत की गई जांच के दौरान बैंक खातों और संपत्तियों का ब्यौरा मिला है। इसके एनालिसिस से पता चला है कि सौरभ शर्मा ने परिवार के सदस्यों, दोस्तों, कम्पनियों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदी हैं और ये सभी उसके काम में सहयोगी रहे हैं। भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में 8 परिसरों में की गई तलाशी में छह करोड़ रुपये से अधिक की एफडी की जानकारी मिली है।


### जयराम रमेश ने रुपये के गिरते मूल्य को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के गिरते मूल्य को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 2014 में डॉलर के मुकाबले रुपये के अवमूल्यन के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया था, यहां तक कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर व्यक्तिगत हमले भी किए थे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में कहा कि 16 मई, 2014 को रुपया 58.58 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दस साल बाद भी रुपया 85.27 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्नतम स्तर को छू गया है। रुपये ने एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा होने का गौरव प्राप्त कर लिया है।

# सुरक्षा मोर्चे पर सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**इंदौर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा के मोर्चे पर भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है। हमारी सेना उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए हम शांत, बेफिक्र होकर नहीं बैठ सकते। हमारे दुश्मन, चाहे अंदर हों या बाहर, वे हमेशा एक्टिव रहते हैं। हर परिस्थितियों में हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए। उनके खिलाफ सही समय पर बेहतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। आज भारत के लगातार विकसित होते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। ऐसे में सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने



के लिए तैयार और सुसज्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को महू में आर्मी वॉर कॉलेज में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युद्ध के तरीकों में देखे जा रहे आमूलचूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूचना युद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित युद्ध, प्रॉक्सी युद्ध, इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे अपरंपरागत तरीके आज के समय में एक बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना को ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहना चाहिए। उन्होंने इन प्रयासों में महू के प्रशिक्षण केंद्रों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने बदलते समय के साथ अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार को प्रयासों के लिए केंद्र की सराहना की। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और वर्तमान चरण को संक्रमण काल बताया। उन्होंने कहा कि भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और तेजी से एक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। सैन्य दृष्टिकोण से, हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम दूसरे देशों को मेड-इन-इंडिया उपकरण भी निर्यात कर रहे हैं। हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, आज 21,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और एकजुटता को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

# तालिबान का ताजा फरमान, महिलाओं के बाहर झांकने पर भी पाबंदी, घरों में नहीं होंगी खिड़कियां

एजेंसी

**काबुल :** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं के खिलाफ ताजा फरमान जारी किया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर पाबंदी लगा दी है, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना है। इस फरमान के पीछे अश्लीलता रोकने का तर्क दिया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। महिलाओं को रसोई, आंगन या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है। अधिकारियों को आदेश



दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर भी नजर रखें। अगर किसी इमारत में ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं तो मकान मलिकों को इन खिड़कियों के सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा। महिलाओं के ताजा आदेश से पहले भी तालिबान सरकार कई ऐसे आदेश जारी कर चुकी है जिसमें देश में महिलाओं के लिए जीवन यापन काफी मुश्किलों भरा साबित हुआ है।15 अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से लड़कियों और महिलाओं की प्राथमिक सहित किसी भी प्रकार की शिक्षा और किसी भी प्रकार के खेल में उनके हिस्सा लेने पर पाबंदी लगा दी गई। इसके साथ ही महिलाओं के रोजगार को प्रतिबंधित कर दिया गया। इसी महीने तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग की ट्रेनिंग पर पाबंदी लगा दी। पार्कों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के घूमने-फिरने की आजादी नहीं है। तालिबान सरकार के इन आदेशों की संयुक्त राष्ट्र समेत कई पश्चिमी देश निंदा करते रहे हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भगवान महाकाल का किया पूजन

**उज्जैन :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल का पूजन-दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्व शांति की कामना के साथ देश की जनता की खुशहाली, तरक्की और उन्नति के लिए मंगल कामना की। रक्षा मंत्री सिंह और थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर इंदौर स्थित महू कैंट पहुंचे हैं। यहां उन्होंने भारतीय सेना के तीनों प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद रात्रि विश्राम भी महू में ही किया। अपने प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष उज्जैन पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष ने गर्भगृह में करीब 20 मिनट तक पूजा की।

# मप्र के थाने में युवक की आत्महत्या मामले ने पकड़ा तूल, राहुल गांधी बोले-दलित की हत्या हुई

एजेंसी

**देवास :** मध्य प्रदेश के देवास जिले में दो दिन पहले एक युवक के सतवास पुलिस थाने में आत्महत्या करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। रविवार को कांग्रेस ने दिनभर विरोध प्रदर्शन करने के बाद अब पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी भाजपा पर पर निशाना साथा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने कहा कि देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, जो दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय है। इस मामले में राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा, ₹एक तरफ मध्य प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनों घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। सरकार की शह के बिना ये संभव नहीं है। देश के बहुजनों के साथ ऐसी बर्बरता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम उनके साथ हैं, उनके संवैधानिक अधिकारों और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। मामले में मृतक युवक के भांजे शिवराम का कहना है कि शनिवार शाम की दो पुलिसकर्मी सरदार मोहल्ले से मामा मुकेश को पिटाई करते हुए ले गए। कुछ मिनट बाद दूसरे मामा गरीब लोंगरे के साथ पीछे-पीछे मैं भी थाने पहुंच गया। हमने सोचा कि रविवार को कुछ होगा नहीं। यहां बात की तो एएसआई सिद्धनाथ सिंह बैस साहब बोले कि धाराएं गंभीर लग रही हैं, तू छह हजार रुपये लेकर आ तो धाराएं कम कर देंगे। उस वक्त करीब 6 बजे थे। मामा मुकेश थाने में एक कमरे में सही-सलामत बैठे थे। हम दोनों रुपयों का इंतजाम करने चले गए। करीब 6:45 बजे थाने लौटे। यहां देखा कि पुलिसकर्मी मामा को चुपके से गाड़ी में डाल रहे थे। मैंने पहचान लिया। पूछा, तो कोई जवाब नहीं दिया। सिर्फ इतना कहा कि मुकेश ने फांसी लगाने की कोशिश की है। वे गाड़ी लेकर चले गए। हम भी पीछे-पीछे चल दिए। वे मामा को सिविल अस्पताल ले गए थे।

# पंजाब में सड़क व रेल मार्ग ठप किसानों की अपील पर बंद का असर

एजेंसी



**चंडीगढ़ :** पंजाब में किसान व अन्य संगठनों के आह्वान पर सोमवार सुब राज्य व्यापी बंद शुरू हो गया है। राज्य के कई जिलों में बंद का काफी असर देखने को मिल रहा है। किसान फसलों प एमएसपी की गारंटी कानून समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। किसान संगठनों द्वारा अमृतसर-दिल्ली और जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर धरना शुरू कर दिया गया है। चंडीगढ़-दिल्ली मार्ग पर पंजाब के डेराबस्सी तथा हरियाणा के अंबाला से ही वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया है। पंजाब रोडवेज कर्मचारी संघ ने भी किसानों का समर्थन करने का ऐलान करते हुए आज बसें बंद कर दी हैं। पटियाला, बठिंडा, संगरूर, जालंधर व लुधियाना आदि शहरों से सरकारी बसें बस अड्डों से बाहर नहीं निकली। जिस कारण दैनिक यात्री परेशान हो रहे हैं। पंजाब में कई स्थानों पर किसानों के रेलवे ट्रैक पर बैठने की भी खबर है। जिसके चलते राज्य में 52 ट्रेन रद्द की गई हैं, जबकि 22 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। लुधियाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्हें मजबूरन वापस लौटना पड़ा। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ समेत राज्य की सभी यूनिवर्सिटी ने आज होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

# तिब्बती पठार और चीन के आधा दर्जन शहरों को निशाना बनाने में सक्षम हुआ भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। यह हाइपरसोनिक मिसाइल 1500 किमी से अधिक की सीमा के साथ तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में भारत को सक्षम बनाएगी। भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है। यह मिसाइल वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ के मुताबिक यह अभी तक की सबसे लंबी दूरी की एकमात्र पारंपरिक हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसका परीक्षण 16 नवंबर की देर रात किया गया। यह लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने

> लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल सशस्त्र बलों के लिए गेम-चेंजर साबित होगी




की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी। यह 1500 किमी से अधिक की घोषित सीमा के साथ भारत को तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम बनाएगी। हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज में चीन के शहर चांगजी, उरुमकी, गोलमुंड, उक्सकताल, झांगये, गुइलिन में पश्चिमी थिएटर कमांड और दक्षिणी थिएटर कमांड के एयरबेस आएंगे। इस मिसाइल का लैंड अटैक वर्जन 1500 किमी से अधिक अंदर तक निशाना लगाने में मदद करेगा। डीआरडीओ ने 13 दिसंबर को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में एक माह में नये मतदाता पंजीकरण के 4.8 लाख फॉर्म जमा

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर एलिस वाज ने सोमवार को बताया कि महीने भर चले संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान चुनाव कार्यालय को नए मतदाता पंजीकरण के लिए करीब 4.8 लाख आवेदन फॉर्म मिले हैं। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 82,450 और मतदाताओं के विवरण में सुधार के लिए 1,71,385 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दिल्ली में मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय मतदाता सूचियों का विशेष सारांश संशोधन कर रहा है, जिसकी अर्हता तिथि एक जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सूचियां सभी पात्र मतदाताओं के लिए अपडेटेड और समावेशी रहें। आर एलिस वाज ने कहा कि पूर्व-संशोधन अवधि के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य अपंजीकृत पात्र नागरिकों, एक अक्टूबर, 2025 तक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले संभावित मतदाताओं, साथ ही स्थायी रूप से स्थानांतरित या मृत मतदाताओं और डुप्लिकेट प्रविष्टियों की पहचान करना था। इसके बाद 29 अक्टूबर को मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशन पूरा हुआ, जिसमें जनता से दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आमंत्रित किया गया। इन्हें 28 नवंबर तक स्वीकार किया गया और सभी का 24 दिसंबर तक समाधान कर दिया गया। इन सभी अपडेट्स को दशार्ते हुए अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी, 2025 को प्रकाशित होने वाली है। उन्होंने कहा कि नाम जोड़ना, हटाना और संशोधन को अपडेट करना एक सतत गतिविधि है और वर्तमान में भी यही चल रही है। 29 नवंबर से लेकर आज तक नए पंजीकरण के लिए 4,85,624 आवेदन (फॉर्म 6), हटाने के लिए 82,450 आवेदन (फॉर्म 7) और संशोधन के लिए 1,71,385 आवेदन (फॉर्म 8) प्राप्त हुए हैं। जिन नागरिकों ने अभी तक मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया है, वे अभी भी फॉर्म 6 का उपयोग करके नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए सहायक दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होती है। मतदाता सूची में संशोधन या हटाने के लिए फॉर्म 8 और फॉर्म 7 दाखिल किया जा सकता है।


### एनआईटी त्रिची ग्लोबल एलुमनाई मीट का आयोजन 4 जनवरी को

**नई दिल्ली :** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली (एनआईटी त्रिची) के निदेशक डॉ. जी. अघिला ने सोमवार को बताया कि ग्लोबल एलुमनी मीट (जीएएम)-2025 का आयोजन 4 जनवरी को चेन्नई में किया जाएगा। डॉ. अघिला ने एक बयान में बताया कि जीएएम-2025 में टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन मुख्य अतिथि और तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्यागराजन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गूगल में एआई के लिए मुख्य व्यवसाय रणनीतिकार गोपी कल्लयिल कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे। चंद्रयान 3 के परियोजना निदेशक डॉ. पी वीरमुथुवेल, टाटा स्टील्स के प्रबंध निदेशक, सीईओ टीवी नरेंद्रन सम्मानित अतिथि होंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के आधिकारिक पूर्व छात्रसंघ आरईसीएएल द्वारा किया जा रहा है। यह सभा दुनिया भर से एनआईटी त्रिची के पूर्व छात्रों को आरईसी/एनआईटी त्रिची की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने के लिए एकजुट करेगी। जीएएम का पिछला संस्करण 2020 में आयोजित किया गया था। 930 सीईओ और 1,300 संस्थापकों सहित 48,000 से अधिक पूर्व छात्रों के गतिशील नेटवर्क का दावा करते हुए एनआईटी त्रिची प्रतिभा और नवाचार का एक पावर हाउस है। एनआईटी त्रिची जीएएम 2025 में 20 एकड़ के रिसर्च और इनोवेशन हब के लिए अपने विजन का अनावरण करेगा, जो उद्यमिता और अंत:विषय अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा एग्रीटेक, फिनटेक, स्पेसटेक, ग्रीनटेक, क्वांटम कंप्यूटिंग और एआई/एमएल जैसे उभरते डोमेन पर ध्यान केंद्रित करेगी। हब में 150 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश शामिल होगा। इसका उद्देश्य टियर-2 शहरों में नवाचार को बढ़ावा देना है। एनआईटी त्रिची के निदेशक डॉ. अघिला ने कहा कि रिसर्च एंड इनोवेशन हब पूर्व छात्र-छात्र मेंटरशिप, उद्योग-नेतृत्व वाली परियोजनाओं और एक संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक औपचारिक मंच प्रदान करेगा। यह शोध को बढ़ाने और उद्यमशीलता प्रतिभा को पोषित करने की दिशा में एक कदम है। आरईसीएएल के अध्यक्ष के. महालिंगम ने कहा कि हमारा विशाल और सफल पूर्व छात्र नेटवर्क मेंटरशिप, फंडिंग और इनोवेशन का भंडार है। जीएएम 2025 हमारे अल्मा मेटर का समर्थन करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### क्रिकेट मैच के दौरान पिच पर खड़े बल्लेबाज को आया हार्ट अटैक, चंद सेकेंड में मौत

**नेशनल डेस्क :** महाराष्ट्र के जालना में क्रिकेट खेलते हुए एक खिलाड़ी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब 'क्रिसमस ट्रॉफी क्रिकेट मैच' के दौरान विजय पटेल नामक खिलाड़ी खेल रहे थे। मैच के दौरान अचानक विजय पटेल पिच पर बैठ गए और उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। जब तक किसी को कुछ समझ आता, उनकी मौत हो चुकी थी। विजय पटेल मुंबई के नालासोपारा के रहने वाले थे। मैच के दौरान वह पूरी तरह से फिट और उत्साहित नजर आ रहे थे, लेकिन अचानक उन्हें सीने में दर्द हुआ और वह गिर पड़े। उनके साथी खिलाड़ियों ने तुरंत मेडिकल सहायता को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। विजय पटेल की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है, ऐसा अनुमान जताया जा रहा है। पुलिस और मेडिकल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना ने जालना के लोगों और क्रिकेट प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया है। आयोजन समिति ने मैच को तुरंत रद्द कर दिया और विजय पटेल के परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि शारीरिक गतिविधियों के दौरान दिल का दौरा पड़ने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, जो नियमित स्वास्थ्य जांच न कराए जाने के कारण हो सकता है।

### सीएम योगी नैनी में बायो सीएनजी प्लांट का करेंगे अनावरण



**महाकुम्भ नगर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक बार फिर महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज आएंगे। यह इस माह उनका पांचवां दौरा होगा। इस दौरान सीएम योगी नैनी में निर्मित बायो सीएनजी प्लांट का भी अनावरण करेंगे। इसके साथ ही संगम ऐरावत घाट, संगम नोज घाट के साथ ही गंगा सेतु के समानांतर बने स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण करेंगे। सीएम योगी लगभग 4 घंटे प्रयागराज में रहेंगे और इस दौरान वह स्थलीय निरीक्षण के साथ ही आईसीसीसी सभागार में समीक्षा बैठक भी करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7, 12, 13 और 23 दिसम्बर को भी प्रयागराज का दौरा कर चुके हैं। सीएम योगी करीब 11.55 पर डीपीएस प्रयागराज हैलीपैड पहुंचेंगे और यहां से सीधा नैनी बायो सीएनजी प्लांट जाएंगे और इस महत्वाकांक्षी परियोजना का अनावरण करेंगे। तत्पश्चात सीएम संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सीएम प्रयागराज मेला प्राधिकरण में बने आईसीसीसी सभागार में 1.20 से 2.20 बजे तक महाकुम्भ के प्रगति कार्यों की समीक्षा करेंगे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**